जागरूक टाइम्स
YOUTUBE चैनल को सब्सक्राइब करने के लिए स्कैन करें


# जागरूक टाइम्स

jagruktimes.co.in

जयपुर, बुधवार, 9 अप्रैल, 2025 ▶▶ वर्ष 16 ▶▶ अंक 338 ▶▶ पृष्ठ 12 ▶▶ मूल्य 1.50 रु.




पुष्पा से बड़ी फिल्म ला रहे अल्लू-अर्जुन

पेज: 10

# 2008 जयपुर सीरियल ब्लास्ट मामले में दोषियों की सजा का ऐलान

## 17 साल बाद इंसाफ

# 4 दोषियों को उम्र कैद



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** जयपुर में साल 2008 में हुए सीरियल ब्लास्ट मामले में जयपुर के स्पेशल कोर्ट ने चारों आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इससे पहले शुक्रवार 4 अप्रैल को चारों आरोपियों को दोषी करार दिया गया था। अदालत ने शाहबाज, सरवर आजमी, मोहम्मद कैफ समेत 4 लोगों को दोषी करार दिया था, जिन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई।

**71 लोगों की गई थी जान**

### कोर्ट ने सजा का ऐलान किया

इस मामले में सजा की 8 अप्रैल सुनाई जानी थी। जयपुर के स्पेशल कोर्ट ने मंगलवार को चारों दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। गौरतलब है कि 13 मई 2008 को जयपुर में एक सीरियल ब्लास्ट की घटना हुई थी। इस दिन पिंक सिटी में एक के बाद आठ बम ब्लास्ट हुए थे। इस घटना में 71 लोगों की मौत हुई थी। घटना में 180 लोग घायल हुए थे।

### कहां-कहां हुए थे धमाके

जयपुर में सीरियल ब्लास्ट माणक चौक खंदा, चांदपोल गेट, बड़ी चौपड़, छोटी चौपड़, त्रिपोलिया गेट, जौहरी बाजार और सांगानेरी गेट पर हुए थे।

### रैकी करने के बाद बम प्लांट किए थे

सरवर आजमी, सैफुर्रहमान और मोहम्मद सैफ ने एक नाबालिग के साथ मिलकर रैकी की थी, बम प्लांट किए थे। शाहबाज ने धमाकों के बाद साइबर कैफे से मेल करके इंडियन मुजाहिदीन के नाम से धमाकों की जिम्मेदारी ली थी।



फाइल फोटो

### आतंकियों के वकील ने शायरी की तो जज ने भी शायरी में जवाब दिया...

**बहस के दौरान आतंकी शाहबाज के वकील मुजाहिद अहमद ने शायरी से अपनी बात शुरू करते हुए कहा...**

*'तुम्हारा शहर, तुम ही कातिल तुम ही मुद्दई, तुम ही मुंशिफ हमें यकीन है, गलती हमारी ही निकलेगी'*

**वही जज रमेश कुमार जोशी ने सजा सुनाते हुए शायरी में कहा,**

*'कुदरत के फैसले पर कभी शक मत करना अगर सजा मिल रही है तो गुनाह भी हुआ होगा सबसे बड़ा न्यायालय हमारा मन होता है क्या सही है और क्या गलत उसे सब पता होता है राह गलत नहीं होती है गलत तो चुनाव होता है'*

### शुक्रवार को दोषी करार दिया था

चारों आतंकियों को अनलॉफुल एक्टिविटी प्रिवेंशन एक्ट (यूएपीए) की दो, विस्फोटक पदार्थ कानून की 3 धाराओं में दोषी ठहराया गया है। इन धाराओं में अधिकतम उम्रकैद होती है। 4 अप्रैल को चारों आतंकियों को स्पेशल कोर्ट ने दोषी करार दिया था। दोषियों में शाहबाज को छोड़कर अन्य को सीरियल ब्लास्ट के मामले में फांसी की सजा सुनाई गई थी, लेकिन हाईकोर्ट ने इन्हें बरी कर दिया था। हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में अपील की है।

### 112 गवाहों के बयान हुए थे

एटीएस ने जिंदा बम मामले में इन सभी आरोपियों को 25 दिसंबर 2019 को जेल से गिरफ्तार कर लिया था। एटीएस ने जिंदा बम मामले में सप्लीमेंट्री चार्जशीट पेश की थी। इसमें एटीएस ने तीन नए गवाह शामिल किए थे। सुनवाई के दौरान एटीएस ने पत्रकार प्रशांत टंडन, पूर्व एडीजी अरविंद कुमार और साइकिल कसने वाले दिनेश महावर सहित कुल 112 गवाहों के बयान दर्ज करवाए थे।

## वक्फ संशोधन अधिनियम पूरे देश में लागू

**नई दिल्ली।** वक्फ संशोधन अधिनियम पूरे देश में 8 अप्रैल से लागू हो गया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से इसकी अधिसूचना जारी कर दी गई है। इस अधिनियम को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई से पहले केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में कैविएट दाखिल किया है। इसमें कोर्ट से अनुरोध किया गया है कि कोई भी आदेश पारित करने से पहले केन्द्र सरकार को भी सुना जाए। भारत सरकार के कानूनी दस्तावेजों में से एक, भारत का राजपत्र है। इसमें सरकार के सभी आदेश और सूचनाएं प्रकाशित होती हैं।

### वक्फ कानून को लेकर केन्द्र की अधिसूचना

केन्द्र सरकार की ओर से जारी अधिसूचना में कहा गया है, 'केन्द्र सरकार, वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 (2025 का 14) की उप-धारा (2) की धारा 1 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, 8 अप्रैल, 2025 को वह तारीख नियुक्त करती है जिस दिन उक्त अधिनियम के प्रावधान लागू होंगे।'

## न्यूज ब्रीफ

### 2 घंटे में 108 बार सूर्य नमस्कार कर बनाया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड

**अल्लुरी।** विश्व स्वास्थ्य दिवस पर भारत के नाम एक बड़ी उपलब्धि दर्ज हुई है। विश्व स्वास्थ्य दिवस पर आंध्र प्रदेश के अल्लूरी सीताराम राजू जिले के अराकू वैली डिग्री कॉलेज में 'योग-महा सूर्य वंदनम' कार्यक्रम के तहत लगभग 20,000 आदिवासी छात्रों ने 108 बार सूर्य नमस्कार किए। 13,000 से अधिक लड़कियों सहित 20,000 प्रतिभागियों ने लगभग दो घंटे तक 108 बार सूर्य नमस्कार किए, जिससे गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बना।



## जयपुर-मुंबई फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी

### बाथरूम में मिला बम होने का लेटर, जांच में जुटी मुंबई पुलिस

**जयपुर।** जयपुर से मुम्बई गई इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट एसई- 528 2 में बम होने का लेटर मिलने के बाद मुम्बई एयरपोर्ट पर हड़कंप मच गया। इसके बाद एयरपोर्ट अथॉरिटी ने एंटी बम स्क्वॉड और पुलिस प्रशासन को इसकी जानकारी दी। इसके बाद पूरी फ्लाइट की सघन चेकिंग की गई। इसमें किसी भी तरह की संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। इसके बाद सभी लोगों ने राहत की सास ली। दरअसल, जयपुर से मुंबई जा रही इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट एसई-5282 में एक धमकी भरा नोट मिलने से सोमवार रात मुंबई एयरपोर्ट पर अफरातफरी मच गई। इसके बाद एहतियात के तौर पर रात 8 बजकर 43 मिनट पर मुम्बई एयरपोर्ट पर फुल इमरजेंसी घोषित कर दी गई। फ्लाइट को सुरक्षित लैंड कराया गया। ▶▶ शेष पृष्ठ 5 पर



## मोदी मंत्रिमंडल की आज बैठक

# गांवों के विकास पर लिए जा सकते हैं बड़े फैसले



फाइल फोटो

## राजस्थान, बिहार समेत 15 राज्यों पर फोकस होगा

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक को लेकर एक जानकारी सामने आई है। अधिकारियों के अनुसार, 9 अप्रैल को केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक होने की संभावना है। इस बीच, 5 अप्रैल को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के दूसरे चरण को मंजूरी दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा इस इस बैठक में गांव के विकास को लेकर चर्चा होगी। ये बैठक सीमावर्ती गांवों के लिए बेहतर जीवन स्तर सुनिश्चित करेगी। एक्स पर बात करते हुए, पीएम मोदी ने बैठक के बारे में चर्चा करते हुए बताया कि सरकार दूसरे चरण में इस कार्यक्रम के तहत शामिल गांवों के दायरे का विस्तार कर रही है।

### यह बोले पीएम मोदी..

पीएम नरेन्द्र मोदी ने एक्स पर लिखा, 'वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम-सेकण्ड पर कैबिनेट का फैसला हमारे सीमावर्ती गांवों के लिए बेहतर जीवन स्तर सुनिश्चित करने के लिए असाधारण खबर है। इस मंजूरी के साथ, हम वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम की तुलना में कवर किए गए गांवों के दायरे का भी विस्तार कर रहे हैं।' केंद्रीय मंत्रिमंडल ने शुक्रवार को वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम-सेकण्ड को मंजूरी दे दी, जो सुरक्षित, संरक्षित और जीवंत भूमि सीमाओं के नजरिए के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाता है। यह कार्यक्रम वीवीआईपी वन के तहत पहले से ही कवर की गई उत्तरी सीमा के अलावा, अंतर्राष्ट्रीय भूमि सीमाओं से सटे ब्लॉकों में स्थित गांवों के व्यापक विकास में मदद करेगा।

### इन राज्यों में चलेगा ये कार्यक्रम

6,839 करोड़ रुपये के कुल परिव्यय के साथ, यह कार्यक्रम अरुणाचल प्रदेश, असम, बिहार, गुजरात, जम्मू-कश्मीर (यूटी), लद्दाख (यूटी), मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, पंजाब, राजस्थान, सिक्किम, त्रिपुरा, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल के राज्यों/ केंद्र शासित प्रदेशों के चुनिंदा रणनीतिक गांवों में 2028 -29 तक लागू किया जाएगा।

### यह है कार्यक्रम का उद्देश्य

उद्देश्य समृद्ध और सुरक्षित सीमाओं को सुनिश्चित करने, सीमा पार अपराध को नियंत्रित करने और सीमावर्ती आबादी को राष्ट्र के साथ आत्मसात करने और उन्हें 'सीमा सुरक्षा बलों की आंख और कान' के रूप में विकसित करने के लिए बेहतर जीवन स्थितियां और पर्याप्त आजीविका के अवसर पैदा करना है, जो आंतरिक सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है।

### पैसे उपलब्ध कराएगा ये कार्यक्रम

कार्यक्रम गांव या गांवों के ग्रुप के भीतर बुनियादी ढांचे के विकास, मूल्य विकास (सहकारी समितियों, एसएचजी आदि के माध्यम से), सीमा-विशिष्ट आउटरीच गतिविधि, स्मार्ट कक्षाओं जैसे शिक्षा बुनियादी ढांचे, पर्यटन सर्किट के विकास और सीमावर्ती क्षेत्रों में विविध अवसर पैदा करने के लिए कार्य/परियोजनाओं के लिए धन उपलब्ध कराएगा।

# जयपुर में कांग्रेस-जिला उपाध्यक्ष ने कार से 9 को कुचला, 3 की मौत

### शराब के नशे में 7 किमी तक दौड़ाता रहा

### पीड़ित परिवारों को 50 लाख मुआवजा

### पार्टी ने उपाध्यक्ष पद से हटाया





**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** जयपुर में सोमवार रात को शराब के नशे में कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष उस्मान खान ने एसयूवी दौड़ाते हुए 9 लोगों को कुचल दिया। घटना में भाई-बहन सहित 3 लोगों की मौत हो गई। जबकि 6 लोग अब भी गंभीर घायल हैं। सरकार ने पीड़ित परिवारों को 50 लाख रुपए और संविदा पर नौकरी देने का ऐलान किया। सांसद मंजू शर्मा ने पीड़ित परिवार से बातचीत की है। वहीं, मंगलवार को कांग्रेस पार्टी ने उस्मान खान को जिला उपाध्यक्ष के पद से हटा दिया है। पुलिस के अनुसार, सबसे पहले शहर की एमआई रोड पर कार के वाहनों को टक्कर मारने की जानकारी मिली थी। कार शहर की तंग गलियों में घुस गई।

### एक घंटे तक सड़कों पर मौत बनकर दौड़ी कार

एडिशनल डीसीपी (नॉर्थ) बजरंग सिंह शेखावत ने बताया कि आरोपी ड्राइवर उस्मान खान (62) ने सबसे ज्यादा टक्कर करीब 500 मीटर के एरिया में मारी है। नाहरगढ़ थाना क्षेत्र में संतोष माता मंदिर के पास आरोपी ड्राइवर ने पहले स्कूटी-बाइक को टक्कर मारी, फिर सड़क पर गिरे लोगों को कुचलते हुए भाग गया। उस्मान खान ने थाने के बाहर खड़ी गाड़ियों को भी टक्कर मारी है। आरोपी ने सोमवार रात 9.30 बजे सबसे पहले एमआई रोड पर एक गाड़ी को टक्कर मारी थी। शहर की गलियों से वाहनों को टक्कर मारते हुए वो नाहरगढ़ रोड पहुंचा था। ▶▶ शेष पृष्ठ 5 पर



## सीएम भजनलाल शर्मा ने किया हनुमानगढ़-श्रीगंगानगर दौरा

## सीएम शर्मा ने इंदिरा गांधी फीडर का निरीक्षण किया

# नहर प्रणाली को बेहतर बनाने के लिए संकल्पित

### पंजाब, हरियाणा और हनुमानगढ़ के विभिन्न हेड का किया निरीक्षण

### अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश





**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रदेश की प्रगति में किसानों की भूमिका महत्वपूर्ण है। किसान मजबूत होगा तो प्रदेश मजबूत होगा। हमारी सरकार किसानों के सशक्तीकरण तथा पर्याप्त पानी उपलब्ध कराने के लिए नहर प्रणाली को बेहतर बनाने के संकल्प के साथ कार्य कर रही है।

शर्मा ने मंगलवार को अपनी दो दिवसीय यात्रा के पहले दिन हनुमानगढ़ में किसानों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने ईआरसीपी, यमुना जल समझौता, माही बेसिन का प्रबंधन, इंदिरा गांधी नहर परियोजना के सुदृढ़ीकरण सहित विभिन्न निर्णय लिए हैं, जिससे किसानों को सिंचाई के लिए तथा आमजन को पर्याप्त पेयजल मिल सके। उन्होंने कहा कि आईजीएनपी के सुदृढ़ीकरण के लिए 3 हजार 400 करोड़ रूपये के कार्य करवाए जाएंगे। साथ ही, भाखड़ा और गंग नहरों से जुड़ी खालों संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए भी आवश्यक कार्य किए जाएंगे।

### राज्य सरकार के निर्णयों से किसान हुए सशक्त

उन्होंने कहा कि श्रीगंगानगर एवं हनुमानगढ़ गेहूं के सर्वाधिक उत्पादन वाले जिले हैं। ऐसे में गेहूं की एमएसपी में वृद्धि से स्थानीय किसानों को लाभ होगा। साथ ही, किसान सम्मान निधि में बढ़ोतरी से किसानों को आर्थिक संबल मिला है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार किसानों को पर्याप्त मात्रा में बिजली, पानी उपलब्ध कराएगी, जिससे वे अपनी जमीन पर पूरी उपज ले सकेंगे। हमारी सरकार संकल्प पत्र में किए गए वादों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। इससे पहले मुख्यमंत्री ने अपनी दो दिवसीय यात्रा के दौरान पहले दिन पंजाब, हरियाणा तथा हनुमानगढ़ में विभिन्न हेड, नहरी तंत्र तथा बैराज का अवलोकन किया।

इस दौरान उन्होंने इन्दिरा गांधी फीडर प्रणाली की विस्तार से जानकारी ली तथा सिंचाई पानी की समस्याओं को दूर करने के लिए अधिकारियों को उचित दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री सबसे पहले पंजाब के तरनतारन जिले में स्थित हरिके बैराज पहुंचे। उन्होंने वहां हरिके हेड पर नहरी तंत्र की प्रक्रिया कानिरीक्षण किया तथा अधिकारियों से नहरी तंत्र के सुदृढ़ीकरण के लिए चर्चा की। इसके बाद शर्मा ने मल्लेवाला हेड, बल्लेवाला हेड, बीकानेर केनाल, फिरोजपुर फीडर एवं इंदिरा गांधी फीडर का हवाई निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नहर तंत्र तथा सिंचाई परियोजनाओं की वर्तमान स्थितिका जायजा लिया।

### इंदिरा गांधी नहर के रिलाईनिंग कार्यों का किया निरीक्षण

शर्मा हवाई निरीक्षण के बाद हरियाणा के सिरसा स्थित लोहगढ़ हेड पहुंचे। उन्होंने भाखड़ा सिंचाई परियोजना के लिए इंदिरा गांधी फीडर और सरहिन्द फीडर के मध्य बने लिंक का निरीक्षण किया। ▶▶ शेष पृष्ठ 5 पर

# जिले में अवैध खनन की रोकथाम के लिए संयुक्त प्रयास कर अधिकारी करें तत्परता से कार्रवाई : जिला कलेक्टर



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** जिले में अवैध खनन रोकने के लिए अब खनन विभाग के साथ पुलिस, परिवहन, राजस्व और वन विभाग के अधिकारी संयुक्त टीम बनाकर सख्त कार्रवाई करेंगे। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने जिले में अवैध खनन पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए सभी अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि अवैध खनन निर्गमन पर चौकस निगरानी रखकर निरोधात्मक कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिले में अवैध खनन किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। महत्वपूर्ण निर्गमन स्थानों पर चेक पॉइंट्स स्थापित करें। उन्होंने खान विभाग को गैर–वन क्षेत्र में कार्रवाई करने, वन विभाग को वन क्षेत्र में निगरानी बढ़ाने और खातेदारी भूमि के अवैध खनन गतिविधियों में उपयोग पाए जाने पर राजस्व विभाग को कड़ी कार्यवाही हेतु निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित हो कि सिवायचक, चारागाह एवं वन भूमि से किसी भी स्थिति में अवैध खनन न हो। जिला कलक्टर ने सभी उपखण्ड अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे सभी इस समन्वित प्रयास को गंभीरता से लेकर पर्यावरण संरक्षण के प्रति संवेदनशील रहें। बैठक में जिला पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरड़ा ने पुलिस अधिकारियों को नियमित पेट्रोलिंग करने और अन्य विभागों के साथ समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए। बैठक में अवैध खनन को रोकने के लिए ठोस रणनीति तैयार करने और संबंधित विभागों को समन्वित रूप से कार्य करने पर जोर दिया गया। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना, जिला परिवहन अधिकारी गौरव यादव, खनन अभियंता, सभी उपखण्ड अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## गिग श्रमिकों को आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का लाभ देने के लिए चलाया जाएगा विशेष अभियान

**धौलपुर।** गिग श्रमिकों को आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का लाभ देने के लिए उनका ई–श्रम पोर्टल पर पंजीकरण करने के लिए कार्यालय जिला श्रम कल्याण अधिकारी द्वारा 7 अप्रैल से 17 अप्रैल तक विशेष अभियान चलाया जायेगा। जिला श्रम कल्याण अधिकारी हसीना बानो ने बताया कि 9 अप्रैल को प्रात: 9 बजे से सायं 5 बजे तक अमेजन डिलीवरी सर्विस मिडवे होटल के पास कैम्प प्रभारी विमल प्रताप सिंह श्रम निरीक्षक, 11 अप्रैल को प्रात: 9 बजे से सायं 5 बजे तक शेडो फेक्स टेक्नोलोजी प्रा.लि. बलिराम विहार कॉलोनी राजाखेड़ा बाईपास कैम्प प्रभारी विमल प्रताप सिंह श्रम निरीक्षक, 12 अप्रैल को प्रात: 9 बजे से सायं 5 बजे तक देहलीवरी लॉजिस्टिक ओंड़ेला रोड़ कैम्प प्रभारी विमल प्रताप सिंह श्रम निरीक्षक, 15 अप्रैल को प्रात: 9 बजे से सायं 5 बजे तक लकी रेस्टोरेंट एंड होटल एबी रोड़ कैम्प प्रभारी संजीव गुप्ता सूचना सहायक, 16 अप्रैल को प्रात: 9 बजे से सायं 5 बजे तक फ्लिप कार्ट लॉजिस्टिक एसपी निवास के पास कैम्प प्रभारी विमल प्रताप सिंह श्रम निरीक्षक तथा 17 अप्रैल को प्रात: 9 बजे से सायं 5 बजे तक आर्शीवाद होटल मित्तल कॉलोनी कैम्प प्रभारी विमल प्रताप सिंह श्रम निरीक्षक होंगे।

# सातवें राष्ट्रीय पोषण पखवाड़े के अन्तर्गत विशेष सुपोषण दिवस की हुई शुरूआत



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी के निर्देशन में सातवें राष्ट्रीय पोषण पखवाड़े की नरपुरा में विशेष सुपोषण दिवस आयोजित कर विधिवत शुरुआत की । इस अवसर पर विभाग के उपनिदेशक धीरेंद्र सिंह ने बताया कि अप्रेल 2025 में 8 अप्रेल से 22 अप्रेल तक पोषण पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें जिला प्रशासन के समन्वय से विभिन्न विभागों का सहयोग लेते हुए जिला, ब्लॉक और आंगनबाड़ी केंद्र स्तर तक गतिविधि आयोजित की जाएंगी। इस पखवाड़े में 8 अप्रेल को विशेष सुपोषण दिवस, 9 को गृह भ्रमण, 10 को माता और बच्चों की वजन निगरानी, स्वस्थ शिशु स्पर्धा, 11 और 12 अप्रेल को कुपोषण प्रबंधन अभियान, 14 व 15 को सुपोषित पंचायतों में आहार विविधता पर कार्यक्रम,16 को केंद्रों व विद्यालय में पोषण जागरूकता सत्र, 17 को पोषण वेबिनार, 18 को पोषण ट्रेकर पर पंजीयन मॉड्यूल का प्रचार प्रसार, 19 को मीडिया जागरूकता, 21 को पोषण संवाद व 22 को समापन समारोह का आयोजन कर जन आंदोलन के रूप में मनाया जाएगा। कार्यक्रम में उपस्थित सीडीपीओ भूपेश गर्ग ने बताया कि पोषण पखवाड़ा सरकार का महत्वपूर्ण आयोजन है। इस आयोजन की वास्तविक सफलता समुदाय की जागरूकता में है। सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर आयोजित दिवसवार गतिविधियों में भागीदारी निभाएं। इस अवसर पर वार्ड पंच रामविलास कुशवाह, महिला पर्यवेक्षक ममता जैन, इंदु सक्सेना, अंकुर शर्मा, सविता कुशवाहा व नरपुरा क्षेत्र की माताएं उपस्थित रहीं।

## न्यूज ब्रीफ

### महिला मार्च को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभात फेरी कर नेचर पार्क से विभागीय परिसर तक महिला मार्च किया गया। इस अवसर पर जिला प्रमुख वंदना आर्य व मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्वेता कोचर ने हरी झंडी दिखाकर मार्च को रवाना किया गया। इस कार्यक्रम की थीम जीवन के प्रथम 1000 दिवसों पर ध्यान केन्द्रित करना के साथ महिला मार्च नेचर पार्क से कार्यालय परिसर तक निकाला गया। कार्यालय परिसर में सभी को पोषण पखवाडा के संदेश को जनमानस तक पहुंचाने के लिए शपथ दिलवाई गई। इस दौरान उपनिदेशक महिला एवं बाल विकास विभाग डॉ. नरेन्द्र शेखावत, बाल विकास परियोजना अधिकारी शिवराज सिंह समस्त अधीनस्थ कर्मचारी, महिला पर्यवेक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, आशा सहयोगिनी व राजीविका की महिला कार्मिक आदि मौजूद रहे।

### श्रीमद भागवत कथा में कथावाचक राजा दक्ष की कथा का वर्णन प्रस्तुत किया



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** राम मन्दिर परिसर में चल रही श्रीमद भागवत कथा में कथावाचक बाल संत भोले बाबा ने राजा दक्ष की कथा का वर्णन प्रस्तुत किया। कथावाचक बाल संत भोले बाबा ने बताया कि हमें बिना आमतंत्र पर नहीं जाना चाहिए। जिसमें चाहे महिला का पीहर ही क्यों ना हो। जैसे माता राजा दक्ष के बिना आमतंत्र के यज्ञ में गई और अपने पति के अपमान के कारण कैसे माता ने अपना देह त्याग दिया। इस अवसर पर कथा के आयोजक रामेशचन्द्र इंदौरिया ने बताया कि कथा में सैंकडों की संख्या में श्रद्धालु कथा का श्रावण कर रहे है। कथा में महिला व पुरूष मौजूद रहे।

### आंगनबाड़ी के रिक्त पदों पर आवेदन की अंतिम तिथि 15 अप्रेल

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग के उपनिदेशक धीरेंद्र सिंह ने बताया कि जिले में महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रों के रिक्त कार्यकर्ता एवं सहायिका पद पर पूर्व में आवेदन की अंतिम दिनांक 10 अप्रैल रखी गई थी लेकिन 10 अप्रैल को राजकीय अवकाश होने के कारण आवेदन की अंतिम दिनांक 15 अप्रैल की गई है। संबंधित सीडीपीओ कार्यालय में आवेदन 15 अप्रैल शाम 5 बजे तक लिए जाएंगे।

### प्रहरी सीधी भर्ती परीक्षा 2024 के लिए नियंत्रण कक्ष गठित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड जयपुर द्वारा प्रहरी सीधी भर्ती परीक्षा 2024 का आयोजन 12 अप्रैल (शनिवार) को दो पारियों में प्रात: 10 बजे से मध्यान्ह 12 बजे तक एवं अपरान्ह 03 बजे से साय 05 बजे तक किया जाएगा। अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना ने बताया कि राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड जयपुर द्वारा आयोजित की जाने वाली प्रहरी भर्ती परीक्षा 2024 के सुचारू, निष्पक्ष, निर्विघ्न व सफल संचालन, पर्यवेक्षण व निगरानी, नकल तथा अनुचित साधनों के प्रयोग की रोकथाम तथा राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा भर्ती में अनुचित साधनो की रोकथाम के अध्युपाय अधिनियम 2022 एवं आयोग द्वारा जारी अन्य परीक्षा संबंधी नियमों अधिनियमों का परीक्षा के दौरान प्रभावी कियान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए जिला मुख्यालय पर विविध जानकारी के लिए नियन्त्रण कक्ष की स्थापना की गई है। उन्होंने बताया कि नियन्त्रण कक्ष परीक्षा कार्यक्रमानुसार रहेगा। नियंत्रण कक्ष परीक्षा समय से 2 घण्टे पूर्व आवश्यक रूप से शुरू होगा जो उस तिथि को परीक्षा सम्पन्न होने तक अनवरत रूप से कार्यरत रहेगा। उन्होंने बताया कि नियन्त्रण कक्ष 10 अप्रैल को प्रात: 9.30 बजे से सायं 6 बजे तक तथा परीक्षा तिथि 12 अप्रैल को परीक्षा प्रारंभ होने के नियत समय से 2 घंटा पूर्व से परीक्षा समाप्त होने के पश्चात् तक कार्यरत रहेगा। उन्होंने बताया कि परीक्षा हेतु जिला कलेक्ट्रेट धौलपुर के कमरा नम्बर 51 में नियन्त्रण कक्ष की स्थापना की गई है जिसका दूरभाष नम्बर 05642–220033 तथा ई–मेल आईडी– dm-dho-rj@nic.in है। नियंत्रण कक्ष के प्रभारी अधिकारी मांगीलाल आर्य सहायक लेखाधिकारी मोबाईल नम्बर 9414413473 होगे। परीक्षा के लिए गठित नियंत्रण कक्ष में रामकुमार शर्मा वरिष्ठ अध्यापक राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बीलौनी मोबाईल नम्बर 8890921093, राजेन्द्र बाथम सहायक प्रशासनिक अधिकारी कलक्ट्रेट मोबाईल नम्बर 9460293342 तथा मनीष तिवारी वरिष्ठ सहायक सामान्य अनुभाग कलक्ट्रेट मोबाईल नम्बर 9509616768 कार्य करेगें। उन्होंने बताया कि नियंत्रण कक्ष में लगे अधिकारी एवं कर्मचारी लोक सेवा आयोग अजमेर के द्वारा परीक्षा के लिए जारी दिशा–निर्देशों के तहत कार्य करेगें तथा 10 अप्रैल को प्रात: 9.30 बजे नियंत्रण कक्ष के प्रभारी अधिकारी को अपनी उपस्थिति देना सुनिश्चित करें।

### अटल जन सेवा शिविरों का आयोजन आज

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** आमजन की परिवेदनाओं व समस्याओं का समयबद्ध तरीके से समाधान हेतु 9 अप्रैल बुधवार को पंचायत समिति स्तर पर प्रात: 10 बजे से सायं 4:30 बजे तक अटल जन सेवा शिविरों का आयोजन किया जायेगा। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी द्वारा पंचायत समिति बसेड़ी के अटल जन सेवा शिविर में भाग लिया जाएगा।

### सिने अभिनेता मनोज कुमार को श्रद्धांजलि

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** स्वरांजली संगीत समिति राजगढ़ के तत्वावधान में सिनेजगत के सुप्रसिद्ध अभिनेता मनोज कुमार के निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन शनिदेव मंदिर में किया गया। कार्यक्रम संयोजक अनिल शास्त्री ने उनका जीवनवृत्त प्रस्तुत करते हुए उन्हें एक आदर्श फिल्म अभिनेता, निर्माता, निर्देशक व पटकथा लेखक बताया।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय मेडिकल कॉलेज में वार्षिकोत्सव पर विद्यार्थियों को किया सम्मानित



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय मेडिकल कॉलेज में वार्षिकोत्सव के समापन पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में अवल्ल रहे विद्यार्थियों व फैकल्टी सदस्यों को प्राचार्य डॉ. महेश मोहनलाल पुकार ने प्रतीक चिन्ह व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। क्रिकेट प्रतियोगिता में विजय फैकल्टी सदस्यों की टीम एवं विद्यार्थियों की रनरअप टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान प्राचार्य महेश मोहनलाल पुकार ने बताया कि मेडिकल कॉलेज के विद्यार्थियों ने साप्ताहिक कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया। साप्ताहिक कार्यक्रम में बास्केटबॉल, क्रिकेट, बैडमिंटन जैसी प्रतियोगिताओं में फैकल्टी के साथ साथ विद्यार्थियों ने हिस्सा लेते हुए अच्छा प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने गायन, नृत्य की प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम में डॉ. प्रमोद अग्रवाल, डॉ. बीएल नायक, डॉ. इकराम हुसैन, राजकीय डीबी अस्पताल के अधीक्षक डॉ. दीपक चौधरी, डॉ.रमाकान्त वर्मा, डॉ. संदीप कुल्हरी, डॉ. अजीत गढ़वाल, अभिमन्यु तिवाड़ी सहित डॉक्टर एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# राज्य स्तरीय प्रतिभा खोज परीक्षा का आयोजन 27 को

## पूर्व विधायक रामलाल शर्मा, विधायक डॉ. शिखा मील व सरपंचों ने किया पोस्टर का विमोचन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चौमूं।** शिक्षा जगत में अग्रणी भूमिका निभा रहे सारांश कैरियर इंस्टीट्यूट द्वारा आगामी 27 अप्रैल 2025, रविवार को राज्य स्तरीय प्रतिभा खोज परीक्षा S-SAT 2025 का आयोजन किया जा रहा है। प्रतिभा खोज परीक्षा के पोस्टर का विमोचन पूर्व विधायक रामलाल शर्मा, विधायक डॉ शिखा मिल बराला, अनन्तपुरा जैतपुरा सरपंच मदन लाल तोडावता एवं ग्राम जैतपुरा सरपंच सुरेश गुलियां द्वारा किया गया। आपको बता दे कि परीक्षा का समय सुबह 9:00 बजे से 11:00 बजे तक ऑफलाइन मोड में संस्थान परिसर मे ही आयोजित की जाएगी। परीक्षा का केंद्र सारांश कैरियर इंस्टीट्यूट कैंपस, चौमूं ही रहेगा। गौरतलब है कि पिछले 23 वर्षों से छात्रों के उज्ज्वल भविष्य के लिए कार्यरत यह संस्थान NEET, JEE, FOUNDATION °ß´ PRE-FOUNDATION कोर्सेस में मार्गदर्शन देता आ रहा है। इस परीक्षा का उद्देश्य राज्य भर के मेधावी छात्रों की प्रतिभा को निखारना एवं उन्हें उच्च शिक्षा के लिए सहयोग प्रदान करना है। परीक्षा में उच्च स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को शानदार पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। प्रथम पुरस्कार: मोटरसाइकिल, द्वितीय पुरस्कार: लैपटॉप, तृतीय पुरस्कार:ः साइकिल एवं 4 रेंक से 10वीं रैंक तक: 90 प्रतिशत छात्रवृत्ति + मेडल, 11रेंक से 20वीं रैंक तक: 70 प्रतिशत छात्रवृत्ति + मेडल, 21 रेंक से 50वीं रैंक तक: 50 प्रतिशत छात्रवृत्ति + मेडल, 51रेंक से 100वीं रैंक तक: 30 प्रतिशत छात्रवृत्ति + मेडल एवं सभी प्रतिभागियों को : प्रमाण पत्र एवं कम से कम 10त्न छात्रवृत्ति दी जाएगी। पंजीकरण प्रक्रिया सरल और नि:शुल्क है। छात्र अपना नाम, पिता का नाम, पता एवं विद्यालय का नाम व्हाट्सएप नंबर 9950931286 पर भेज सकते हैं। इसके अतिरिक्त, इच्छुक छात्र पोस्टर में दिए गए क्यूआर कोड को स्कैन कर ऑनलाइन पंजीकरण भी कर सकते हैं। संस्थान द्वारा परीक्षा के दिन सभी विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क वाहन सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे दूरदराज़ के छात्र भी आसानी से परीक्षा में भाग ले सकें।

# विधिक साक्षरता क्लब की शुरुआत



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय चूरू में मंगलवार को राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार स्कूली विद्यार्थियों में विधिक जागृति के लिए विधिक साक्षरता क्लब का शुभारम्भ किया गया। प्राचार्य कृष्ण सिंह चौहान ने मुख्य अतिथि अतिरिक्त जिला न्यायाधीश डॉ शरद व्यास का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया। डॉ व्यास ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, चूरू द्वारा जिले के न्यायक्षेत्र के 5 विद्यालयों में विधिक साक्षरता क्लब खोल दिए गए हैं। कृष्ण सिंह चौहान ने बताया कि इस माह की 28 तारीख को विधिक जागरुकता से संबंधित अन्तर्विद्यालयी निबंध, पोस्टर–पेंटिंग, वाद–विवाद, भाषण प्रतियोगिताएं होंगी। विजय कुमार माथुर,सांवर मल सैनी, रमेश कुमार,सीमा शर्मा, भावना,चन्दा सैनी को क्लब का पदाधिकारी नियुक्त किया गया। इस अवसर पर एडवोकेट प्रकाश वर्मा, प्रियंका सहित विद्यालय के समस्त कर्मचारी उपस्थित थे।

# फुलेरा रेलवे स्टेशन को मिला विकास का तोहफा, लगेंगे 6 एस्केलेटर, यात्रियों ने ली राहत की सांस



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**फुलेरा।** फुलेरा रेलवे स्टेशन से सफर करने वाले यात्रियों के लिए बड़ी राहत की खबर सामने आई है। लंबे समय से चल रही मांग के बाद अब स्टेशन पर 06 एस्केलेटर लगाने की स्वीकृति मिल गई है। खासकर बुजुर्ग, दिव्यांग और महिलाओं के लिए यह खबर किसी सौगात से कम नहीं है। गौरतलब है कि अमृत भारत योजना के तहत फुलेरा स्टेशन का तेजी से आधुनिकीकरण किया जा रहा है, लेकिन रेल ओवर ब्रिज की ऊंचाई यात्रियों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई थी। रोजाना हजारों यात्रियों को चढ़ने–उतरने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। इस गंभीर समस्या को ध्यान में रखते हुए फुलेरा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं भाजपा राष्ट्रीय परिषद सदस्य निर्मल कुमावत ने 17 मार्च 2025 को जयपुर ग्रामीण के सांसद राव राजेन्द्र सिंह को एक मांग पत्र सौंपा। तत्पश्चात सांसद ने 20 मार्च को तत्काल रेल विभाग को पत्र भेजते हुए इस आवश्यक सुविधा की ओर ध्यान आकर्षित किया। रेल प्रशासन ने इस पर सकारात्मक कदम उठाते हुए फुलेरा स्टेशन पर 06 एस्केलेटर लगाने की मंजूरी दे दी है। इससे यात्रियों की सुविधा में क्रांतिकारी सुधार आने की उम्मीद है। इस बड़ी घोषणा के बाद फुलेरा में खुशी की लहर दौड़ गई है। भाजपा कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों ने सांसद राव राजेन्द्र सिंह, पूर्व विधायक निर्मल कुमावत और रेल प्रशासन का आभार जताया है।

# धौलपुर लिफ्ट सिंचाई एवं पेयजल परियोजना के अन्तर्गत 30 मेगावॉट सोलर पॉवर प्लान्ट के लिए भूमि का किया आवंटन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** धौलपुर लिफ्ट सिंचाई एवं पेयजल परियोजना के अन्तर्गत 30 मेगावॉट सोलर पॉवर प्लान्ट की स्थापना के लिए बाड़ी की ग्राम मौहरी में नि:शुल्क भूमि आवंटन की गई है। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने बताया कि तहसील बाड़ी के ग्राम मौहरी की आ.ख.नं. 726/657 रकबा 86.2105 हैक्टे में से 26.00 हैक्टे. एवं ख.नं. 462 रकबा 12.6843 हैक्टे. में से 9.00 हैक्टे. कुल 35.00 हैक्टे. गै.मु.पहाड़ भूमि नक्शा अनुसार राजस्थान भू राजस्व स्कूलों, कॉलेजो, चिकित्सालयों, धर्मशालाओं, सार्वजनिक उपयोग के अन्य निमार्णार्थ बिना कब्जे की सरकारी कृषि भूमि आवंटन नियम 1963 एवं राजस्व ग्रुप–6 विभाग की अधिसूचना के प्रावधानानुसार शर्तो के अध्यधीन जल ससांधन विभाग को धौलपुर लिफ्ट सिंचाई एवं पेयजल पिरयोजना 30 मेगावॉट सोलर प्लांट की स्थापना के लिए नि:शुल्क आवंटित की गई है। उन्होंने बताया कि तहसील सरमथुरा के ग्राम धौंध की आ.ख.नं. 464 रकबा 40.10 हैक्टे. में से 35.00 हैक्टे. किस्म गै.मु. पठार भूमि जल संसाधन विभाग को धौलपुर लिफ्ट सिंचाई एवं पेयजल परियोजना 30 मेगावॉट सोलर प्लांट के लिए भूमि के आवंटन को निरस्त किया गया है। उन्होंने बताया कि आवंटन भूमि का केवल उसी प्रयोजन में उपयोग किया जाए।

## अग्निवीर भर्ती पंजीकरण के लिये आर्मी पोर्टल 25 अप्रैल 2025 तक रहेगा खुला

**धौलपुर।** अब सेना (अग्निवीर) भर्ती के लिये पंजीकरण बढा कर 25 अप्रैल 2025 तक कर दिया है इच्छुक उम्मीदवार 25 अप्रैल 2025 तक अपना पंजीकरण कर सकते हैं किसी भी स्पष्टीकरण एवं सहायता के लिये ए0 आर0 ओ0 अलवर से दूरभाष नम्बर 0144–2702169 एवं मेल ई–मेल आई डी aroalwar.vwx@gmail.com पर सम्पर्क कर सकते है। 01 अक्टुबर 2004 से 01 अप्रैल 2008 जन्मतिथी वाले सारे उम्मीदवार इस चयन प्रक्रिया के योग्य हैं और उम्मीदवार की ई–मेल आई डी और आधार से लिकं मोबाइल नम्बर अनिवार्य है। आईटीआई का बोनस मार्क्स केवल टेकनिकल के लागू होगा। अन्य टेड्रों में इसका बोनस मार्क्स नहीं मिलेगा। इस वर्ष उम्मीदवार अपनी पात्रता के आधार पर किसी भी दो श्रेणियों के लिये आवेदन कर सकते हैं। दो विकल्प चाहने वाले उम्मीदवारों को दो श्रेणियों के फॉर्म अलग–अलग भरने होंगे, अपनी पसंद की श्रेणियों से सबंधित दो सामान्य प्रवेश परीक्षाओं में शामिल होना होगा। श्रेणियों की प्राथमिकता उम्मीदवार द्वारा आवेदन चरण के दौरान ही भरी जायेगी। पंजीकरण और परीक्षा प्रक्रिया पर वीडियो और अभ्यास के लिये मॉक टेस्ट जॉइन इंडियन आर्मी वेबसाइट पर उपलब्ध होंगें। दलालों और धोखेबाजों के झासों में न आऐं। अधिक जानकारी के लिए www.joinindian-army.nic.in पर जाए।

# वार्ड परिसीमन को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित



**चूरू।** रतननगर में चूरू शहर ब्लॉक अध्यक्ष असलम खोखर की अध्यक्षता में रतननगर पार्षद के साथ रतननगर नगर पालिका के वार्ड परिसीमन को लेकर महत्वपूर्ण बैठक हुई। अध्यक्ष असलम खोखर की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में कई अहम मुद्दों पर चर्चा की गई। चूरू शहर ब्लॉक अध्यक्ष असलम खोखर ने कहा कि अगर प्रषासन ने सरकारी गाइडलाइन और नियमों के अनुसार परिसीमन किया है, तो कोई आपत्ति नही है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक पार्षद एवं प्रत्याषी अपने अपने वार्ड के लोगों से जानकारी लेंगे यदि नियमों के विरूद्ध परिसीमन किया गया है तो वे इसका विरोध कर आपत्ति दर्ज करवाई जायेगी। इस दौरान सुरेन्द्र धन्ड, शरीफ गौरी, पूनम जांगिड, सुरेष गहलोत, पूर्णाराम, जगनाराम, मकसूद खां, रमजान कुरेषी भी मौजूद रहे।

## भारतीय दूरसंचार सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों ने राज्यपाल से मुलाकात की

# 'दूरसंचार सेवाओं को सुदृढ़, सुगम व विश्वसनीय बनाने में प्रतिबद्ध होकर अधिकारी कार्य करें'



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से मंगलवार को राजभवन में भारतीय दूरसंचार सेवा के वर्ष 2023 बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों ने मुलाकात की। ये प्रशिक्षु अधिकारी स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत तीन दिवसीय दौरे पर जयपुर आए हुए हैं। राज्यपाल बागड़े ने दूरसंचार सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों से संवाद करते हुए उन्हें 'राष्ट्र प्रथम' की सोच को ध्यान में रखते हुए भारतीय दूरसंचार सेवाओं को सुदृढ़ करने में योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि दूरसंचार सेवाओं में भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। 'विकसित भारत' के संकल्प के अंतर्गत भारतीय दूरसंचार सेवाओं को और अधिक सुगम, सुलभ और प्रभावी बनाने के साथ विश्व भर में अग्रणी करने में अधिकारी संकल्पबद्ध होकर कार्य करें।

राज्यपाल ने भारतीय दूरसंचार सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों को राष्ट्र के प्रति पूर्ण प्रतिबद्धता रखते हुए संचार सेवाओं के अंतर्गत साइबर सुरक्षा, डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण और उपभोक्ताओं को संचार सेवाओं के बगैर बाधा समुचित रूप में उपलब्ध कराने के लिए भी सुनियोजित सोच के साथ काम करने पर जोर दिया। उन्होंने दूरसंचार सेवाओं के अंतर्गत यूनेस्को स्तर पर भारत को वैश्विक स्तर पर मान्यता मिलने पर प्रसन्नता भी जताई तथा कहा कि भारत की तकनीकी श्रेष्ठता के लिए सभी मिलकर कार्य करें।

राज्यपाल के सचिव डॉ. पृथ्वी ने कहा कि दूरसंचार सेवाओं को श्रेष्ठ करने के साथ इसकी विश्वसनीयता के लिए भी अधिकारी प्रतिबद्ध होकर कार्य करें। उन्होंने राजभवन में सभी का अभिनंदन किया। इससे पहले भारतीय दूरसंचार सेवा के उप महानिदेशक आनंद कटोच ने प्रशिक्षु अधिकारियों के प्रशिक्षण के बारे में जानकारी दी। निदेशक द्वारका करोल और प्रशिक्षण अधिकारी श्वेताभ कुमार तथा भूपेन्द्र धीमान ने आभार जताया।

# जेडीए की अपील पर आमजन और व्यापारी दूसरे दिन भी स्वयं के स्तर पर निरन्तर हटा रहे है निर्माण

## झारखण्ड मोड तिराहा से खातीपुरा तिराहा होते हुए 200 फीट बाईपास तक सड़क चौड़ाईकरण





**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा झारखण्ड मोड तिराहा से खातीपुरा तिराहा होते हुए 200 फीट बाईपास तक रोड की चौड़ाई को जोनल डवलपमेंट प्लान के अनुसार करने की कार्यवाही हेतु जेडीए द्वारा आमजन एवं व्यापारियों से स्वयं के स्तर पर अतिक्रमण हटाने की अपील की गई। आमजन एवं व्यापारियों द्वारा जेडीए की अपील को स्वीकार्य करते हुए दूसरे दिन भी स्वयं के स्तर पर सड़क सीमा में आ रहे अपने निर्माण को हटा रहे हैं जिससे सड़क चौड़ाईकरण की कार्यवाही सौहार्दपूर्ण रूप से संपादित हो सकेगी।

जयपुर विकास आयुक्त आनन्दी ने बताया कि राजस्थान उच्च न्यायालय द्वारा दायर रिट याचिका संख्या 17971/2022 में पारित आदेश की पालना में जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा झारखण्ड मोड तिराहा से खातीपुरा तिराहा होते हुए 200 फीट बाईपास तक रोड की चौड़ाई को जोनल डवलपमेंट प्लान के अनुसार करने की कार्यवाही की जा रही है। इस कार्यवाही हेतु जेडीए द्वारा पांच टीमों का गठन किया गया, जिसमें उपायुक्त, ए.टी.पी., तहसीलदार, इंजीनियर और प्रवर्तन अधिकारी शामिल है। जेडीए द्वारा 5 अप्रैल, 2025 को गठित टीमों द्वारा जोनल डवलपमेंट प्लान के अनुरूप उक्त मार्ग का चिन्हीकरण किया गया। इस कार्यवाही में मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन और उपनियंत्रक प्रवर्तन तृतीय भी उपस्थिति रहे। टीमों ने मौके पर जाकर आवश्यक चिन्हीकरण कार्य को पूर्ण किया।

गठित टीमों द्वारा मंगलवार 8 अप्रैल को भी स्थानीय व्यापारियों और निवासियों से समझाईश की गई एवं उन्हें सडक सीमा से अवैध अतिक्रमण हटाने के लिए सूचित किया गया। जेडीए द्वारा अपील की गई कि वे सभी अतिक्रमणों को 9 अप्रैल, 2025 से पूर्व हटा लेने का श्रम करें। इसके साथ ही जेडीए द्वारा आमजन की सहायार्थ आवश्यकता होने पर अतिक्रमण/ निर्माण हेतु जेसीबी/ लोखण्डा की सुविधा भी निरंतर उपलब्ध करवाई जा रही है। जेडीए द्वारा बुधवार 9 अप्रैल, 2025 को अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जाएगी।

जेडीए द्वारा की गई अपील को आमजन द्वारा दूसरी दिन भी स्वीकार्य करते हुए आमजन द्वारा सौहार्दपूर्ण रूप से स्वयं के स्तर पर सड़क सीमा में आ रहे निर्माण को हटा रहे हैं जिससे सड़क चौड़ाई की कार्यवाही संपादित हो सके तथा सुलभ यातायात की सुविधा सभी को उपलब्ध हो सकेगी। जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा किए गए इस कदम से शहर की यातायात व्यवस्था में सुधार आने की संभावना है, साथ ही स्थानीय निवासियों और व्यापारियों के सहयोग से यह कार्य अधिक प्रभावी तरीके से संपन्न हो रहा है।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने ब्रह्माकुमारी विवि. की प्रमुख राजयोगिनी दादी रतनमोहिनी के देहावसान पर शोक व्यक्त किया

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की प्रमुख राजयोगिनी दादी रतनमोहिनी के देहावसानपर गहरा शोक व्यक्त किया। शर्मा ने कहा कि करूणामयी व्यक्तित्व से परिपूर्ण दादी जी ने पूरा जीवन त्याग, तपस्या और मानवता की सेवा के लिए समर्पित किया। उनका देवलोकगमन आध्यात्मिक जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। मुख्यमंत्री ने स्वर्गीय दादी रतनमोहिनी जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुएदिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने और उनके अनुयायियों को यह दुःख सहने की शक्ति देने की प्रार्थना की।

## जोधपुर में गैस सिलेण्डर हादसा

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने व्यक्त की शोक संवेदना

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को जोधपुर शहर में गैस सिलेण्डर में रिसाव से लगी आग के कारण हुई जनहानि पर शोक व्यक्त किया है। शर्मा ने इस हृदय विदारक दुर्घटना पर गहरा दु:ख प्रकट करते हुए दिवंगत आत्माओं की शान्ति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है। उन्होंने हादसे में घायल लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हुए अधिकारियों को उनका समुचित उपचार सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया है।

# आयुक्त रुकमणि रियाड ने राजस्व टीमो को किया मोटिवेट

## यू.डी.टैक्स कलेक्शन एवं विज्ञापन शुल्क वसूली में सर्वश्रैष्ठ प्रर्दशन करने वाली टीमो एवं कार्मिको का हुआ सम्मान



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** नगर निगम ग्रेटर ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में नगरीय विकास कर (यू.डी.टैक्स) और विज्ञापन शुल्क वसूली में शत-प्रतिशत लक्ष्य को प्राप्त करने में सफलता प्राप्त की है और इस सफलता में सर्वश्रैष्ठ प्रर्दशन करने वाली टीमो एवं कार्मिको का उत्साहवर्धन करने के उदेश्य से मंगलवार को नगर निगम ग्रेटर मुख्यालय के ई.सी. मीटिग हॉल में सम्मान समारोह रखा गया।

आयुक्त रुकमणि रियाड के निर्देश पर सभी राजस्व टीमों ने प्रयास कर पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष 49.23 प्रतिशत अधिक वसूली की है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में नगर निगम ग्रेटर की राजस्व टीमों ने सर्वाधिक राजस्व वसूली का रिकार्ड बनाते हुए नगरीय विकास कर के 104.02 करोड़ रूपये के राजस्व संग्रहण के साथ ही विज्ञापन शुल्क के 14.49 करोड़ रूपये का राजस्व संग्रहण किया और इसी के तहत मंगलवार को नगर निगम ग्रेटर मुख्यालय पर सभी टीमो के उपायुक्तगण, राजस्व अधिकारी, राजस्व निरीक्षक, सहायक राजस्व निरीक्षक आदि के उत्साहवर्धन के लिए सम्मान समारोह रखा गया। आयुक्त रुकमणि रियाड ने सभी राजस्व टीमो को बधाई एवं शुभकामनाए दी तथा राजस्व संग्रहण के लिए बेहतर प्रयास करने के लिए मोटिवेट भी किया। आयुक्त रुकमणि रियाड ने सम्मान समारोह में मालवीय नगर जोन, सांगानेर जोन की टीमो के साथ-साथ बेस्ट परफोर्मर प्रीति शर्मा, संगीता जैन, कृष्ण कुमार मीणा, महेन्द्र कुमार यादव, पवन जाँगीड, कृष्णा गिल, विद्या सैन, दुर्गा कुमारी, देवेन्द्र सागर को सम्मानित किया। कार्यक्रम में अतिरिक्त आयुक्त सीमा कुमार, वित्तीय सलाहकार, जोन उपायुक्त, समस्त जोनो के राजस्व अधिकारी, राजस्व निरीक्षक मौजूद रहे।

# खोले के हनुमान मंदिर में हनुमत् जन्मोत्सव आज से


**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** श्री खोले के हनुमान मंदिर में चार दिवसीय हनुमत् जन्मोत्सव 9 से 12 अप्रैल तक धूमधाम से मनाया जायेगा। 12 अप्रैल हनुमान जयन्ती पर श्री खोले के हनुमान जी चांदी की पौशाक धारण करेंगे। श्री न र व र आश्रम सेवा समिति के महामंत्री बृजमोहन शर्मा ने पत्रकारों को बताया कि हनुमत् जन्मोत्सव पर मंदिर में बृह्मलीन पं. राधेलाल चौबे की प्रेरणानुसार भजन, भक्ति संध्या व लोक कलाकार गुलाबो के कार्यक्रम वृहद स्तर पर आयोजित किए जाएंगे। पदमश्री गुलाबो सपेरा एवं कालबेलिया समूह 9 अप्रैल की सायं 6 बजे अपनी प्रस्तुति देंगी, यह कार्यक्रम नगर निगम हैरिटेज महापौर कुसुम यादव के संयोजन में होगा। 10 अप्रैल गुरुवार को सायंकाल 6 बजे भारतीय कला संस्थान के लोक कलाकार भक्ति संध्या, बृज रासलीला व सामूहिक नृत्य प्रस्तुतियां देंगे। शुक्रवार 11 अप्रैल को सायं 6 बजे पदमश्री मुन्ना मास्टर व सम्पत दाधीच अपने भजनों से हनुमान भक्तों को भावविभोर करेंगे, इसी कड़ी में शनिवार हनुमान जयन्ती पर सायंकाल में श्री श्याम ज्योति भजन संध्या परिवार भजनों की प्रस्तुति देंगे।

शर्मा ने बताया कि हनुमान जयन्ती पर प्रात: 6 बजे 108 द्रव्य औषधीयुक्त जल, पंचामृत, गंगाजल से हनुमान जी का महाअभिषेक किया जायेगा। दोपहर में हनुमान जी चांदी की पौशाक धारण कर भक्तजनों को दर्शन देंगे। इसके उपरांत महाआरती की जायेगी। इस अवसर पर फलों व छप्पन भोग की झांकी सजाई जायेगी। हनुमान जयंती पर भक्तजनों के लिए मंदिर प्रशासन की ओर से शीतल पेय, वृद्धजनों के लिए वाहन सुविधा की जायेगी। मंदिर परिसर को रोशनी व फूलों से सजाया जायेगा तथा दिल्ली रोड से मंदिर तक रंगीन रोशनी की सजावट जयपुर नगर निगम हैरिटेज के द्वारा की जाएगी। आयोजित संवाददाता सम्मेलन में श्री न र व र आश्रम सेवा समिति के उपाध्यक्ष लेखराज शर्मा, कोषाध्यक्ष लक्ष्मण रावत, संगठन मंत्री सुरेश चौधरी, प्रचार मंत्री द्वारकादास सोढानी, संयुक्त मंत्री सरयूशरण शर्मा व कृपाशंकर गोयल एवं सदस्य दुर्गेश चतुर्वेदी उपस्थित थे।

# वित्त समिति की बैठक सम्पन्न

## वित्त समिति अध्यक्ष शील धाभाई की अध्यक्षता में हुई बैठक



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** नगर निगम ग्रेटर मुख्यालय के ई.सी. मीटिंग हॉल में मंगलवार को वित्त समिति अध्यक्ष शील धाभाई की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। जिसमें विभिन्न बिन्दुओं पर ऐजेन्डे रखे गये जिसके अन्तर्गत पटेल मार्ग मुख्य मार्ग पर एचटी/एलटी लाईन को भूमीगत करना व डेकोरेटिव पोल लगाने के कार्य के संबंध में रखे गये एजेंडे को सर्व सम्मति से पारित किया गया। इसके अतिरिक्त सार्वजनिक मूत्रालयों के संचालन संधारण के संबंध में प्र्शासनिक व वित्तीय स्वीकृति संबंधी प्रस्ताव को सर्व सम्मति से पारित किया गया। इसके अतिरिक्त उपायुक्त राजस्व प्रथम अशोक कुमार शर्मा से यू.डी.टैक्स, होर्डिंग एवं विज्ञापन बोर्ड आदि से प्राप्त राजस्व आय के संबंध में भी विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में चैयरमेन एवं पार्षद लक्ष्मण नूनीवाल, डॉं मीनाक्षी शर्मा भंवर लाल मालाकार, सुमन गुप्ता राजवंशी, अक्षत खूंटेटा, रामबाबू रावत वित्तीय सलाहकार अधिशाषी अभियंता मौजूद रहे।

# नगर निगम ग्रेटर सतर्कता शाखा की टीम ने की कार्यवाही

## दो हजार रूपये का किया कैरिंग चार्ज वसूल, पांच केन्टर सामान जब्त

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** नगर निगम ग्रेटर आयुक्त रूकमणि रियाड़ के निर्देशानुसार उपायुक्त सतर्कता अजय कुमार शर्मा के नेतृत्व में मंगलवार को सतर्कता शाखा की टीम द्वारा नगर निगम जयपुर ग्रेटर के क्षेत्राधिकार में बैनाड़ रोड़, वार्ड नं. 14, वार्ड नं. 24 फोर एवेन्यू के सामने, मालवीय नगर पुलिया के नीचे, श्योपुर रोड़, भैरव सर्किल, डिग्गी रोड़ एवं मुहाना से अस्थाई अतिक्रमण को करने वालों के विरूद्ध 2 हजार रूपये का कैरिंग चार्ज कर 5 केन्टर सामान जब्त किया गया।

उपायुक्त सतर्कता अजय कुमार ने बताया कि नगर निगम ग्रेटर क्षेत्राधिकार में बैनाड़ रोड़, वार्ड नं. 14, वार्ड नं. 24 फोर एवेन्यू के सामने, मालवीय नगर पुलिया के नीचे, श्योपुर रोड़, भैरव सर्किल, डिग्गी रोड़ एवं मुहाना से अस्थाई अतिक्रमण हटवाया गया। उपरोक्त कार्यवाही के दौरान 05 केन्टर सामान जब्त कर गोदाम में भिजवाया गया व मौके पर अस्थाई अतिक्रमण करने वालों से मौके पर 2 हजार रूपये का केरिंग चार्ज वसूल किया गया तथा दौरे के दौरान कार्यवाही सतर्कता टीम द्वारा मौके पर समझाईश करते हुए मौखिक पाबंद करवाया कि भविष्य में अस्थाई अतिक्रमण समय से हटा ले अन्यथा नगर निगम जयपुर ग्रेटर के क्षेत्राधिकार में अवैध अतिक्रमण करने वालों के विरूद्ध भारी चालान या प्रभावी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

## प्रदेश में गुमशुदा व्यक्तियों की तलाश जारी

# हनुमानगढ जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र से 16 महिलाएं एवं पुरुष लापता




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राजस्थान पुलिस प्रदेश से गुमशुदा व्यक्तियों की निरन्तर तलाश कर रही है। हनुमानगढ जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र से 16 महिलाएं एवं पुरुष लापता है। किसी को इनके बारे में कोई भी जानकारी हो तो कृपया तुरन्त जिला कंट्रोल रूम एवं संबंधित थाने पर सूचित करें।

जिले के थाना हनुमानगढ टाउन क्षेत्र से काजल पुत्री पवन कुमार वाल्मिकी (19), कद 5 फीट, रंग सांवला, पहचान काले रंग का लोवर व लाल रंग की टी शर्ट, पूनम पत्नी पवन कुमार धानक (26), कद 5.3 फीट, रंग गेहुंआ, पहचान सलवार सूट एवं मुस्कान पुत्री मोहम्मद जुबेर (20) निवासी वार्ड नम्बर 38 रूपनगर, कद 5.3 फीट, रंग गेहूँआ, पहचान मुंगीया रंग का सलवार सूट, निशा पत्नी मुकेश कुमार (29) निवासी वार्ड नम्बर 38 कद 5 फीट, रंग गोरा, पहचान सलवार सूट पहन रखा है, लापता है, जिनकी गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज है।

हनुमानगढ टाउन क्षेत्र से ही मीरा बाई पुत्री हंसराज बावरी (18) निवासी वार्ड नम्बर 11, कद 4.2 फीट, रंग गेहुंआ, पहचान पीले रंग का सलवार सूट, सन्तोष पुत्री रामप्रताप बावरी (18) निवासी वार्ड नम्बर 5, गुरूसर, कद 5 फीट, रंग गोरा, पहचान सलवार सूट, मिथिलेस पासवान पुत्र अवधेश (35) निवासी अभयपुरा थेडी, कद 5 फीट, रंग गेहुंआ, पूजा पत्नी जोगेन्द्र वाल्मिकी (24) निवासी वार्ड नम्बर 6, कद 5 फीट, रंग गेहुंआ, राकेश कुमार पुत्र मनीराम नायक (26) निवासी 9 एचएमएच अमरपुरा थेडी, कद 5.3 फीट, रंग-सांवला, अजय कुमार पुत्र पूर्ण सिंह धाणक (30) निवासी मुखर्जी कॉलोनी, कद 5.7 फीट, रंग सांवला लापता है, जिनकी गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज है।

जिले के थाना संगरिया क्षेत्र से पूजा पत्नी जीतराम मेघवाल (22) निवासी वार्ड नम्बर 6, कद 5 फीट, रंग सांवला, पहचान सलवार सूट, नसीबा पत्नी आशक अली (30) निवासी 8एमएमके किकरवाली, कद 5 फीट व रंग गेहुंआ एवं थाना रावतसर क्षेत्र से मैना पत्नी सुभाष नायक (25) निवासी खेतावाली ढाणी रावतसर, कद 5.6 फीट व रंग गोरा, नीले रंग का सलवार सूट पहने है, लापता है, जिनकी गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज है।

इसी प्रकार थाना भादरा क्षेत्र से ज्योति बाला पुत्री विरेन्द्र कुम्हार (24) निवासी करणपुरा कद 5.2 फीट, रंग गेहुंआ तथा थाना हनुमानगढ जक्शन क्षेत्र से खुशन प्रीत कौर पुत्री गुरमीत सिंह तरखान (18) निवासी वार्ड नम्बर 53 सुरेशिया, कद 5.2 फीट व रंग गेहुंआ, जसवीर कौर पत्नी बुधराम (43) निवासी चक 6 एसटीजी मक्कासर, कद 5.2 फीट, रंग गेहुंआ लापता है, जिनकी गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज है।

जागरूक टाइम्स
संपर्क करें
विज्ञापन देने के लिए
+91-9819170710
+91-9587022840
+91-8696111716
प्रति के लिए
9057203837
कार्यालय :- 0141-2743001
Email :- jtjaipur@gmail.com

# सक्षम जयपुर अभियान के तहत छात्राओं को मिली स्मार्ट क्लास की सौगात

## 10 कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालयों में लगवाए गए आईएफपीडी




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** सक्षम जयपुर अभियान जयपुर जिले में बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में सकारात्मक पहल साबित हो रही है। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देश पर सक्षम जयपुर अभियान के तहत जयपुर के 10 कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालयों में IFPD यानी इंट्रेक्टिव फ्लैट पैनल डिस्प्ले लगवाए गए हैं, जिनसे छात्राओं को स्मार्ट क्लासेज की सौगात मिली है।

अतिरिक्त जिला कलक्टर देवेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने बालिका शिक्षा को और भी अधिक रोचक एवं रूचिकर बनाने की मंशा से जिला निष्पादक समिति की बैठक में IFPD यानी इंट्रेक्टिव फ्लैट पैनल डिस्प्ले लगवाए जाने के निर्देश जारी किये थे। जिला कलक्टर के निर्देशों की अनुपालना में कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय किशनगढ़-रेनवाल, चाकसू, चंदवाजी, अनोपपुरा, मुहाना, पंवालिया, कल्याणपुरा, जमावारामगढ़, बस्सी एवं शीतलामाता (चाकसू) में इंट्रेक्टिव फ्लैट पैनल डिस्प्ले लगवाए गए हैं।

उन्होंने बताया कि इंट्रेक्टिव फ्लैट पैनल डिस्प्ले से बालिकाओं को स्मार्ट क्लासेज की समस्त सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। स्मार्ट लर्निंग से ना केवल बालिकाओं में पढ़ाई को लेकर उत्साह का संचार हुआ है वे पढ़ाई के इस रोचक, रचनात्मक एवं रूचिकर बदलाव से काफी सहज एवं प्रसन्न नजर आ रही हैं। वहीं, शिक्षकों को भी अध्ययन कार्य में नवाचारों का आत्मसात कर अपने अध्ययन कौशल को परिष्कृत करने का अवसर मिल रहा है।

मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी मंजू शर्मा ने बताया कि सक्षम जयपुर अभियान की कड़ी में कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत इंट्रेक्टिव फ्लैट पैनल डिस्प्ले कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में लगवाए गए हैं। यह पहल राजकीय विद्यालयों में बालिकाओं के लिए उच्च स्तरीय सुविधाओं के साथ-साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने में कारगर सिद्ध होगी।

# फिल्म 'जाट' को टैक्स फ्री करने की मांग

**जयपुर।** राजस्थान जाट महासभा प्रदेश अध्यक्ष राजाराम मील महासचिव मदन चौधरी राज्य और केंद्र सरकार से मांग की बॉलीवुड के दमदार अभिनेता सनी देओल की आने वाली 10 अप्रैल 2025 फिल्म 'जाट पूरे देश में टैक्स फ्री किया जाए। उनका कहना है कि यह सिर्फ एक मनोरंजक फिल्म नहीं, बल्कि समाज को आईना दिखाने वाली एक क्रांतिकारी फिल्म है, जिससे हर वर्ग को सीखने को मिलेगा। राजस्थान जाट महासभा प्रदेश अध्यक्ष राजाराम मील महासचिव मदन चौधरी ने कहा, 'अगर सामाजिक फिल्मों को प्रोत्साहित नहीं किया गया, तो यह समाज के लिए हानिकारक होगा। 'जाट' केवल एक समुदाय की कहानी नहीं, बल्कि पूरे देश की वीरता, संघर्ष और गौरवशाली इतिहास को दर्शाती है।'

# श्रीराम वाटिका में विराजमान हुए मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम

## यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने रामलला की प्रतिमा का अनावरण किया



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नोहर।** सोमवार को भगवान श्रीराम स्थानीय श्री राम वाटिका में विराजमान हुए। राजस्थान के नगरीय विकास एवं स्वायत शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने एक भव्य समारोह में नगर पालिका द्वारा स्थापित मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की अष्ट धातु की 11 फिट की भव्य प्रतिमा का अनावरण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष हाजन खातून बानो टॉक ने की।इस अवसर पर पूर्व विधायक अभिषेक मटोरिया, राजस्थान मदरसा बोर्ड की पूर्व चेयरमैन मेहरूनिशा टॉक, अतिरिक्त जिला कलेक्टर संजू पारीक, उपखंड अधिकारी पंकज गढ़वाल, पुलिस उपाधीक्षक ईश्वर सिंह, अधिशासी अधिकारी बसंत सैनी, थाना प्रभारी ईश्वरानंद शर्मा, सुनील सिकंदर टॉक, उर्मिला बिजारनीया, वरिष्ठ पत्रकार बाबूलाल भारती अग्रिम पंक्ति में रहे। कार्यक्रम में प्रतिमा का निर्माण करने वाले विख्यात मूर्तिकार महावीर भारती और उर्मिला कुल्हरी विशेष रूप से आमंत्रित थे ।नगरीय विकास एवं स्वायत शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने दोनों मूर्तिकारों को प्रतीक चिह्न भेंट कर सम्मानित किया।

**भगवान श्रीराम के जयघोष से गूंजा वातावरण :** जब भगवान राम की प्रतिमा का अनावरण हुआ उस वक्त पूरा वातावरण भगवान श्री राम के जयकारो से गूंज उठा।हजारों लोगों ने भगवान श्रीराम का जयघोष किया। इस अवसर पर शानदार आतिशबाज़ी भी की गई। दो दिवसीय इस धार्मिक आयोजन में क्षेत्र के हजारों लोगों ने भाग लिया।श्रीराम वाटिका में पूरे विधि विधान और मंत्रोचारण के साथ भगवान श्रीराम की प्रतिमा का अनावरण हुआ। इस अवसर पर एक भजन संध्या भी आयोजित हुई जिसमे विख्यात भजन गायक छोटू सिंह रावणा ने उपस्थित श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इनके द्वारा गाये गए 'संगत करो नी निर्मल संत री म्हारी हेली' 'तीन बाण के धारी' और महाराणा प्रताप के भजन पर उपस्थित श्रद्धालु झूम उठे । इस अवसर पर राजस्थान मदरसा बोर्ड की पूर्व चेयरमैन मेहरूनिशा टॉक और पूर्व विधायक अभिषेक मटोरिया ने मंत्री झाबर सिंह खर्रा का साफा पहनाकर स्वागत किया। इसके अलावा भी अनेक संगठनों ने यूडीएच मंत्री खर्रा का अभिनंदन किया। इसके अलावा मंच पर हाल ही हुए अग्निकांड में राहत देने वाले कार्मिको, दीपावली पर आकर्षक सजावट करने वाले प्रतिष्ठानों, सफाई कार्मिकों और गणगौर सजाने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम में बोलते हुए खर्रा ने कहा कि भगवान श्रीराम की प्रतिमा पूरे क्षेत्र के लिए गौरव की बात है इन्होंने कहा कि आज श्रीराम वाटिका में भगवान विराजमान हुए हैं अब वाटिका का अधूरापन समाप्त हो गया है। पूर्व विधायक अभिषेक मटोरिया ने निरंतर विकास कार्य जारी रहने की बात कही। मेहरूनिशा टॉक ने कार्यक्रम में पधारने पर सभी आंगतुकों का आभार व्यक्त किया टॉक ने कहा कि बिना किसी भेदभाव समान रूप से विकास कार्य जारी रहेंगे। इन्होंने कहा की भगवान राम की प्रतिमा से क्षेत्र में सकारात्मक ऊर्जा संचारित होगी ।अधिशासी अधिकारी बसंत सैनी ने श्रीराम जी की प्रतिमा की स्थापना में सहयोग करने वाले सभी सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## वीर हनुमान दक्षिण मुखी बालाजी संत आश्रम पर भगवा वाहन रैली 11 को

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**उदयपुरवाटी।** रामपुर के पास स्थित वीर हनुमान दक्षिण मुखी बालाजी संत आश्रम पर दो दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन 11 व 12 अप्रेल को होगा। पीठाधीश्वर सिद्ध पीठ वेंकटेश बालाजी लोहार्गल व वीर हनुमान दक्षिण मुखी बालाजी रामपुर के स्वामी अश्विनी आचार्य महाराज ने जानकारी देते हुए बताया कि 11 अप्रेल को हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर त्रिमूर्ति मंदिर रामपुर से श्री वीर दक्षिण मुखी बालाजी मंदिर संत आश्रम तक भगवा वाहन रैली का आयोजन किया जाएगा। हनुमान जन्मोत्सव पर 11 अप्रेल को सुबह 8:15 बजे श्री रामलला व श्री हनुमंत आराधना सुबह 9:15 बजे अखंड संगीतमय श्री रामायण पाठ का आयोजन किया जाएगा। भंडारे का भी आयोजन होगा। जिसमें श्रद्धालु प्रसादी ग्रहण करेंगे। हनुमान जन्मोत्सव पर 12 अप्रैल को ही सुबह 8:15 बजे श्री बालाजी महाराज महाभिषेक सुबह 9:15 बजे रामायण पाठ एवं पूर्णाहुति का कार्यक्रम आयोजित होगा।

# विधायक भांबू ने सूर्या जल मंदिर व पक्षी चुग्गाघर का लोकार्पण किया



**झुंझुनूं।** गांव उत्तरासर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में सूर्या जल मंदिर व देवस्थान मंदिर के प्रांगण में पक्षी चुग्गाघर का लोकार्पण समारोह किया गया। यह जल मंदिर और चुग्गा घर ठाकुर साहब स्व. जवानसिंह की स्मृति में उनके सुपुत्र पूर्व पंसस भामाशाह गणेशसिंह शेखावत द्वारा बनाया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक राजेंद्र भांबू ने मंदिर और घर, दोनों का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा नेता विश्वंभर पूनियां ने की। अति विशिष्ट अतिथि सीबीईओ महेंद्र जाखड़, पूर्व सरपंच बाकरा सतीश खीचड़, बगड़ चेयरमैन गोविंदसिंह राठौड़, बालाजी ग्रुप के चेयरमैन कृष्ण गावड़िया, युवा मोर्चा नेता रविंद्र सिंह तोलियासर, कुलोद मंडल अध्यक्ष भाजपा अनुपम जाखड़, बूंटीनाथ आश्रम दोरासर के लखनगिरी महाराज मौजूद रहे। कार्यक्रम में सुरेश कुमार आर्य ने देश भक्ति रागनियां प्रस्तुत की। स्कूल प्राचार्य सभी अतिथियों का अभिवादन किया एवं कार्यक्रम में सुरेश गुर्जर, सूबेदार सवाईसिंह शेखावत, अर्जुनसिंह शेखावत, रामसिंह गुर्जर, करणीराम महला, सुमेर महला, रमेश कुमार सर्वा, बजरंगलाल मीणा, गिरधारी चावड़ा, प्रभातीलाल मीणा, गोपाल मीणा, राजेश मीणा, राधेश्याम पारीक, नरेश भूरिया, सांवरमल सैनी, सुरेंद्रसिंह दोरादास, नत्थूराम ख्यालिया, विद्याधर शर्मा, केशरदेव शर्मा, बाकरा से सुभाष रेप्सवाल, करणीराम खीचड़, महेंद्रसिंह शेखावत, योगेंद्रसिंह शेखावत, उम्मेदसिंह शेखावत, विक्रमसिंह शेखावत, कल्याणसिंह शेखावत, रघुवीरसिंह शेखावत, भंवरसिंह शेखावत, भोलाराम बोयल आदि मौजूद थे।

# अब तारानगर ब्लॉक के विद्यालय ऑनलाइन होंगे : डॉ सुमन जाखड़

## एक ही दिन में बनाई 25 विद्यालय की वेबसाइट



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सादुलपुर।** तारानगर के मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी डॉ. सुमन जाखड़ के मार्गदर्शन में मंगलवार को ब्लॉक स्तर पर कार्यरत कम्प्यूटर अनुदेशकों की बैठक का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य प्रत्येक विद्यालय की वेबसाइट का निर्माण एवं उसे प्रभावी रूप से संचालित करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान करना है बैठक में सभी कम्प्यूटर अनुदेशकों को वेबसाइट निर्माण की प्रक्रिया, आवश्यक सामग्री, तकनीकी पक्ष तथा अद्यतन जानकारी अपलोड करने की विधियों पर विस्तार से प्रशिक्षण प्रदान किया गया। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी डॉ. जाखड़ ने कम्प्यूटर अनुदेशकों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान युग में विद्यालयों की डिजिटल उपस्थिति अत्यंत आवश्यक है। इससे न केवल पारदर्शिता बढेगी, बल्कि अभिभावकों, विद्यार्थियों एवं समुदाय को भी विद्यालय की गतिविधियों की जानकारी सरलता से उपलब्ध हो सकेगी। बैठक में कम्प्यूटर अनुदेशक गौरव शर्मा द्वारा वेबसाइट निर्माण हेतु विभिन्न टूल्स एवं प्लेटफॉर्मस की जानकारी दी गई। सभी अनुदेशकों को अभ्यास सत्र में भाग लेने का अवसर प्रदान किया गया, बैठक में एसीबीओचा भागचंद ने बताया कि सभी विद्यालयों की वेबसाइट शीघ्रता से तैयार कर सक्रिय की जाएगी, जिससे शिक्षा विभाग के डिजिटल इंडिया अभियान को और गति मिल सके। कार्यक्रम का संचालन आरपी रामनिवास घेतरवाल ने किया।

# तारानगर नगरपालिका कर्मचारी फैडरेशन संघ के त्रिशूल भाटी अध्यक्ष बने



**सादुलपुर।** तारानगर के नगरपालिका सभागार में अधिशाषी अधिकारी अजय प्रताप सिँह, चेयरमेन प्रतिनिधि ऊष्मान मलिक एवं प्रांतीय सरंक्षक रिछपाल चौधरी की उपस्थिति में नगरपालिका कर्मचारी संघ व राजस्थान नगरपालिका कर्मचारी फैडरेशन शाखा तारानगर की बैठक आयोजित हुई जिसमें कर्मचारियों द्वारा सर्वसहमति से त्रिशूल भाटी संघ के अध्यक्ष चुने गए एवं कृष्ण कुमार भाम्भू को महामंत्री, नौरतमल को उपाध्यक्ष, अनिल कुमार को संयुक्त सचिव, मनोज कुमार कोषाध्यक्ष, शक्ति सिंह राठौड़ संरक्षक, लक्खू सिंह शेखावत, पवन कुमार सोलंकी सलाहकार, नितेश उपाध्याय सुशील कुमार, संदीप कुमार, प्रेमचंद, लक्ष्मण को सदस्य नियुक्त कर कार्यकारिणी का गठन किया गया। अध्यक्ष ने बताया की कर्मचारी की समस्या के लिए निरंतर प्रयासरत रहेगे एवम समस्या का समाधान होगा। इस मोके पर पालिका कार्मिक उपस्थित रहे।

# फुले अंबेडकर रैली में पहुंचने को लेकर किया जनसंपर्क




जागरूक टाइम्स संवाददाता

**उदयपुरवाटी।** माली सैनी समाज संस्था झुंझुनूं के जिलाध्यक्ष महेंद्र शास्त्री ने महात्मा ज्योतिबा फुले और बाबा साहेब अंबेडकर की जयंती पर 11 अप्रेल को झुंझुनूं में आयोजित होने वाली वाहन रैली में अधिक से अधिक लोगों को पहुंचने के लिए विभिन्न प्रचार एवं प्रसार टीमें गठित की हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को महिला विंग की जिलाध्यक्ष बबली सैनी के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई। जिसमें संरक्षक सुधा पंवार, प्रचार मंत्री बृजेश देवी आदर्श नगर, बीआरएस स्पोर्ट्स एकेडमी के निदेशक पवन जमालपुरिया और विधि सलाहकार एडवोकेट मोतीलाल सैनी शामिल थे। इस टीम ने सत्य शोधक समाज के संस्थापक महात्मा ज्योतिबा फूले और संविधान निर्माता बाबासाहेब अंबेडकर की जयंती के अवसर पर आयोजित वाहन रैली में लोगों को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए माली सैनी समाज संस्था झुंझुनूं द्वारा डोर-टू-डोर जनसंपर्क किया। टीम ने उदयपुरवाटी क्षेत्र के चूंगी नंबर तीन, यूसीसी क्लासेज, रीजनल गर्ल्स कॉलेज, तहसील परिसर, घाट, शाकंभरी रोड, घूमचक्कर, नांगल ढहर क्षेत्र में जनसंपर्क किया। इस दौरान नीलमचंद सैनी, एडवोकेट सुशीला सैनी, रामनिवास चेयरमैन, उदयपुरवाटी कोर्ट बार के अध्यक्ष मेघराज, एडवोकेट क्षवण सैनी, रमेश, एडवोकेट हंसराज कबीर, ममता चौधरी और सर्व समाज ने जनसमर्थन प्रदान किया।

## बाबा साहब की जयंती पर होगा प्रतिभाओं का सम्मान

**उदयपुरवाटी।** कस्बे के वार्ड 25 में स्थित अंबेडकर भवन में 14 अप्रेल को बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर प्रतिभाओं का सम्मान होगा। पार्षद राजेंद्र ढेनवाल ने बताया कि 14 अप्रेल को सुबह 11 बजे बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती समारोह पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी के मुख्य आतिथ्य में मनाएंगे।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राज्य नोडल अधिकारी डॉ. धौलपुरिया व डॉ. सोनी को किया सम्मानित



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** राज्य में संचालित टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान के नोडल अधिकारी डॉ. एसएन धौलपुरिया व राज्य क्षय रोग अधिकारी डॉ. पुरूषोत्तम सोनी को विश्व स्वास्थ्य दिवस पर जयपुर में राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने सम्मानित किया। यह सम्मान उन्हें प्रदेश में पंचायतों में टीबी उन्मूलन के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय कार्यों के लिए प्रदान किया गया। इन दोनों प्रदेश अधिकारियों को यह सम्मान राज्य के समस्त जिलों में टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन, प्रयासों को प्रभावी ढंग से लागू करने और महत्वपूर्ण सफलताएं हासिल करने के लिए दिया गया है। उनके नेतृत्व में पूरे राजस्थान में तीन हजार से अधिक पंचायते टीबी मुक्त घोषित होने के साथ-साथ प्रदेश मेंटीबी नियंत्रण और रोकथाम के क्षेत्र में सराहनीय प्रगति दर्ज की गई। जो प्रदेश में क्षय उन्मूलन की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। सम्मान प्राप्त करने के बाद टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान के स्टेट नोडल अधिकारी डॉ. एसएन धौलपुरिया व स्टेट टीबी ऑफिसर डॉ. पुरूषोत्तम सोनी ने कहा कि यह सम्मान प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ के कुशल मार्गदर्शन में किए गए सराहनीय कार्यों का परिणाम है। उन्होंने इस सफलता का श्रेय समस्त जिलों के सीएमएचओ, डीटीओ व पूरे स्वास्थ्य विभाग की टीम को दिया। उन्होंने कहा कि कि यह सामूहिक प्रयास का ही नतीजा है कि राजस्थान प्रदेश टीबी उन्मूलन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण मुकाम हासिल कर सका है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर, प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने अभियान से जुड़े समस्त अधिकारी कार्मिकों को बधाई दी। विदित रहे कि डॉ. एसएन धौलपुरिया झुंझुनूं में लंबे समय तक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के पद पर अपनी सेवाएं देकर जिले को अनेक उपलब्धियां दिलवाई है। इसके बाद स्टेट तंबाकू सेल के साथ-साथ स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न अभियानों में अपनी सक्रिय भूमिका निभाते रहे है।

## डीडवाना शीतलकुण्ड बालाजी के हनुमान जन्मोत्सव की तैयारी, पं. प्रदीप मिश्रा देंगे प्रवचन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**कुचामन सिटी।** डीडवाना के सिद्ध धाम श्री शीतल कुण्ड बालाजी मंदिर में हनुमान जयंती महोत्सव का आयोजन 10 से 12 अप्रैल तक किया जाएगा। यह मंदिर श्री आदि सिद्ध स्थान नागोरिया मठ डीडवाना की शाखा है। महोत्सव की शुरुआत 10 अप्रैल को सुबह 8 बजे मंदिर परिक्रमा से होगी। पहले दिन हनुमत महायज्ञ, हनुमान सहस्त्रनाम पाठ और महिला भक्ति संगीत का आयोजन होगा। 11 अप्रैल को पंडित प्रदीप मिश्रा का विशेष प्रवचन रहेगा। इसी दिन सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ और संगीतमय सुंदरकांड का आयोजन भी होगा। 12 अप्रैल को जन्मोत्सव आरती, गोष्ठी प्रसाद और यज्ञ पूर्णाहुति होगी। शाम को हनुमान जी का भव्य पुष्प बंगला और छप्पन भोग दर्शन का आयोजन किया जाएगा। रात में श्री श्रीनिवास भक्ति संगीत संध्या में इंदौर से आए गोपाल मिश्रा एंड पार्टी भजनों की प्रस्तुति देंगे। नागोरिया पीठाधीश्वर स्वामी श्री विष्णु प्रपन्नाचार्य महाराज का तीनों दिन पावन सानिध्य रहेगा। आयोजकों के अनुसार हजारों श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। मंदिर परिसर को भव्य रूप से सजाया जाएगा और प्रतिदिन हनुमान जी का विशेष श्रृंगार किया जाएगा।

# न्यूज ब्रीफ

## मूर्तिकार महावीर भारती और निर्मला कुल्हरी सम्मानित

भगवान श्री राम की अष्ट धातु की प्रतिमा का किया निर्माण



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नोहर।** सोमवार को श्रीराम वाटिका में आयोजित भगवान श्रीराम की प्रतिमा अनावरण समारोह में देश के विख्यात मूर्तिकार महावीर भारती और निर्मला कुल्हरी को सम्मानित किया गया। अनावरण समारोह में नगरीय विकास एवं स्वायत शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने प्रतीक चिह्न भेंट कर इनको सम्मानित किया। विदित रहे की भारती शिल्प कला केंद्र जयपुर में मूर्तिकार महावीर भारती और निर्मला कुल्हरी द्वारा ही भगवान श्रीराम की अष्ट धातु की 11 फिट की प्रतिमा का निर्माण किया गया है। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष हाजन खातून बानो टॉक, पूर्व विधायक अभिषेक मटोरिया,राजस्थान मदरसा बोर्ड की पूर्व अध्यक्ष मेहरूनिशा टॉक और अधिशासी अधिकारी बसंत सैनी उपस्थित रहे। अपने सम्मान पर मूर्तिकार महावीर भारती ने बताया कि उनके द्वारा बनाई गई भगवान श्रीराम की प्रतिमा का उनकी जन्मभूमि पर स्थापित होना गर्व की बात है। मूर्तिकार महावीर भारती और निर्मला कुल्हरी के सम्मानित होने पर उनके शुभचिंतकों ने खुशी जताई है ।विदित रहे की भारती शिल्प कला केंद्र में निर्मित अनेकों प्रतिमाएं देश भर में स्थापित हुई हैं। इन्होंने अनेक देवी देवताओं, महापुरुषों और राजनीतिज्ञों की प्रतिमाओं का निर्माण किया है जो देश-विदेश में स्थापित हैं ।

## जीडीसी महाविद्यालय में दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन 10 व 11 अप्रैल को

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सादुलपुर।** बहल बीआरसीएम एजुकेशन सोसाइटी के अंतर्गत संचालित स्थानीय जीडीसी महाविद्यालय बहल में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में हो रहे नवीनतम अनुसंधानों एवं उपलब्धियों पर आधारित एक दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस सम्मेलन का विषय 'एडवांसेज इन बेसिक साइंस एंड टेक्नोलॉजी है, जो कि 10 एवं 11 अप्रैल 2025 को आयोजित किया जाएगा इस सम्मेलन के मुख्य अतिथि प्रोफेसर दीप्ति धर्मानी (उप कुलपति, चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय, भिवानी) होंगी, जबकि प्रोफेसर एस.पी. खटकड़ विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। यह सम्मेलन देश के विभिन्न राज्यों से आने वाले विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों के छात्र, शोधार्थी, सहायक प्राध्यापक तथा वैज्ञानिकों को एक साझा मंच प्रदान करेगा, जहाँ वे अपने शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे एवं विचारों का आदान-प्रदान करेंगे। सम्मेलन में लगभग 350 से अधिक प्रतिभागियों के सम्मिलित होने की पुष्टि की जा चुकी है। इस राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्देश्य विज्ञान एवं तकनीकी क्षेत्रों में हो रहे नवीनतम अनुसंधानों को साझा करना, नवाचार को बढ़ावा देना एवं शैक्षणिक एवं अनुसंधान जगत के मध्य एक सशक्त संवाद स्थापित करना है। सम्मेलन के दौरान विभिन्न विषयों पर आधारित तकनीकी सत्रों, शोध पत्र प्रस्तुतिकरण एवं पोस्टर प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा बीआरसीएम शिक्षण समिति के निदेशक डॉ. एस.के. सिन्हा ने इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि इस प्रकार के शैक्षणिक आयोजनों से विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों को अपने ज्ञान के क्षेत्र में विस्तार करने तथा राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने का अवसर प्राप्त होता है यह सम्मेलन न केवल ज्ञानवर्धक होगा, बल्कि प्रतिभागियों को एक नई दिशा देने में भी सहायक सिद्ध होगा।

## सहायक कृषि अधिकारी ने रात्रि चौपाल में किसानों की सुनीं समस्याएं

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सादुलपुर।** राजगढ़ उपखण्ड क्षेत्र में तहसील के सहायक कृषि अधिकारी राजवीर सिंह मितड ने गांव भाकरां में रात्रि चौपाल में किसानों को राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने फील्ड क्षेत्र के दौरे के दौरान रात्रि सच जनरल स्टोर भाकरां में विश्राम किया एवं अपने ठहराव के दौरान किसानों को उन्नत खाद बीज एवं जिप्सम की जानकारी दी। सहायक कृषि अधिकारी मितड ने किसानों को कीटनाशक से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में भी विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। उन्होंने समय-समय पर मिट्टी पानी की जांच एवं जमीन की उर्वरक शक्ति बनाए रखने के लिए मिट्टी संतुलन बनाए रखने को कहा इस दौरान किसान नेतराम मेहरा बलवान सिंह घणघस दरिया सिंह मिल नरेंद्र सिंह मेहरा मनीराम सांगवान आदि उपस्थित रहे।

## जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैयालाल चौधरी आज जिले के दौरे पर रहेंगे

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**कुचामन सिटी।** डीडवाना-कुचामन जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं भू-जल विभाग तथा जिला प्रभारी मंत्री कन्हैयालाल चौधरी बुधवार को कुचामन आएंगे। निर्धारित कार्यक्रमानुसार मंत्री बुधवार, 9 अप्रैल को दोपहर 1.30 बजे मालपुरा से प्रस्थान कर 5.00 बजे नगर परिषद सभागार कुचामन पहुंचेंगे, जहां वे नागौर एवं डीडवाना-कुचामन जिलों की विभागीय समीक्षा बैठक लेंगे।

## गायों को खिलाया दलिया व हरा चारा

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**उदयपुरवाटी।** कस्बे के शाकंभरी रोड पर स्थित गायत्री गौशाला में पूर्व विधायक स्व. रामेश्वरलाल सैनी की धर्मपत्नी नारायणी देवी की प्रथम पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए दान पुण्य किया। श्री रामेश्वरलाल सैनी मेमोरियल सेवा संस्थान गौशाला में गायों को दलिया व हरा चारा खिलाया। श्रद्धांजलि में भाजपा नेत्री मीनू सैनी, एडवोकेट केसरदेव सैनी, अनिल योगी, एडवोकेट मेघराज सैनी, सेवानिवृत्ति शिक्षाविद् मोतीलाल सैनी, शीशराम, सीताराम, मुकेश तंवर, डॉ. नवनीत सैनी, गणेश सैनी, सतीश सैनी, रूड़मल, सचिन सैनी आदि मौजूद रहे।

## ब्राह्मण समाज परशुराम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाएगा

**झुंझुनूं।** ब्राह्मण समाज द्वारा आगामी 29 अप्रेल अक्षय तृतीया मंगलवार को होने वाले भगवान परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम को महोत्सव के रूप में मनाने की तैयारियों को लेकर चूणा चौक पुरोहितों की बगीची में समाज की एक बैठक शिवचरण पुरोहित की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि चूणा चौक पार्क में आयोजित होने वाले परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम को विप्र समाज के सभी संगठन मिलकर मनाएंगे। जिसमे हिंदू सनातन समाज के सभी वर्ग भाग लेंगे। इसको लेकर आगामी 20 अप्रेल को सायं चार बजे पुरोहितों की बगीची में एक वृहद बैठक का आयोजन किया जाएगा। जिसमें विप्र समाज के सभी संगठनों से चर्चा कर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट दिए बाल विवाह के प्रभावी रोकथाम के निर्देश

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**अलवर।** जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ. आर्तिका शुक्ला ने अक्षय तृतीया (आखातीज) के पर्व एवं पीपल पूर्णिमा अबूझ सावा पर बाल विवाहों की प्रभावी रोकथाम हेतु उपखण्ड अधिकारियों, तहसीलदारों एवं जिला स्तरीय अधिकारियों को समुचित कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया है। उन्होंने निर्देश दिये कि अपने-अपने क्षेत्र में स्वयंसेवी संस्थाओं से समन्वय कर बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के प्रावधानों का व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार कराकर आमजन को बाल विवाह रोके जाने हेतु जागरूक करें। साथ ही बाल विवाह की सूचना प्राप्त होने पर बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत कानूनी कार्रवाई करें।

### 10 अप्रैल को अलवर शहर के समस्त बूचडखाने एवं मांस-मछली की दुकानें रहेंगी बंद

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**अलवर।** नगर निगम आयुक्त जितेन्द्र सिंह नरूका ने बताया कि श्री महावीर जयन्ती के अवसर पर 10 अप्रैल (गुरूवार) को अलवर शहर के समस्त बूचडखाने एवं मांस-मछली की दुकानें बंद रहेगी। उल्लेखनीय है कि श्री महावीर जयन्ती महोत्सव का आयोजन 10 से 12 अप्रैल तक किया जाएगा।

### किसान संघ की मासिक बैठक हुई



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**उदयपुरवाटी।** कस्बे के बस स्टैंड पर स्थित अग्रसेन धर्मशाला में मंगलवार को भारतीय किसान संघ की मासिक बैठक हुई। राष्ट्रीय अधिवेशन में हुई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। आगामी संभागीय बैठक में भाग लेने के लिए प्रस्ताव लिया गया। इस दौरान प्रभारी समंदर सैनी, तहसील अध्यक्ष अशोक बोहरा, मोहन सैनी, शिशुपाल सैनी इंद्रपुरा, नानूराम सैनी, ओनाड़ सैनी, देवेंद्र सिंह, किसान नेता धन्नाराम सैनी आदि मौजूद रहे।

### दिवांशी चुनीं गई मिस फेयरवेल



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** राजकीय कन्या महाविद्यालय हेतमसर में तृतीय वर्ष में अध्यनरत छात्राओं के लिए जूनियर छात्राओं द्वारा विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विदाई कार्यक्रम में तृतीय वर्ष में अध्यनरत छात्राओं के लिए हुई विभिन्न प्रतियोगिताओं के पश्चात महाविद्यालय में छात्रा दिवांशी को मिस फेयरवेल चुना गया। द्वितीय रनरअप सोनिया चेजारा एवं प्रथम रनर अप सलोनी जांगिड़ रही। तीन वर्ष तक महाविद्यालय में लगातार उत्कृष्ट सह शैक्षणिक गतिविधियों में भागीदारी निभाने वाली सभी छात्राओं को महाविद्यालय ने मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया। प्राचार्या डॉ. सुनिता बेनीवाल ने सभी छात्राओं से महाविद्यालय परिवार से लगातार जुड़े रहने का आह्वान किया।

### गोपालशरण गर्ग का चिड़ावा में अभिनंदन कार्यक्रम आज

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**चिड़ावा।** शहर के सनातन आश्रम महालक्ष्मी धाम में नौ अप्रेल बुधवार को अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपालशरण गर्ग का अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जानकारी देते हुए महालक्ष्मी धाम के पीठाधीश प्रभुशरण तिवाड़ी ने बताया कि गोपालशरण गर्ग के नेतृत्व में अग्रोहा में विश्व का सबसे बड़ा महालक्ष्मी मंदिर बनने जा रहा है। सायं पांच बजे आयोजित होने वाले अभिनंदन कार्यक्रम में गर्ग का स्वागत अभिनंदन किया जाएगा तथा अग्रोहा में बन रहे विश्व के सबसे बड़े महालक्ष्मी मंदिर की सफलता की कामना के लिए मां महालक्ष्मी के दरबार में महालक्ष्मी का आशीर्वाद भी दिया जाएगा। ज्ञात है गर्ग व्यापारियों की राष्ट्रीय संस्था के भी अध्यक्ष है। कार्यक्रम में शहर के प्रबुद्ध जनों सहित सनातन आश्रम विकास समिति के सदस्य मौजूद रहेंगे।

### एसपी ने थमाया चिड़ावा सीआई को नोटिस

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** जिले के चिड़ावा सीआई आशाराम गुर्जर को एसपी शरद चौधरी ने नोटिस थमाया है। मामला एक सट्टे की कार्रवाई से जुड़ा हुआ है। दरअसल चिड़ावा सीआई आशाराम गुर्जर ने खुद पांच अप्रेल को चिड़ावा कस्बे के पुरानी बस्ती स्थित एक मकान में दबिश देकर आईपीएल मैचों पर हो रहे सट्टे के खिलाफ कार्रवाई की थी। पुलिस ने जब दबिश दी तो वहां पर 37 वर्षीय जयदीप उर्फ चिन्टू नूनियां सट्टे की लगाईवाली और खाईवाली करते हुए मिला। चिड़ावा सीआई ने मौके से ना केवल पांच मोबाइल जब्त किए थे। बल्कि सट्टे के हिसाब किताब एक रजिस्टर भी जब्त किया था। इस मामले को चिड़ावा सीआई आशाराम गुर्जर ने जुआ एक्ट में बनाकर मौके पर ही सटोरिए जयदीप उर्फ चिन्टू को जमानत दे दी थी। यही नहीं मौके पर पुलिस ने एक तरफ पांच मोबाइल जब्त किए। बावजूद इसके मामले आईटी एक्ट की धाराएं नहीं जोड़ी। जिसकी जानकारी जब एसपी शरद चौधरी को लगी तो उन्होंने चिड़ावा सीआई आशाराम गुर्जर को नोटिस देकर इस मामले में स्पष्टीकरण मांगा है। एसपी चौधरी ने बताया कि सीआई से जवाब मांगा गया है। जवाब आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। आपको बता दें कि इस मामले में एसपी ने मौके पर ही जमानत दिए जाने और मामले में मोबाइल जब्ती के बावजूद आईटी एक्ट की धारा ना जोड़ने के बारे में स्पष्टीकरण मांगा है।

**इधर, खेतड़ी थाने के हैड कांस्टेबल को दी चार्जशीट :** एसपी शरद चौधरी ने खेतड़ी थाने के हैड कांस्टेबल राजकुमार को भी चार्जशीट थमाई है। एसपी ने बताया कि खेतड़ी थाने में एक मारपीट का मामला दर्ज किया गया था। इस मामले की जांच हैड कांस्टेबल राजकुमार के पास थी। जिसने पहले तो आरोपी को सिर्फ शांतिभंग की धाराओं में गिरफ्तार किया। जबकि आरोपी को दर्ज एफआईआर में गिरफ्तार किया जाना था। साथ ही मारपीट में घायल पीड़ित का पहले झुंझुनूं तथा बाद में जयपुर में ईलाज चला। इन दोनों ही जगहों की मेडिकल रिपोर्ट को जांच में शामिल नहीं किया। जिसे देखते हुए उन्हें चार्जशीट दी गई है।

# मैं कोई फूल नहीं हूं, जो बिखर जाऊंगी, मैं वो खुशबू हूं जो सांसों में उतर जाऊंगी : खुशबू शर्मा

### चैत्रीय नवरात्रा में माता रानी के मेले में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाड़ी।** धौलपुर जिले के बाड़ी उपखंड पर शहर में चैत्रीय नवरात्रा में मां राज राजेश्वरी के मेले में नगर पालिका द्वारा नवदुर्गा महोत्सव का आयोजन किया गया। नवदुर्गा महोत्सव के समापन पर अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ। जिसमें अनामिका जैन अंबर, खुशबू शर्मा, कवि रामबाबू सिकरवार जैसे ख्यातिनाम कवियों ने काव्य पाठ किया। पूरा आयोजन देर रात तक जारी रहा। काव्य पाठ से पूर्व सभी कवियों का मेलाध्यक्ष अमर सिंह पोसवाल और नगर पालिका टीम द्वारा स्वागत एवं सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक गिर्राज सिंह मलिंगा रहे साथ में बाड़ी उप जिला कलेक्टर भगवत शरण त्यागी, तहसीलदार उत्तमचंद बंसल, बाड़ी सर्किल ऑफिसर पुलिस उप अधीक्षक महेन्द्र कुमार मीणा, बाड़ी कोतवाली थाने के उपनिरीक्षक हरवीर सिंह,महाराज बाग पुलिस टाउन चौकी प्रभारी श्याम सुंदर शर्मा, ट्रैफिक पुलिस इंचार्ज गोविंद सिंह एवं उनकी टीम, समाजसेवी रामकिशन गर्ग,पूर्व सरपंच विशंभर सिंह,बाड़ी राजकीय सामान्य चिकित्सालय प्रभारी डॉ हरिकिशन मंगल का मंच पर स्वागत एवं सम्मान हुआ। कार्यक्रम में विशिष्ट स्थिति के रूप में चेयरमैन प्रतिनिधि होतम सिंह, वाइस चेयरमैन अहमद जमा खां, समाजसेवी मुस्ताक अहमद, भाजपा जिला महामंत्री अनिल गोयल,बाड़ी भाजपा नगर अध्यक्ष वंदना शिवहरे सहित अन्य अतिथियों का भी मंच से स्वागत एवं सम्मान किया गया। साथ में मेला आयोजन में सहयोग करने वाले साउंड एवं माइक जेएमडी, पप्पू टेंट वाले, फोटो स्टूडियों संचालक एमके खां एवं खेमचंद का भी मेला मंच से स्वागत और सम्मान हुआ। कवि सम्मेलन के दौरान मेरठ से आई कवियत्री अनामिका जैन अंबर ने कहा तय कर लो अब सत्य सनातन की,छाया हो, शासन पर राम भक्त ही राज करेगा दिल्ली के सिंहासन पर। दिल्ली की हास्य श्रृंगार की कवियत्री खुशबू शर्मा ने कहा 'मैं कोई फूल नहीं हूं,जो बिखर जाऊंगी, मैं वो खुशबू हूं जो सांसों में उतर जाऊंगी' गीतकार कवि रामबाबू सिकरवार ने कहा 'पथ भ्रष्ट लोग झूठ का विष घोल रहें हैं, ताकत हमारे पुरखों की वे तौल रहे हैं,जो खुद है राष्ट्रद्रोही नीच है, निकृष्ट है, गद्दार वे राणा सांगा को बोल रहे हैं' वीर रस के कवि सौरभ जैन सुमन ने कहा 'औरंगजेब के लिए हमको बतलाया जाता है, अकबर महान इतिहासों में,नहीं मिलता औरंगजेब सा प्रतिमान इतिहासों में, यदि ये महान थे तो वो कौन थे जो असमत से खेले थे,जिनकी बर्बरता के कोढ़े हमने पीठों पर झेले थे' हास्य के कवि विनोद पाल और बनारस के कवि दमदार बनारसी ने कहा 'जिस दिन से मेरी बीबी ने धमकाया है मुझे, उस दिन से मैंने घर से नीला ड्रम हटा दिया है' और वही कवि डॉ प्रतीक गुप्ता ने कहा 'अवधपुरी में भगवा झंडा लहर-2 लहरायेगा,रामलला के भव्य दर्शन कोई भाग्यवान ही पायेगा,मत कोसो उन लोगों को जाने से इंकार करें,जिनको रामजी चाहेंगे वो ही तो मिलने जायेगा' कवियों ने अपने हास्य-व्यंग्य की ऐसी रचनाएं प्रस्तुत की, वहीं श्रोता लोटपोट हो गए।

## ढूकिया हॉस्पिटल की ओर से फ्री चैकअप कैंप का आयोजन



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** ढूकिया हॉस्पिटल झुंझुनूं द्वारा विश्व स्वास्थ्य दिवस पर निशुल्क चिकित्सा सलाह एवं परामर्श शिविर का आयोजन लगातार श्रृंखलाबद्ध तरीके से शहर के विभिन्न पार्कों में कैंपों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को बसंत विहार पार्क में शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें न्यूरो विशेषज्ञ डॉ. नितिन चौधरी, गुर्दा एव मूत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. विजय ओला, ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. महेंद्र एवं जनरल फिजीशियन डॉ. इरफान नजीर, डॉ. अपूर्व मान, डॉ. रिसब चौधरी द्वारा स्वास्थ्य संबंधित सलाह व परामर्श दिया गया एवं निशुल्क बीपी, शुगर, अस्थमा एवं हिमोग्लोबिन की जांच की गई। जिसका बढ़िया प्रभाव रहा व लोगों ने बताया कि यह ढूकिया हॉस्पिटल द्वारा की गई बढ़िया पहल है। जिससे सुलभ व सुगम तरीके से सुपर स्पेशिलिटी सलाह व परामर्श शिविर उपलब्ध करवाने के इस नवाचार के लिए ढूकिया हॉस्पिटल प्रबंधन का धन्यवाद दिया। डॉ. मोनिका ढूकिया ने बताया कि विश्व स्वास्थ्य दिवस पर ढूकिया हॉस्पिटल द्वारा नौ अप्रेल बुधवार को गांधी चौक पार्क व 10 अप्रेल गुरूवार को परिजात पार्क में निशुल्क चिकित्सा सलाह एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने सभी से विश्व स्वास्थ्य दिवस पर निशुल्क चिकित्सा सलाह एवं परामर्श शिविर की श्रृंखला के तहत लगने वाले कैंपों का लाभ लेने का आह्वान किया है। डॉ. मोनिका ढूकिया ने बताया कि अस्पताल में एक ही छत के नीचे सुपर स्पेशलिटी न्यूरो एवं स्पाइन विशेषज्ञ, गुर्दा व मूत्र रोग विशेषज्ञ, घुटना कूल्हा ट्रांसप्लाट व हड्डी जोड़ सर्जरी व ट्रोमा, बीपी शुगर, अस्थमा, पित्त की थैली, अपेंडिक्स ईसीएचएस, आरजीएचएस, चिरंजीवी (मा योजना) में निशुल्क निदान की सेवाएं 24 घंटे सातों दिन उपलब्ध कराई जा रही हैं।

## साहित्यकार पचरंगिया की पत्नी गंगा पचरंगिया कर्मश्री अवॉर्ड से सम्मानित

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**चिड़ावा।** विश्व की पांच हजार साहित्यिक हस्तियों में शामिल रहे साहित्यकार डॉ. ओमप्रकाश पचरंगिया की धर्मपत्नी समाजसेवी गंगा पचरंगिया को कर्मश्री अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। पचरंगिया की ये सम्मान उत्तरप्रदेश के शामली जनपद में सामाजिक संगठन कर्मण्य सर्वहित संस्था की ओर से दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कर्नल एएस भदौरिया ने गंगा पचरंगिया को प्रशस्ति पत्र देकर और दुपट्टा देकर सम्मानित किया। इस दौरान कर्नल भदौरिया ने साहित्यकार डॉ. ओमप्रकाश पचरंगिया के साहित्य से और गंगा पचरंगिया के समाज हित में किए गए कार्यों से सभी को प्रेरणा लेने का आह्वान किया। समारोह में गंगा पचरंगिया ने सभी अपने जीवन को समाज से जोड़े रखने और अपनी नेक कमाई में से जरूरतमंद लोगों की मदद करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद की मदद कर उनको काफी खुशी मिलती है। इस दौरान डॉ. ओमप्रकाश पचरंगिया की सुपुत्री सुनिता शर्मा का भी अभिनंदन किया गया। समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में सामाजिक सेवा करने वाली 20 प्रतिभाओं के साथ ही दिव्यांग खिलाड़ियों का भी सम्मान किया गया।



## अपना घर शालीमार में फर्जीवाड़ा, एक फ्लैट को दो बार बेचा, मालिक गिरफ्तार

### कागज पर फर्जी सब रजिस्ट्रार की मुहर लगाई; दो बार में 41 लाख रुपए लिए



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**अलवर।** अलवर सदर थाना पुलिस ने पत्नी के नाम दर्ज फ्लैट के फर्जी दस्तावेज तैयार कर दो बार बेचान करने वाले आरोपी व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी रवि जैन का अपना घर शालीमार में फ्लैट था, जिसे दो अलग-अलग व्यक्तियों को बेच दिया। दोनों के मुकदमा दर्ज कराने के बाद पुलिस ने आरोपी फ्लैट मालिक को अरेस्ट किया है। सदर थाने के सहायक उपनिरीक्षक हरलाल ने बताया कि रवि जैन ने उप तहसीलदार और उप पंजीयक की फर्जी मुहर तैयार कर दस्तावेज तैयार कर लिए। पहले सीताराम किराड़ को 21 लाख रुपए में बेचा। उसके बाद मोहित जैन को 20 लाख रुपए में वही फ्लैट बेच दिया। आरोपी ने इतनी सफाई से फर्जीवाड़ा किया कि किसी को शक नहीं हुआ। बाद में दो मालिक सामने आए, तब धोखाधड़ी का पता चला। इसके बाद दोनों खरीददारों ने सदर थाना पहुंचकर रवि जैन के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई। इसके साथ रवि जैन की पत्नी ने भी फ्लैट बिक्री को लेकर तीनों के खिलाफ अलग से मामला दर्ज कराया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी रवि जैन को गिरफ्तार कर लिया है। सहायक उपनिरीक्षक हरलाल ने बताया कि आरोपी से फर्जी दस्तावेज तैयार करने के तरीके और उसके साथ जुड़े अन्य व्यक्तियों के बारे में पूछताछ की जा रही है।

## ईद मिलन समारोह आयोजित

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** मिल्लत वेलफेयर ट्रस्ट और मेडिकल सर्विस सोसायटी झुंझुनूं की तरफ से जमातखाना अल कुरैश गेस्ट हाउस में ईद मिलन प्रोग्राम रखा गया। इस प्रोग्राम में झुंझुनूं की गंगा जमुना संस्कृति की मिसाल देखी गई। इस प्रोग्राम में विभिन्न संस्थाओं लॉयंस क्लब, रोटरी क्लब, महावीर इंटरनेशनल, सद्भावना मंच झुंझुनूं, ईदगाह कमेटी झुंझुनूं, अल कुरैश वेलफेयर सोसाइटी, एपीसीएआर कमेटी झुंझुनूं के विभिन्न पदाधिकारी व सदस्यगण शामिल हुए और एक से बढ़कर एक नज्म और शेरों शायरी के जरिए सद्भावना के विचार प्रकट किए गए। इस प्रोग्राम में कारगिल योद्धा कैप्टन टीपू सुल्तान खान ने झुंझुनूं के विभिन्न धर्मों के बीच आपसी यारी दोस्ती का तराना पेश किया। सद्भावना मंच और भगत सिंह विचार मंच के अध्यक्ष बजरंगलाल एडवोकेट दयानंद ने भी नफरत को हराकर प्रेम की बयार फैलाने के अपने विचार प्रकट किए। लॉयंस क्लब से पधारे लॉयंस क्लब झुंझुनूं सलाहकार नरेंद्र व्यास, सचिव गोपाल कृष्ण गुप्ता, उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह शेखावत, मनोज सिंह ने भी आपसी सौहार्द की जरूरत पर जोर दिया। ईदगाह कमेटी के सेकेटरी इकबाल मलवान और शहर काजी सफीउल्ला सिद्दिकी ने इस्लाम में मानवता के संदेश की व्याख्या कर मिसाल पेश की।मदरसा बोर्ड के अध्यक्ष एमडी चोबदार साहब ने भी ईद की बधाइयां दी और सभी को मिलजुलकर वतन की तरक्की में योगदान की बात कही।

## विधायक व चेयरमैन का कई सामाजिक संगठनों ने किया नागरिक अभिनंदन



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नवलगढ़।** कस्बे के सेठवाली ढाणी में मानव जन कल्याण सेवा संस्थान के तत्वावधान में मंगलवार को नागरिक अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। नवलगढ़ विधायक विक्रम सिंह जाखल कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। पालिका चेयरमैन सुरेंद्र सैनी फूलवाला ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। उपस्थित लोगों ने पुष्प माला व साफा पहनाकर विधायक विक्रम सिंह जाखल व चेयरमैन सुरेंद्र सैनी फूलवाला का स्वागत किया। वहीं कस्बे की कई सामाजिक संगठनों ने पुष्प माला, साफा व प्रतीक चिह्न प्रदान कर चेयरमैन सुरेंद्र सैनी फूलवाला का अभिनंदन किया। इस दौरान केक काटकर सुरेंद्र सैनी फूलवाला का जन्मदिन भी मनाया गया। वहीं पालिका चेयरमैन सुरेंद्र सैनी फूलवाला ने आशा का झरना के विशेष विमंदित बच्चों के साथ में केक काटकर भी अपना जन्मदिन मनाया। कस्बे के लोगों ने केक काटकर भी चेयरमैन सुरेंद्र सैनी फूलवाला का जन्मदिन मनाया। इस दौरान पूर्व चेयरमैन रिछपाल सिंगोदिया, पूर्व चेयरमैन जुगलकिशोर सैनी, डूंडलोद चेयरमैन हरफूलसिंह पूनियां, सैनी समाज संस्था के पूर्व अध्यक्ष मनीराम जगुका, मुकुंदगढ़ के पूर्व चेयरमैन विष्णु चौधरी, बाय सरपंच तारादेवी पूनियां, डॉ. नवल सैनी, पंचायत समिति सदस्य ओमप्रकाश बुगालिया, सरपंच रामस्वरूप सैनी, पार्षद हितेश थोरी, पार्षद खालिक लंगा, पार्षद छीतरमल सैनी, पार्षद विष्णु कुमातव, पार्षद प्रतिनिधि सुनिल खटीक, पार्षद प्रतिनिधि राकेश दायमा, पार्षद कपिल सैनी, सरपंच राजेंद्र सैनी, सरपंच जगमोहन शेखावत आदि मौजूद रहे।

## चार साल की बच्ची ने निगला जींस का बटन, खाने की नली में फंसा

### डॉ. नफीस कुरैशी ने बिना चीरफाड़ के निकाल कर बचाई जान

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** शहर की चार साल की बेटी खुशी (बदला हुआ नाम) ने सोमवार को खेलते खेलते जींस पेंट का बटन निगल लिया। जो खुशी के खाने की नली में फंस गया और खुशी के जान पे बन आई। खाने की नली में बटन फंसने की वजह से बच्ची कुछ भी खाना पीना नहीं कर पा रही। परिजन रोते हुए खुशी को शहर के एंडोस्कोपिक लेप्रोस्कोपिक डॉ. नफीस कुरैशी के पास लेकर पहुंचे। डॉ. कुरैशी ने तत्काल इमरजेंसी प्रोसीजर अपना कर एंडोस्कोपी विधि द्वारा (बिना किसी चीरे के) खाने की नली में फंसे जींस के बटन को तुरंत निकाला तो बेटी खुशी और उसके परिजनों ने राहत की सांस ली। खुशी को दो घंटे बाद पूर्णत स्वस्थ होने पर डिसचार्ज कर घर भेज दिया गया। डॉ. नफीस कुरैशी ने इस बताया कि वो अब तक सिक्के, पिन, बटन आदि निगले हुए दर्जनों बच्चों के बिना चिर फाड़ एंडोस्कोपिक प्रोसिजर से निगली हुई वस्तुएं निकाल कर स्वस्थ कर चुके है। पहले इसके लिए जयपुर जैसे बड़े शहरों में जाना पड़ता था।

### पृष्ठ 1 का शेष...जयपुर-मुम्बई फ्लाइट...

यह फ्लाइट रात करीब 8 बजकर 50 मिनट पर लैंड हुई। जिसके बाद फ्लाइट को सुरक्षा प्रोटोकॉल के तहत रिमोट बे में पार्क कर सभी पैसेंजर्स को सुरक्षित बाहर निकाला गया। एयरपोर्ट सूत्रों ने बताया फ्लाइट की लैंडिंग के बाद ट्रैकिंग के दौरान एयरलाइंस स्टाफ को फ्लाइट के बाथरूम में एक लेटर मिला था। इसमें फ्लाइट में बम होने की जानकारी थी। इसके बाद एयरपोर्ट सिक्योरिटी और पुलिस की टीम ने पूरी फ्लाइट की सघन चैकिंग की। कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। इसके बाद अब मुम्बई पुलिस की टीम यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि धमकी भरी चिट्ठी बाथरूम में किसने और क्यों रखी थी।

### जयपुर में कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष ने...

**एक महिला सहित 3 लोगों की मौत**-हादसे में शास्त्री नगर निवासी वीरेंद्र सिंह (48), ममता कंवर (50), नाहरगढ़ रोड निवासी मोनेश सोनी (28 ), मानबाग खोर शारदा कॉलोनी निवासी मोहम्मद जलालुद्दीन (44) घायल हुए। वहीं, संतोषी माता मंदिर के पास निवासी दीपिका सैनी (17), गोविंदराव जी का रास्ता निवासी विजय नारायण (6 5), जेबुन्निसा (50), अंशिका (24) व लालदास का खाड़ा निवासी अवधेश पारीक (37) को भी घायल स्थिति में हॉस्पिटल पहुंचाया। जहां डॉक्टर्स ने ममता कंवर और अवधेश को मृत घोषित कर दिया। मंगलवार सुबह एक और घायल वीरेंद्र सिंह ने भी दम तोड़ दिया। ममता कंवर और वीरेंद्र सिंह भाई-बहन थे।

**कांग्रेस ने कार्यकारिणी से निष्कासित किया**-नाहरगढ़ रोड पर कार की चपेट में आने वाले 6 घायलों की हालत गंभीर है। उन्हें सवाई मानसिंह हॉस्पिटल (एसएमएस) के ट्रॉमा वार्ड में एडमिट कराया गया है। वहीं, आरोपी उस्मान खान का भी देर रात को ही मेडिकल कराया गया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार वह काफी नशे में था। आरोपी जयपुर के शास्त्री नगर की राणा कॉलोनी का रहने वाला है। उसकी विश्वकर्मा इंडस्ट्रियल एरिया में लोहे के पलंग बनाने की फैक्ट्री है। उस्मान खान लंबे समय से कांग्रेस से जुड़ा रहा है। वो जयपुर जिला कांग्रेस का उपाध्यक्ष था। मंगलवार सुबह जिला अध्यक्ष आर आर तिवाड़ी ने उसे जिला कार्यकारिणी से निष्कासित कर दिया। उस्मान खान के खिलाफ मृतक महिला ममता कंवर के पिता ने प्राथमिकी दर्ज कराई है।

### नहर प्रणाली को...

साथ ही, इन्दिरा गांधी फीडर पर बने हेड एवं नहर की रिलाईनिंग कार्यों का भी निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान जल संसाधन विभागीय अधिकारियों ने मैप के जरिए संपूर्ण क्षेत्र में जल की उपलब्धता एवं नहर के अंतिम छोर तक पहुंच सहित अन्य जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि राज्य बजट 2024-25 में इंदिरा गांधी मुख्य नहर के बेहतर संचालन हेतु 23 करोड़ रूपये की लागत से स्काडा सिस्टम विकसित करने तथा फिरोजपुर फीडर के अन्तर्गत प्रदेश के हिस्से का पानी उपलब्ध कराने के लिए 200 करोड़ रूपये की लागत से कार्य करवाने की घोषणा की गई थी। इस अवसर पर खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा, जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत, ऊर्जा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हीरालाल नागर, विधायक गुरवीर सिंह बरार, संजीव बेनीवाल, गणेशराज बंसल, अतिरिक्त मुख्य सचिव जल संसाधन अभय कुमार, मुख्य अभियंता एवं अतिरिक्त सचिव (पश्चिम) अमरजीत सिंह सहित विभिन्न जनप्रतिनिधिगण एवं वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## सुविचार

लोग तो आते जाते रहेंगे। आप अपने काम में एक बार सफलता तो प्राप्त करिए।

- अज्ञात

## जागरूक संपादकीय

# बर्क से पूछताछ

संभल हिंसा में समाजवादी पार्टी के सांसद जियाउर्रहमान बर्क से मंगलवार को एसआईटी ने थाने बुलाकर तीन घंटे तकत पूछताछ की। इस दौरान उनसे दर्जनों सवाल दागे गए। नवंबर में शाही जामा मस्जिद के सर्वेक्षण के दौरान हिंसा भड़क गई थी। इसमें चार लोगों की जान चली गई थी। पुलिस ने सांसद जियार्रहमान बर्क के खिलाफ भी इसी मामले में एफआईआर दर्ज की थी। पुलिस ने आरोप था कि बर्क ने भड़काऊ बयान दिया था। हालांकि हिंसा वाले दिन बर्क शहर में नहीं थे। पिछलो दिनों बर्क के घर पूछताछ के लिए पुलिस टीम पहुंची थी। सांसद के मौजूद नहीं होने पर नोटिस घर पर मौजूद लोगों को रिसीव कराई थी। नोटिस के बाद ही सांसद बर्क नखासा कोतवाली पहुंचे। उनके साथ सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता सुलेमान खान भी मौजूद रहे। दिल्ली से मंगलवार सुबह संभल पहुंचे सांसद जियाउर्रहमान बर्क ने नखासा कोतवाली पहुंचने से पहले अपने आवास पर पत्रकार वार्ता करते हुए कहा कि मेरी तबियत ठीक नहीं है, लेकिन मैं देश का जिम्मेदार नागरिक और जन प्रतिनिधि हूं। कानून का सम्मान करता हूं और जांच में पूरा सहयोग करूंगा। वह 11 बजे नखासा कोतवाली पहुंचे। थाने के बाहर उनके समर्थन में बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं की मौजूदगी से यह साफ झलका कि सांसद को स्थानीय बार और कानूनी बिरादरी का भी समर्थन है। संभल हिंसा में समाजवादी पार्टी के सांसद जियाउर्रहमान बर्क से मंगलवार को एसआईटी ने थाने बुलाकर तीन घंटे तकत पूछताछ की। इस दौरान उनसे दर्जनों सवाल दागे गए। नवंबर में शाही जामा मस्जिद के सर्वेक्षण के दौरान हिंसा भड़क गई थी। इसमें चार लोगों की जान चली गई थी। पुलिस ने सांसद जियार्रहमान बर्क के खिलाफ भी इसी मामले में एफआईआर दर्ज की थी। पुलिस ने आरोप था कि बर्क ने भड़काऊ बयान दिया था। हालांकि हिंसा वाले दिन बर्क शहर में नहीं थे। पिछलो दिनों बर्क के घर पूछताछ के लिए पुलिस टीम पहुंची थी। थाने के अंदर बर्क से तीन घंटे से ज्यादा समय तक पूछताछ चली। करीब ढाई बजे थाने से बाहर आए बर्क ने कहा कि जांच अभी जारी है। मुझसे जो सवाल पूछे गए, सभी का जवाब दिया है। हालांकि उन्होंने सवालों के बारे में बताने से इनकार कर दिया। इतना कहा कि जांच की प्रक्रिया चल रही है हम पूरा सहयोग कर रहे हैं। बर्क से ठीक पहले जामा मस्जिद के सदर जफर अली से पूछताछ हुई थी और उन्हें गिरफ्तार किया गया था। पुलिस का आरोप है कि उन्होंने भी बर्क को लेकर कुछ आरोप लगाए हैं। उन आरोपों की भी बारीकी से पड़ताल की जा रही है, ताकि निष्पक्ष व पारदर्शी जांच सुनिश्चित की जा सके।

## शेयर बाजारों को रास नहीं आ रहे

# हकीम ट्रंप के टैरिफ नुस्खे..!!



नौशाबा परवीन

समीक्षक जिम क्रेमर की चेतावनी काले सोमवार की थी, जैसा कि 1987 में देखने को मिला था, जब डाऊ जोंस 22.6 प्रतिशत गिर गया था। हालांकि इस सोमवार (7 अप्रैल 2025) को उस काले सोमवार का पूर्णतः पुनरावर्तन तो न हुआ, लेकिन टोक्यो से लंदन और न्यूयॉर्क से मुंबई तक स्टॉक बाजार जिस तरह से धड़ाम होकर गिरे, वह कम डरावना नहीं था। अपना सेंसेक्स और निफ्टी लगभग 3 प्रतिशत गिरकर बंद हुए,लेकिन हेंगसेंग 13.2 प्रतिशत और निक्कई लगभग 8 प्रतिशत बाजार पूंजीकरण खोया। यूरोपीय स्टॉक्स और अमेरिकी फ्यूचर्स का हाल भी बुरा रहा। नीम-हकीम खतरा-ए-जान होता है, यह बचपन से सुनते आए थे, अब देख भी रहे हैं। 'हकीम' ट्रंप ने 2 अप्रैल 2025 को अपनी 'टैरिफ 'दवा' दी थी और तभी से बेचारा स्टॉक बाजार ठीक होने की बजाय और बीमार होता जा रहा है।

इसके बावजूद 'हकीम' इससे भी ज्यादा कड़वी दवा देने की ज़िद लगाए हुए है। राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने चीन को धमकी दी है कि अगर उसने सभी अमेरिकी आयात पर 34 प्रतिशत जवाबी ड्यूटी को वापस न लिया तो वह अतिरिक्त 50 प्रतिशत टैरिफ लगाएंगे। ट्रंप के इस जुए से उनके समर्थक अरबपतियों में भी घबराहट व बेचैनी है, जिस कारण अब वे मागा टैरिफ ट्रेन से नीचे कूद रहे हैं और 'आर्थिक परमाणु जाड़े' की भविष्यवाणी कर रहे हैं क्योंकि ट्रंप जिस ग्लोबल ट्रेड व कॉमर्स को 'पुनः व्यवस्थित' करने का दावा कर रहे हैं, वह ही पटरी से उतरती जा रही है। सोने के दाम भी गिर रहे हैं जो इस बात का संकेत है कि निवेशक इस सुरक्षित एसेट को भी बेच रहे हैं ताकि अन्य निवेशों में हो रहे नुकसान की भरपाई कर सकें। सोमवार (7 अप्रैल) को भारत में सोने के दाम 1900रुपए कम हुए और सेंसेक्स 2227 पॉइंट्स गिरा, जोकि 24 फरवरी 2022 के बाद से अधिकतम है, जब सेंसेक्स 2702 पॉइंट्स गिरा था। इससे साफ़ है कि 'हकीम' ट्रंप का न केवल नुस्खा काम नहीं कर रहा, बल्कि साबित हो रहा है कि यह किसी काम का नहीं है । लेकिन जिद यह है कि वह इसे बदलने के लिए कतई तैयार नहीं हैं, बावजूद इसके कि अन्य सरकारें विकल्प तलाश कर रहीं है और अमेरिका से इतर व्यापार समझौते भी कर रही हैं। इस व्यापार युद्ध के चलते अब चीन की ही तरह यूरोपीय संघ भी जवाबी टैरिफ लगाने जा रहा है और उसने उन उत्पादों की सूची तैयार की है जिन पर वह टैरिफ लगाएगा। बहरहाल, टैरिफ युद्ध में भारत ने अलग रुख अपनाया है। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने व्यापार युद्ध के लिए चीन की 'अनुचित व्यापार नीतियों' का दोषी ठहराया है, जोकि कम दामों में निर्माण और सस्ती गुड्स पर आधारित है। इस बीच विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अमेरिका के विदेश सचिव मार्को रुबियो से बात की है और द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) को जल्द पूरा करने के महत्व पर बल दिया है। चीन व कुछ अन्यों की तरह भारत ने अमेरिका पर जवाबी टैरिफ नहीं लगाया है



बल्कि उसके साथ व्यापार समझौता करने का विकल्प चुना है। दरअसल, ट्रंप चाहते हैं कि उसे उनके कार्यकाल (4 वर्ष) की छोटी अवधि में हासिल नहीं किया जा सकता। उनके टैरिफ से जो अनिश्चितता उत्पन्न हुई है, वह बाज़ारों को गहरी चोट पहुंचा रही है। किसी को नहीं मालूम है कि मांग व विकास का क्या होगा या यह सिलसिला कितने लम्बे समय तक चलेगा। हालांकि अमेरिका के वाणिज्य सचिव होवार्ड लुटनिक ने कहा है कि 10 प्रतिशत बेसलाइन टैरिफ 'दिनों व सप्ताहों' तक जारी रहेगा, लेकिन ट्रंप का कहना है कि ओवरॉल टैरिफ- जो वियतनाम के लिए 46 प्रतिशत, कम्बोडिया के लिए 49 प्रतिशत और चीन के लिए प्रभावी तौरपर 54 प्रतिशत है – उस समय तक रहेगा जब तक अमेरिका का व्यापार घाटा लुप्त नहीं हो जाता। तकनीकी दृष्टि से इसका अर्थ यह है कि यह टैरिफ हमेशा रहेगा क्योंकि गरीब देश जैसे लेसोथो – जिस पर 'असंतुलित' टेक्सटाइल व डायमंड निर्यात के लिए 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया गया है – तो अमेरिकी निर्मित गुड्स खरीद ही नहीं सकता। चीन द्वारा अमेरिकी गुड्स पर जवाबी 34 प्रतिशत टैरिफ ने बाज़ारों को अतिरिक्त बेचैन कर दिया है। तो शीत युद्ध एक बार फिर से लौट आया है, लेकिन परमाणु हथियारों के साथ नहीं बल्कि टैरिफ बमों के साथ। चूंकि अमेरिकी स्टॉक्स भी ढलान पर हैं इसलिए ट्रंप के समर्थक जैसे अरबपति निवेशक बिल एकमैन – जो व्यक्तिगत तौरपर 9 बिलियन डॉलर के मालिक हैं – भी चिंतित हैं कि टैरिफ से 'आत्मघाती आर्थिक परमाणु जाड़े' आ सकते हैं। जब कुछ सप्ताह या महीनों बाद टैरिफ की वास्तविक मार महसूस होने लगेगी तब बाज़ार का असल हाल मालूम होगा कि वह कितना नीचे पहुंच गया है। लेकिन बात सिर्फ़ स्टॉक दामों की नहीं है। बाज़ार जब नीचे जाता है तो आमतौर से अमेरिका में मंदी आती है और दोनों निवेशक बैंक गोल्डमैन सैक्स व जेपी मॉर्गन ने कुछ दिन पहले मंदी आशंकाओं की पुनः समीक्षा की। गोल्डमैन सैक्स का अनुमान अमेरिका में 35 प्रतिशत मंदी का है और उसके बड़े प्रतिद्वंदी जेपी मॉर्गन की भविष्यवाणी है कि इस साल ग्लोबल मंदी 60 प्रतिशत हो सकती है। जेपी मॉर्गन के सीईओ जैमी डिमोन ने 7 अप्रैल 2025 को अपने शेयरहोल्डर्स को जारी किए गए वार्षिक पत्र में स्पष्ट चेतावनी दी कि अगर मंदी नहीं भी आती है तो भी टैरिफ 'विकास को धीमा कर देगा'। अनुमान यह है कि अधिकतर देश व्यापार समझौते कर लेंगे और टैरिफ का प्रभाव कुछ माह में कम हो जाएगा। वाइट हाउस का दावा है कि अब तक 50 से अधिक देश उससे संपर्क कर चुके हैं'। लेकिन चीन झुकने को तैयार नहीं है और कोई भी जटिल उत्पाद चीनी पुर्जों के बिना बनाना असंभव है, इसलिए अमेरिका व चीन के टैरिफ का दर्द पूरी दुनिया में महसूस किया जाएगा। इसलिए मंद पड़ते भारत को जल्दी से दोस्ताना व्यापार समझौते कर लेने चाहिए ताकि अनिश्चितता पर विराम लगे। लेकिन यह कमज़ोर वर्गों जैसे किसानों को ध्यान में रखते हुए किया जाना चाहिए। यह सही है कि बहुत कम समय में ट्रंप ने भारत सहित 50 से अधिक देशों को मजबूर कर दिया है कि वह वार्ता मेज़ पर आकार व्यापार समझौता करें, लेकिन इनमें से कुछ को ही यकीन है कि ट्रंप का अचानक गुस्सा फूटना बंद हो जाएगा। वित्तीय बाज़ारों में जो उलझन व अनिश्चितता है, वह टीम ट्रंप के आर्थिक उद्देश्यों में निरंतरता के अभाव के कारण है। वह चाहते हैं कि अमेरिका का व्यापार घाटा कम हो जाए – इसमें कोई बुराई नहीं है और व्यापार फासले को कम करने की मदद में डॉलर मुलायम हो जाए, लेकिन वह साथ ही यह भी चाहते हैं कि डॉलर विश्व की रिज़र्व करेंसी में अपने मक़ाम को बनाए भी रखे। इन दोनों को संतुलित करना कठिन है।

इमेज

## तारीख विशेष

# राहुल सांकृत्यायन

महापंडित राहुल सांकृत्यायन को हिंदी यात्रा साहित्य का जनक माना जाता है। वे एक प्रतिष्ठित बहुभाषाविद थे और 20वीं सदी के पूर्वार्द्ध में उन्होंने यात्रा वृतांत तथा विश्व-दर्शन के क्षेत्र में साहित्यिक योगदान किए। बौद्ध धर्म पर उनका शोध हिंदी साहित्य में युगान्तरकारी माना जाता है, जिसके लिए उन्होंने तिब्बत से लेकर श्रीलंका तक भ्रमण किया था। राहुल सांकृत्यायन का जन्म 9 अप्रैल, 1893 को पंदहा ग्राम, ज़िला आजमगढ़ (उत्तर प्रदेश) में हुआ। उनके पिता का नाम गोवर्धन पांडे और माता का नाम कुलवन्ती था। इनके चार भाई और एक बहन थी, परन्तु बहन का देहान्त बाल्यावस्था में ही हो गया था। भाइयों में ज्येष्ठ राहुल ही थे। पितृकुल से मिला हुआ उनका नाम 'केदारनाथ पांडे' था। सन् 1930 ई. में लंका में बौद्ध होने पर उनका नाम 'राहुल' पड़ा। बौद्ध होने के पूर्व राहुल 'दामोदर स्वामी' के नाम से भी पुकारे जाते थे। 'राहुल' नाम के आगे 'सांकृत्यायन' इसलिए लगा कि पितृकुल सांकृत्य गोत्रीय है। एक कर्मयोगी योद्धा की तरह राहुल सांकृत्यायन ने बिहार के किसान-आंदोलन में भी प्रमुख भूमिका निभाई। सन् 1940 के दौरान किसान-आंदोलन के सिलसिले में उन्हें एक वर्ष की जेल हुई तो देवली कैम्प के इस जेल-प्रवास के दौरान उन्होंने 'दर्शन-दिग्दर्शन' ग्रन्थ की रचना कर डाली। 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन के पश्चात् जेल से निकलने पर किसान आंदोलन के उस समय के शीर्ष नेता स्वामी सहजानंद सरस्वती द्वारा प्रकाशित साप्ताहिक पत्र 'हुंकार' का उन्हें सम्पादक बनाया गया। ब्रिटिश सरकार ने फूट डालो और राज करो की नीति अपनाते हुए गैर कांग्रेसी पत्र-पत्रिकाओं में चार अंकों हेतु 'गुंडों से लड़िए' शीर्षक से एक विज्ञापन जारी किया। इसमें एक व्यक्ति गांधी टोपी व जवाहर बंडी पहने आग लगाता हुआ दिखाया गया था। राहुल सांकृत्यायन ने इस विज्ञापन को छापने से इन्कार कर दिया पर विज्ञापन की मोटी धनराशि देखकर स्वामी सहजानंद ने इसे छापने पर जोर दिया। अन्ततः राहुल ने अपने को पत्रिका के सम्पादन से ही अलग कर लिया। इसी प्रकार सन् 1940 में 'बिहार प्रान्तीय किसान सभा' के अध्यक्ष रूप में जमींदारों के आतंक की परवाह किए बिना वे किसान सत्याग्रहियों के साथ खेतों में उतर हंसिया लेकर गन्ना काटने लगे।

## नदियों के किनारे लगने वाले

# बैसाख मेलों की छीजती संस्कृति..!!

धीरज बसाक

भारत में सदियों से जीवन जीने का ढंग महज भौतिक नहीं रहा यानी खाने पीने और जिंदा रहने तक ही सीमित नहीं रहा। हमारे यहां जीवन प्रकृति, मौसम, धर्म और संस्कृति के खूबसूरत तालमेल का हिस्सा रहा है। यही वजह है कि प्राचीनकाल में हमारे यहां कोई भी मौसम आपदा या परेशानी का सबब नहीं था, उल्टे सभी मौसम अपनी अपनी तरह के उल्लास का स्रोत रहे हैं। क्योंकि हमारे यहां रोजमर्रा की जिंदगी में, हर मौसम के साथ दोस्ती करने, उसके साथ जीवंत तालमेल बनाने की बकायदा ट्रेनिंग होती रही है, उसकी तैयारी होती रही है, जिसे हम अप्रत्यक्ष रूप से धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियों के रूप में जानते रहे हैं। हम हर मौसम का उसके आने के पहले अपनी ऐसी ही धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियों के जरिये स्वागत करते रहे हैं। उसके साथ तालमेल बिठाते रहे हैं, इस कारण हमारे यहां परंपराओं के नाम पर हर मौसम के अनुकूल उल्लास की चुनी और बुनी हुई गतिविधियां मौजूद रही हैं। यही वजह है कि बसंत ऋतु को विदा देने वाले और घनघोर गर्मियों की तरफ कदम बढाने वाले बैसाख माह में सदियों से हमारे यहां नदियों के किनारे बकायदा उल्लासभरे सांस्कृतिक मेले लगते रहे हैं।

परंपरा की खानापूर्ति के लिए ये मेले आज भी लगते हैं, लेकिन इनमें अब वह स्वतः शामिल उल्लास नहीं रहा। अब इन परंपरा को ढोने वाले मेलों में वह जीवंतता, लोगों की वह चुंबकीय भागीदारी नहीं बची, जो इन्हें उल्लास का कारक बनाती है। बहरहाल आज भी बैसाख महीने में भारत की सभी बड़ी नदियों के किनारे किसी न किसी रूप में ये बैसाख मेले लगते हैं, जो हमें किसी हद तक हमारी धार्मिक आस्था, कृषि पर्व, और लोक-संस्कृति से जोड़ते हैं। तो आइये इन बैसाख मेलों की धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक परंपराओं पर एक नजर डालते हैं।

1-हरिद्वार, प्रयाग और काशी के बैसाख मेले

स्थान- हरिद्वार में हर की पैड़ी और सप्तऋषि घाट,

प्रयागराज में संगम के किनारे और वाराणसी में वृंदावन [घाट] गांव के किनारे।

गंगा नदी हमेशा से हमारी सनातन आस्था और संस्कृति के केंद्र में रही है। इसके किनारे बसे महत्वपूर्ण धार्मिक और सांस्कृतिक शहरों हरिद्वार, प्रयागराज और काशी या वाराणसी में हर साल बैसाख माह में सदियों से मेले लगते रहे हैं। आज भी प्रतीक रूप में बचे इन मेलों में लाखों श्रद्धालु भाग लेते हैं। इनकी प्रमुख गतिविधियों में गंगा आरती, भजन-कीर्तन और दान-पुण्य होता है। इस दौरान यहां संतों के प्रवचन और वैदिक अनुष्ठान होते हैं। वाराणसी में विशेष तौरपर क्षेत्रीय हस्तशिल्प, खानपान, और पारंपरिक वस्त्रों के स्टॉल लगते हैं। यहां मेला मुख्य रूप से पंचकोशी परिक्रमा मार्ग पर स्थित वृंदावन गांव में लगता है, जो वाराणसी शहर से लगभग 10-12 किलोमीटर की दूरी पर है। मान्यता है कि बैसाख माह में यहां यानी वृंदावन सरोवर [घाट] में स्नान करने से सारे पापों का नाश हो जाता है और पुण्य की प्राप्ति होती है। यहां बैसाख मेले में स्थानीय कलाकारों द्वारा लोकगीत, नाटक, और भजन-कीर्तन किए जाते हैं। इससे यह एक सांस्कृतिक उत्सव बन जाता है। इस मेले में आए लोग न सिर्फ पूजा-पाठ करते हैं बल्कि मेल-जोल और खरीदारी भी खूब होती है। मेले में सैकड़ों दुकानें लगती हैं, जहां बच्चों के खिलौनों से लेकर मिठाइयां तक सब कुछ बिकती हैं।

2. पंजाब के बैसाखी मेले

स्थान-आनंदपुर सहिब (रोपड़) और हरमिंदर साहिब (अमृतसर)

बैसाखी का पर्व, सिख और पंजाबी समुदाय के लिए कई वजहों से बहुत महत्वपूर्ण है। वैसे यह फसल कटाई का त्योहार माना जाता है, लेकिन इसी दिन सन 1699 में गुरु गोविंद सिंह जी ने आनंदपुर साहिब में खालसा पंथ की स्थापना की थी। इसलिए पंजाब में यह पवित्र पर्व नदियों और सरोवरों के किनारे लगने वाले मेलों के रूप में मनाया जाता है। इस दिन गुरुद्वारों में विशेष कीर्तन और लंगर होता है। लोग खुशी व्यक्त करने के लिए पारंपरिक भंगड़ा-गिद्धा नृत्य करते हैं। स्वर्ण मंदिर (अमृतसर) और आनंदपुर साहिब में भव्य आयोजन होते हैं। हालांकि स्वर्ण मंदिर सीधे किसी नदी किनारे स्थित नहीं है। इसके कुछ किलोमीटर दूर कालीबेई और रावी नदी बहती हैं जबकि आनंदपुर साहिब सतलुज की सहायक नदी सिरसा के तट पर स्थित है, जहां बैसाख मेले की खूब रौनक सजती है। बैसाखी का दिन रबी फसल (गेहूं) की कटाई के बाद किसानों के लिए खुशियों का अवसर होता है। किसान नई फसल का उत्सव मनाते हैं, भांगड़ा-गिद्धा नृत्य करते हैं और मेलों में पारंपरिक गीतों का आनंद लेते हैं। स्वर्ण मंदिर (अमृतसर) और आनंदपुर साहिब (रूपनगर) में भव्य आयोजन होते हैं।

3 यमुना नदी पर मथुरा-वृंदावन के बैसाख मेले

स्थानः विश्राम घाट, मथुरा कोशी घाट, वृंदावन

यहां बैसाख मेलों में भगवान कृष्ण से जुड़ी कथाओं का मंचन और झांकी निकाली जाती हैं। लोग यमुना पर स्नान करते हैं और विशेष पूजा अर्चना करते हैं। रासलीला और भजन संध्या का आयोजन होता है।

4. गोदावरी नदी पर नासिक का बैसाख मेला

स्थान- रामकुंड, नासिक

बैसाखी का यह स्नान मेला नासिक के पंचवटी क्षेत्र में आयोजित होता है। रामायण से जुड़ी मान्यताओं के कारण श्रद्धालु यहां दूर दूर से स्नान करने आते हैं। इस पूरे दिन यहां महाराष्ट्र की लोकसंस्कृति के साथ-साथ भजन और कीर्तन का आयोजन होता है।

5. नर्मदा तट के बैसाख मेले

स्थानः नर्मदा उद्गम स्थल, अमरकंटक और होशंगाबाद

बैसाखी के दिन यहां श्रद्धालु पवित्र नर्मदा नदी में स्नान और धार्मिक अनुष्ठान करते हैं। बड़े पैमाने पर इस स्नान के लिए यहां देशभर से साधु-संत आते हैं। शाम को खूबसूरत नर्मदा नदी की आरती होती है। अमरकंटक के अलावा होशंगाबाद के सेठानी घाट पर भी बैसाखी मेला लगता है। इसमें ग्रामीण क्षेत्र के लोग बड़ी संख्या में भाग लेते हैं। मेले में पारंपरिक खेल-कूद और सांस्कृतिक कार्यक्रम होते हैं।

## बोले तो...



नागपुर में मेरी पत्नी सोनाली, उसकी बहन और भांजा सड़क हादसे का शिकार हुए थे। हादसे से एक मिनट पहले मेरी पत्नी के कहने पर उनकी बहन ने सीट बेल्ट लगाई। कुछ ही देर बाद हादसा हो गया। सीट बेल्ट लगाने की वजह से उनकी जान बच गई। सीट बेल्ट नहीं तो आपका परिवार नहीं।

-सोनू सूद



मैं हमेशा महिलाओं की सुरक्षा के पक्ष में रहा हूं। मैंने निर्भया योजना जैसे कई कार्यक्रम लागू किए हैं। दूसरे राज्यों की तुलना में हमने निर्भया फंड पर ज्यादा खर्च किया है और केंद्र सरकार के साथ मिलकर इसे लागू किया है। मैं किसी दिन महिलाओं की सुरक्षा के कामों को साझा करना चाहूंगा।'

-जी परमेश्वर



हम सबका दायित्व है कि इस देश को प्रदेश को हमें उन्नति के रास्ते पर चलाना है। मैं कहूंगी कि ये भेड़िये ही हैं, जिनके चंगुल से हमें अपने प्रदेश को निकालना है।"

-कंगना रनौत

## बाल कथा

# सच्चे और झूठे दोस्त

विजयपाल सिंह 'बालमन'

बात बहुत पुरानी है– एक जंगल में अलग अलग प्रकार के जानवर रहते थे। उनमें एक छोटा सा हिरण भी था। उसका नाम सगीना था। सगीना बहुत मेहनती, ईमानदार, परोपकारी और मिलनसार था। उसने अपने इलाके को हराभरा किया हुआ था, जहां सुंदर घास उगती और पेड़ों पर अच्छे फल आते। सगीना जंगल में सबका ख्याल रखता। अगर कोई जानवर बीमार पड़ जाता तो वह उसका हालचाल मालूम करने के लिए उसके पास जाता। वह उसके लिए जंगल से जड़ी-बूटी तलाश करके लाता ताकि उसका इलाज हो सके। सगीना की इस अच्छी आदत को जंगल में हर कोई पसंद करता था।

एक बार यह हुआ कि सगीना को तेज़ बुखार आ गया। वह मुश्किल से ही चल पा रहा था। वह एक जगह बैठ गया। उसने ख़ुद कुछ जड़ी बूटियों का सेवन किया। लेकिन इनसे उसका बुखार उतरने का नाम ही नहीं ले रहा था। बुखार से ज्यादा सगीना को इस बात का दुःख था कि कोई उसके पास उसका हालचाल मालूम करने के लिए नहीं आया।

एक सुबह सगीना ने देखा कि दूसरे जंगल के दो हिरण उसके इलाके में घास चर रहे हैं। वह धीरे धीरे चलते हुए उनके पास पहुंचा। उसे देखते ही दोनों हिरण बोले, "कैसे हो सगीना? हमें मालूम हुआ कि तुम बीमार हो इसलिए तुम्हारा हालचाल जानने के लिए यहां चले आए।"

सगीना यह सुनकर खुश हुआ कि कोई तो है जो उसकी तबियत मालूम करना चाहता है। उसने वैसे ही दोनों हिरण से कह दिया कि वह ठीक है और उनसे पेट भरकर घास व फल खाने के लिए कहता हुआ अपने आराम करने की जगह पर चला गया। उसके जाते ही एक हिरण दूसरे हिरण से बोला, "हमें इसकी बीमारी से क्या लेना देना। हमें तो बस अच्छी घास व फल खाने हैं। सामने आ गया तो हाल मालूम कर लिया।" दूसरे हिरण ने इस बात पर अपनी सहमति व्यक्त की।

दोनों हिरण पेट-पूजा करने के बाद अपने इलाके में लौट गए और वहां जाकर उन्होंने अन्य हिरणों को सगीना के क्षेत्र में स्वादिष्ट घास व मीठे फलों के बारे में बताया। यह सुनकर हिरणों की टोली सगीना के इलाके में घुस आई और देखते ही देखते सारी घास व सभी फल चट कर लिए। सगीना अपने चमन को उजड़ता हुआ देखता रहा। वह अपनी बीमारी की वजह से कुछ न कर सका।

इस घटना के अगले दिन भोलू भालू सगीना के पास आया और उससे बोला, "दोस्त, यह जड़ीबूटी मैं बहुत दूर से लाया हूं, इसलिए मुझे तुम्हारे पास आने में देर हो गई। लो, इसे खा लो, तुम जल्द ठीक हो जाओगे।"


सगीना ने जड़ी बूटी खा लिया। वह ठीक होने लगा। भोलू ने उससे कहा, "तुम चिंता मत करो। हम दोनों मिलकर तुम्हारे इलाके को फिर से हराभरा व फलदार कर देंगे। मैं तुम्हारे इलाके की भी रक्षा करूंगा ताकि कोई झूठा व दिखावटी दोस्त तुम्हें धोखा न दे सके।" भोलू सगीना का सच्चा दोस्त था।

## पंचांग

बुधवार, 9 अप्रैल 2025

| | |
|---|---|
| विक्रम संवत् | - 2081 |
| शक संवत् | - 1946 |
| ऋतु | - वसंत |
| माह | - चैत्र |
| पक्ष | - शुक्ल |
| तिथि | - द्वादशी 22.56 तक |
| वार | - बुधवार |
| नक्षत्र | - मघा 09.58 तक |
| योग | - गंड 18.26 तक |
| करण | - बव 10.02 तक |
| सूर्योदय | - 06.27 (मुंबई) |
| सूर्यास्त | - 06.52 (मुंबई) |
| सूर्योदय | - 06.25 (भीनमाल) |
| सूर्यास्त | - 07.00 (भीनमाल) |
| चंद्र राशि | - सिंह |
| अभिजित् मुहूर्त | - नहीं |
| राहु काल | - 12.40 से 14.13 |
| व्रत, त्यौहार | -वामन द्वादशी, विष्णु दमनोत्सव, व्यतिपात महापात 18.40 से 23.02 |
| दिशा शूल | - उत्तर |

शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी, भीनमाल



## धर्म-कर्म

# प्रदोष के दिन बेलपत्र के पेड़ की पूजा का विशेष महत्व

हिंदू धर्म में प्रदोष व्रत का बहुत अधिक महत्व माना जाता है। मान्यताओं के अनुसार, प्रदोष व्रत जातक के जीवन के सभी प्रकार के दोषों को दूर कर सुख-शांति लाता है। इस दिन भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा का विधान है। सभी विधि-विधान से पूजा कर उन्हें श्रृंगार सामग्री अर्पित की जाती है। किन्तु इन सभी सामग्रियों के बीच भगवान शिव को अति प्रिय बेलपत्र चढ़ाना बहुत विशेष महत्व रखता है क्योंकि भोलनाथ को बेल अतिप्रिय माना गया है। इसके बिन उनकी हर पूजा अधूरी मानी जाती है।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार भगवान शिव को बेलपत्र चढ़ाने से भक्तों की समस्त मनोकामनाएं पूर्ण होती है और उनके भाग्य में वृद्धि होती है। इसके साथ ही ज्योतिषशास्त्र के अनुसार माना जाता है कि अगर प्रदोष व्रत के दिन भगवान शिव की विधि-विधान से पूजा करने के साथ-साथ अगर बेलपत्र की पूजा की जाए तो कुंडली में मौजूद ग्रहदोषों से भी शांति मिलती है और बेलपत्र की पूजा करने से शुभ परिणाम भी मिल सकते हैं।

प्रदोष व्रत के दिन सुबह जल्दी उठकर स्नान करने के पश्चात स्वच्छ वस्त्र पहनकर व्रत का संकल्प लें और फिर पूजा स्थान पर साफ-सफाई करें और बेलपत्र के पेड़ के नीचे भी सफाई करें। फिर घर के मंदिर में भोलेनाथ की पूजा करने के बाद बेलपत्र के पेड़ के नीचे पूजा करें। बेलपत्र के पेड़ की पूजा करने के लिए जल का कलश, चंदन, रोली, चावल, फूल, धूप, दीप, नैवेद्य लाएं और फिर बेलपत्र के पेड़ के सामने पूर्व या उत्तर दिशा की ओर मुख करके बैठ जाएं और फिर सबसे पहले गणेश जी का ध्यान करते हुए उन्हें प्रणाम करें। इसके बाद बेलपत्र के पेड़ की जड़ में जल अर्पित करें, फिर पेड़ के तने पर चंदन या रोली का तिलक करें और नियमानुसार चावल व फूल अर्पित करें। फिर बेलपत्र के पेड़ के नीचे बैठकर भगवान शिव के मंत्रों का जाप करें, जैसे ओम नमः शिवाय या महामृत्युंजल मंत्र का जाप करें। अंत में पूजा समापन करते हुए बेलपत्र के पड़ की परिक्रमा करें और आरती करें।



## गीता सार

**यदा हि नेंद्रियार्थेषु न कर्मस्वनुषज्जते।**
**सर्वसङ्कल्पसन्न्यासी योगारूढस्तदोच्यते॥**

**भावार्थ :**

जब मनुष्य सभी सांसारिक इच्छाओं का त्याग करके, न तो शारीरिक सुख के लिये कार्य करता है, और न ही फ़ल की इच्छा से कार्य में प्रवृत होता है, उस समय वह मनुष्य योग मे स्थित कहलाता है।

## पाठक पाती

# हिंसक होते कुत्तों का इलाज करना अब जरूरी

'पहली रोटी कुत्ते को' वाली कहावत शास्त्रोक्त है तो मूक जीवदया का एक सुंदर उदाहरण भी। घरों की दहलीज पर बैठने वाले कुत्तों को आज भी लोग कुछ ना कुछ डालकर परंपरा को निभाते हैं लेकिन अब वे भी वफादार नहीं रहे। नवजात से लेकर बुजुर्गों पर श्वान हिंसा की बढ़ती घटनाएं चिंताजनक है। देशभर में कुत्तों के काटने के बड़ी संख्या में प्रतिदिन समाचार आते हैं। समय पर उचित इलाज के अभाव में कई मोंते भी हो चुकी है। हाल ही में आंध्रप्रदेश में आवारा कुत्ते के हमले में एक चार वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। कुत्तों के हिंसक होते समाज में आज भय पनपना स्वाभाविक ही है। स्कूल जाते, बच्चे राहगीर और देर रात घरों को लौटाने वाले लोगों के चेहरे की रंगत कुत्तों के भोंकते ही उड़ते देखी जा सकती है। आवारा कुत्तों के बढ़ते कुनबे और जानलेवा हमलों से सुरक्षा जरूरी है। प्रशासन द्वारा इन्हें पकड़ कर दुसरी जगह छोड़ने की बजाय पशु जन्म नियंत्रण के लिए नसबंदी और टीकाकरण जैसे कार्यक्रम प्रभावी उपाय हैं।

-अमृतलाल मारू 'रवि' इंदौर मप्र

पाठकनामा के लिए आप भी हमें अपने विचार ई-मेल या फैक्स द्वारा भेज सकते हैं।
ई-मेल jagruktimes@gmail.com

# समाज के उत्थान व निर्माण में मातृशक्ति की भूमिका महत्वपूर्ण : शर्मा

## » राष्ट्र सेविका समिति का पथ संचलन

## » 370 मातृशक्ति ने लिया संचलन में भाग





जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** शहर में मंगलवार को राष्ट्र सेविका समिति का पथ संचलन का आयोजन हुआ। जिला कार्यवाहिका श्रीमती चित्रलेखा जोशी ने बताया कि संचलन से पूर्व रामझरोखा में बहनों का एकत्रीकरण हुआ। यहां मुख्य अतिथि साध्वी संतोष एवं कार्यक्रम की मुख्य वक्ता समिति की प्रांत प्रचारिका सुश्री ऋतु शर्मा ने लक्ष्मीबाई केलकर, द्वितीय आद्य प्रमुख संचालिका सरस्वती ताई आप्टे एवं देवी अष्टभुजा की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। साध्वी संतोष ने कहा कि आज इन बालिकाओं को देखकर लग रहा है कि समाज की एक नई पौध तैयार हो रही है। संगठन और संस्कार के साथ साथ आध्यात्मिकता का जीवन के महत्व की जानकारी दी। मुख्य वक्ता जोधपुर प्रांत प्रचारिका सुश्री ऋतु शर्मा ने कहा कि समाज के उत्थान व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका तरुणियों व मातृशक्ति की है। संगठन की आवश्यकता के साथ सेविका समिति की कार्यपद्धति का उल्लेख करते हुए शाखाओं के विस्तार और शाखाओं के द्वारा संस्कार और संगठन निर्माण का आव्हान किया। उन्होंने बेटियों को राष्ट्र की नींव बताते हुए नारी तू नारायणी का संदेश दिया। वीरांगनाओं का उदाहरण देते हुए आह्वान किया कि समाज की प्रत्येक तरुणी एवं नारी शक्ति को संगठित, समर्थ, सशक्त एवं सक्षम बनना होगा। ऐसा करके ही हम तेजस्वी राष्ट्र के पुनर्निर्माण में कुछ कदम आगे बढ़ पाएंगे।



### संगठन गढ़े चलो सुपंथ पर बढ़े चलो

कार्यक्रम के बाद सिरोही नगर कि मातृशक्ति ने श्वेत गणवेश में लयबद्ध कदमताल करते हुए घोष के वादन के साथ संगठन गढ़े चलो सुपंथ पर बढ़े चलो के भाव के साथ पथ संचलन आरंभ किया। वातावरण में घोष की ध्वनि के साथ जैसे जैसे पथ संचलन मार्ग पर आगे बढ़ता रहा पूरे मार्ग में कदम-कदम पर लोगों ने पुष्प वर्षा एवं भारत माता की जय के साथ बहनों का स्वागत किया। पथ संचलन में भगवा ध्वज लेकर ध्वज वाहिनी व दो घोष गण व दण्डवाहिनी के साथ छः वाहिनियों में अलग अलग आयु वर्ग की तरूणी बहनें एवं महिलाए शामिल थी। एक ही वेशभूषा में कदमताल करती हाथ में ध्वज थामे सधे कदमों से पंथ संचलन करती निकली तो हर कोई देखता रह गया।

### यहां से गुजरा संचलन

रामझरोखा मैदान से प्रारम्भ हुआ संचलन वीर भगवान चौक, नीलमणी चौक, आर्य समाज रोड, एनसीसी सर्कल, बग्गीखाना, सुनारवाडा, गणेश बावडी, सदर बाजार, सरजावाव दरवाजा, बस स्टेण्ड, कल्पतरू होटल के पास से भाटकड़ा विद्यालय होते हुए रामझरोखा मेदान पहुंच कर संपन्न हुआ। करीब तीन किलोमीटर वाले मार्ग पर 370 मातृशक्ति ने पथ संचलन में भाग लिया। कार्य म में समस्त जिला कार्यकारिणी एवं विभाग कार्यकारिणी उपस्थिति रही।

## वीर भगवान का वार्षिकोत्सव कल



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** वीर भगवान मंदिर मेला कमेटी की ओर से गुरुवार को डाबाजोड़ सरला टेड स्थित वीर भगवान का वार्षिकोत्सव का आयोजन किया जाएगा। कमेटी के अध्यक्ष छोगाराम माली ने बताया कि शाम को मेले का शुभारंभ होगा। महाआरती के बाद महाप्रसादी का आयोजन किया जाएगा। महाप्रसादी के लाभार्थी कोकूदेवी पत्नी भुबाराम माली भाटकड़ा रहे। इसके बाद भजन संध्सा का आयोजन होगा। जिसमें संत कन्हैयालाल, रेखा परमार, झांकी सम्राट भरत प्रजापत, मंगल जादूगर और हास्य कलाकार जगिया पिंटिया, पिंटू जालोरी प्रस्तुति देंगे। प्रभारी भुबाराम माली, सह प्रभारी पूर्व सभापति ताराराम माली, संरक्षक छगनलाल माली, संरक्षक बदाराम सेन, उपाध्यक्ष मगनलाल मीणा, सचिव देवाराम माली, शैलेश माली, मंसाराम माली, गेनाराम माली, दीपा लखवानी, दीपक माली को जिम्मेदारी सौंपी गई।

## वालोरिया में हुई लूट का पर्दाफाश, चार गिरफ्तार



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सरुपगंज।** जिला पुलिस के विशेष अभियान के तहत रोहिड़ा पुलिस ने वालोरिया में हुई लूट का पर्दाफाश कर चार जनों को गिरफ्तार किया।थानाधिकारी माया पंडित ने बताया कि इन्द्रा कॉलोनी पिण्डवाड़ा निवासी भुपेन्द्रसिंह पुत्र कल्याणसिंह ने रिपोर्ट देकर बताया कि वह और उसका मित्र अनिल कुमार बाइक पर सवार होकर लोन की किश्त के पैसे एक लाख 390 रुपए बेग में रखकर वालोरिया गांव के सिल्वाफली से जा रहे थे। अचानक सामने से एक युवक मुंह पर पर कपड़ा बांधकर सामने से एक बड़ा पत्थर लेकर मारने को उतारु हो गया। इसी दौरान पीछे से तीन अन्य लोग आए और बैग छीन लिया। इसके अलावा अनिल कुमार का मोबाइल भी लेकर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने टीम का गठन कर तलाश शुरु कर दी। इसके बाद मामले में सिलवाफली वालोरिया निवासी विक्रम कुमार पुत्र जोवनाराम गमेती भील, राहुल पुत्र जोवनाराम गमेती भील, जगदीश कुमार उर्फ दारा पुत्र चुन्नीलाल गमेती भील तथा शिवलाल उर्फ सीवा पुत्र भोमाराम को गिरफ्तार किया। कार्रवाई में थानाधिकारी माया पंडित, सहायक उप निरीक्षक छैलसिंह, हैड कांस्टेबल रोहीताश कुमार, कांस्टेबल रामलाल, बजरंगलाल, अमन कुमार, जितेन्द्र कुमार, रमेश कुमार, घनश्याम एवं पुष्पेन्द्रसिंह का सहयोग रहा।

## सरगरा समाज का मेला आयोजित

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**शिगवंज।** नीलकंठ पहाडी पर मंगलवार को सरगरा समाज का वार्षिक मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक संयम लोढ़ा ने कहा कि छत्तीस कौम के संत पोमजी महाराज की पत्नी की एक साल पूर्व हुई निर्मम हत्या का आज तक पुलिस राजफाश नहीं कर पाई है। नरेगा के मजदूरों को चार महिने से उनकी मजदूरी का भुगतान तक नहीं हो रहा है। इससे पूर्व लोढा का सरगरा समाज की ओर से स्वागत सत्कार किया गया। इस अवसर पर सरगरा समाज के पंच पटेल सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।



## वार्षिकोत्सव 'ज्ञान 2025' का आयोजन



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** कृष्णगंज के वास्तानेश्वर महादेव मंदिर परिसर में आदर्श विद्या मंदिर का वार्षिकोत्सव 'ज्ञान 2025' का आयोजन वास्तानेश्वर महादेव मंदिर में आयोजित किया गया। प्रधानाचार्य महेन्द्र परमार ने बताया कि वार्षिकोत्सव में प्रजापति महाराज, मुख्य अतिथि सांसद लुम्बाराम चौधरी, जिला प्रमुख अर्जुनराम पुरोहित, विशिष्ठ अतिथि श्याम अग्रवाल, मुख्य वक्ता आदर्श शिक्षा समिति के सचिव लकाराम चौधर के आतिथ्य में संपन्न हुआ। मुख्यवक्ता लकाराम चौधरी ने बताया कि विद्या भारती को बाल केन्द्रित शिक्षा होनी चाहिए। भारत में उन्नत शिक्षा व्यवस्था है। जो दिन प्रतिदिन बढ़ती जाती है। आज शिक्षा से संस्कार, राष्ट्रशक्ति एवं अनुशासन जैसे गुण लुप्त हो रहे है। सांसद चौधरी ने कहा कि विद्या भारती के विद्यालय ही संस्कार व देष भक्ति का भाव बच्चों में प्रकृट करती है। वार्षिकोत्सव में घोष, सामूहिक नृत्य, साहसिक प्रदर्शन, योग, एंकाकी, सरस्वती वंदना, शिशु गीत आदि कार्यक्रम हुए। उच्च माध्यमिक विद्यालय सिरोही के प्रधानाचार्य राजेश त्रिवेदी, बालिका विद्यालय के प्रधानाचार्य मधुसूदन त्रिवेदी, प्रभारी हरिसिंह सिंदल, कालन्द्री प्रधानाचार्य करणसिंह, रामझरोखा प्रभारी श्रीमती गुडिया, मोहनलाल सुथार, भंवरलाल खण्डेलवाल, रमेश घांची, नरेश कुमार सेन, दीपचंद खण्डेलवाल, योगेश कुमार माली, पुनाराम चौधरी, रुपाराम देवासी, भारमल चौधरी, केशवसिंह, रणछोड देवासी, जगदीश प्रजापत, भावेश सेन, रघुनंदन एवं आचार्य लालाराम आदि उपस्थत रहे।




## माधव विवि में विश्व स्वास्थ्य दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन





जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पिण्डवाड़ा।** माधव विश्वविद्यालय में विश्व स्वास्थ्य दिवस पर फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी की ओर से आर्टिफिशियल इंजीनियरिंग और मशीन लर्निंग इन कोचिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को लेकर जानकारी दी गई। अधिष्ठाता डॉ. प्रियन बागची ने लिपिबद्ध भाषा का उपयोग करके रोग का पता लगाना और उपचार करने पर व्याख्यान दिया। कंप्यूटर विज्ञान इंजीनियरिंग विभाग के प्रमुख संगीतासिंह ने स्वास्थ्य देखभाल में आर्टिफिशियल फिजियोलॉजी एप्लिकेशन के टूल और तकनीक पर प्रस्तुतिकरण के माध्यम से जानकारी प्रदान की है। विभाग के सह-आचार्य केतन राजपुरोहित, अभिमन्यु, नारायणसिंह, प्रणय, आदि मौजूद थे। माधव होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल की ओर से हर्षोलास के साथ विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। विश्वविद्यालय के जीवनशैली डॉ. प्रिंस के मुख्य आतिथ्य में व होम्योपैथिक चिकित्सक एवं डॉ प्रोफेसर डॉ. मनोज कुमार बेहेरा के मुख्य आतिथ्य का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान मातृ एवं शिशु शिशु के स्वास्थ्य पर चर्चा की गई। डॉ. प्रिंस ने बताया कि हर व्यक्ति को अपने स्वास्थ्य को लेकर अभिप्राय अतिआवश्यक है। डॉ. रोहन शर्मा ने बताया कि इस वर्ष के विश्व स्वास्थ्य दिवस का शीर्षक 'स्वस्थ शुरुआत आशापूर्ण है। जिसे लेकर विश्वविद्यालय के माधव होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की ओर से कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। चिकित्सक प्रोफेसर डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि कॉलेज एवं अस्पताल की ओर से कई सरकारी एवं शहरों में निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किए जा रहे है। जहां मरीजों को निशुल्क दवा भी वितरित की जाती है। एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अभिजीत गिरी, प्रोफेसर डॉ. भानु प्रतापसिंह, एसोसिएटेड प्रोफेसर डॉ. दीपांशु आदि मौजूद थे।

## जो पदाधिकारी का चुनाव लड़ने की मंशा रखता है वो अभी से दायित्व मुक्त हो सकता हैः भंडारी



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पिण्डवाड़ा।** मारकुण्डेश्वर धाम में मंगलवार को भाजपा पिण्डवाड़ा आबू विधानसभा का सक्रिस सदस्य सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में जिलाध्यक्ष डां रक्षा भंडारी अध्यक्षता, विधायक समाराम गरासिया के मुख्य आतिथ्य, भाजपा के वरिष्ठ नेता जुझारसिंह मुख्य वक्ता, जिला संयोजक व जिला महामंत्री नरपतसिंह राणावत, जिला उपाध्यक्ष किरण राजपुरोहित का मार्गदर्शन रहा। जिलाध्यक्ष डॉ भंडारी ने सभी मंडल अध्यक्षों को भाजपा स्थापना दिवस सप्ताह कार्यक्रम को हर बूथ पर मनाने के निर्देश दिए। संगठन को मजबूत करने के लिए सक्रिय कार्यकर्ताओ को जोड़ने को कहा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि वर्तमान में पार्टी के पदाधिकारी चुनाव लड़ने की मंचा रखते है तो अभी से दायित्व मुक्त हों सकते है। विधायक गरासिया ने भी सक्रिय सदस्य को जोड़ने पर बल दिया। उन्होंने केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने की बात कही। पिण्डवाड़ा के पूर्व मण्डल अध्यक्ष महावीर यति ने भी सम्बोधित किया। भाजपा जिला उपाध्यक्ष गीता अग्रवाल, जिला मंत्री अनुराधा जैन, भुवनेश राजपुरोहित, एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष पूर्व प्रधान भंवरलाल मेघवाल, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष अमराराम प्रजापत, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष हेमेंद्रसिंह, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष साबिर कुरेशी, भाजपा झाडोली मंडल अध्यक्ष जितेंद्र देवासी, रोहिड़ा मंडल अध्यक्ष कांतिलाल जनवा, नीतोडा मंडल अध्यक्ष वालकी देवी गरासिया, सरुपगंज मंडल अध्यक्ष अरविंदसिंह, माउंट आबू मंडल अध्यक्ष अक्षय चौहान, पिंडवाड़ा नगर अध्यक्ष संतोष गहलोत, झाड़ोली मंडल पूर्व अध्यक्ष कालूराम माली, पूर्व जिला महामंत्री दुर्गाराम गरासिया, झाडोली मंडल संयोजक हिम्मत रावल, झाड़ोली मंडल महामंत्री कालूराम सेन, राकेश रावल, किसान मोर्चा प्रदेश सदस्य रतनलाल गरासिया, एसटी मोर्चा प्रदेश सदस्य धनाराम मीणा, दिग्विजयसिंह, बलवंत देवासी, शांतिलाल रावल, पंचायत समिति सदस्य रेनू वर्मा, सज्जन कंवर, सुनील आचार्य, नरपतदान चरण, धूलाराम गरासिया, त्रिलोक प्रजापत, हितेश रावल, कमलेश राजगुरु, पूर्व अध्यक्ष लीलाराम प्रजापत, जयंती प्रजापत, सहित पदाधिकारी उपस्थित रहे।



## बेबी किट व फल का वितरण



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** उप जिला चिकित्सालय में महावीर इंटरनेशनल एपेक्स की ओर से दो चरणों में 50 बेबी किट व फल वितरित किए। अवनेश जैन, जितेन्द्र गौड, संजीव जैन, भूपेंद्र सांभरिया, मोहित शर्मा, अस्पताल प्रभारी पीएन गुप्ता,मंजुलता बी, पोपटलाल, प्रदीपसिंह, मंजु कोली व निर्मला उपस्थित थे।

## अभिकर्ता संघ कार्यकारिणी का गठन



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पिण्डवाड़ा।** मारकुण्डेश्वर धाम में मंगलवार को डाकघर के अभिकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई। जिसमें सर्व सहमति से अभिकर्ता संघ पिंडवाड़ा की कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष महेंद्रसिंह डाबी, उपाध्यक्ष शिवराज पारीक, सचिव भेराराम गहलोत, सहसचिव रणजीतसिंह, कोषाध्यक्ष मनोहरसिंह, उपकोषाध्यक्ष सुरेश लखारा, संगठन मंत्री, मोहम्मद इरफान, उप संगठन मंत्री शांतिलाल गहलोत, कानून मंत्री राजेंद्रसिंह घड़ियां, मीडिया प्रभारी माधुराम देवासी, संरक्षक रामसेवक, भंवरलाल रावल, नरपतसिंह एवं मुकेश कुमार को नियुक्त किया गया। इसके बाद सभी का सम्मान किया गया। अध्यक्ष डाबी ने संघटन को मजबूत बनाने के लिए सभी को एकजुट रहने का आह्वान किया। डाकघर के कर्मचारियों से तालमेल रखकर निवेशकों के जमा एवं भुगतान संबंधित कार्य में सहयोग की अपील की गई ।


## बंद मकान में शॉर्ट सर्किट से लगी आग, भारी नुकसान

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**करोटी।** अनादरा थाने के असावा में मंगलवार सवेरे बंद मकान में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई। इससे काफी नुकसान हुआ है। जानकारी के अनुसार परिवार के लोग सवेरे खेत पर काम करने गए थे। इधर बंद मकान में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई। इससे लोगों मं हडकंप मच गया। लोगों ने पीडित परिवार के लोगों को सूचना दी तथा आग को बुझाने का प्रयास किया। सूचना पर हैड कांस्टेबल वीरेन्द्र डुडी, डालूराम व गोविन्द कुमार समेत ग्रामीणों ने टैंकरों की सहायता से आग पर पानी डालकर बुझाने के प्रयास किए। आग से पीड़ित परिवार को करीब डेढ से दो लाख का नुकसान हुआ है।



# जोधपुर में जुड़ी 242 नई ग्राम पंचायत व 14 पंचायत समितियां



▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जोधपुर। जोधपुर ग्रामीण जिला खत्म होने के बाद अब एकीकृत जोधपुर जिले में ग्राम पंचायतों के पुनर्गठन का काम पूरा कर लिया गया है। इसमें 242 नई ग्राम पंचायत और 14 नई पंचायत समितियों के गठन के प्रस्ताव का प्रकाशन कलेक्टर ने किया है। इससे पहले जोधपुर की 21 पंचायत समितियों में से फलोदी जिले के अलग होने पर सात पंचायत समितियां फलोदी जिले में चली गई थी। तब जोधपुर जिले में 407 ग्राम पंचायत और 14 पंचायत समितियां शेष रही थी। जिला निर्वाचन ने इन पंचायतों के प्रारूप का प्रकाशन करते हुए आपत्तियां मांगी है। इन पर छह मई तक आपत्तियां दर्ज करवाई जा सकेंगी।**

▸▸ जिले में कुल 28 पंचायत समितियों में 649 ग्राम पंचायत

### किस विधानसभा में कौनसी नई पंचायत समितियां

ओसियां विधानसभा क्षेत्र में चार नई पंचायत समितियां प्रस्तावित की गई है। इनमें सामराऊ, चेराई, उम्मेद नगर और हतुंडी शामिल है। शेरगढ़ विधानसभ क्षेत्र में छह नई पंचायत समितियां, जिनमें चाबा, सोमेसर, खिरजां खास, आगोलाई, जिनजिनयाला कलां, नाथडाऊ को लिया गया है। लूणी विधानसभा क्षेत्र में एक नई पंचायत समिति झंवर बनाई गई है। बिलाड़ा विधानसभा में भी एक नई पंचायत समिति कापरड़ा को बनाया गया है। भोपालगढ़ विधानसभा में सालवा खुर्द और आसोप बनाई गई है।

### ▸▸ तीसरी बार बढ़ाई अंतिम तिथि

पंचायत राज अधिनियम तहत के तहत इन नई पंचायत समितियों के गठन की प्रक्रिया के तहत प्रस्ताव प्रकाशित कर आपत्तियां मांगी गई है। गौरतलब है कि राज्य सरकार ने पंचायतों के पुनर्गठन, पुनर्सीमांकन और नवसृजन के प्रस्तावों को अंतिम रूप देने की अवधि को तीसरी बार बढ़ाकर छह अप्रैल तक किया था। अब, इस प्रक्रिया में सभी आपत्तियां छह मई तक प्राप्त की जाएंगी। तत्पश्चात इन आपत्तियों का निस्तारण सात से 13 मई तक किया जाएगा। इसके बाद, अंतिम प्रस्ताव 14 से 20 मई तक तैयार कर चार जून तक पूरी रिपोर्ट राज्य सरकार को भेजी जाएगी।

# केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत पहुंचे जसोलधाम

▸▸ लोकसभा चुनाव जीतने की मन्नत पूरी होने पर किए दर्शन

**बालोतरा।** केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने जसोलधाम में दर्शन किए। उन्होंने लोकसभा चुनाव 2024 में जोधपुर सीट से जीत की मन्नत मांगी थी। चुनावी सफलता के बाद वे मन्नत पूरी करने जसोलधाम पहुंचे। शेखावत ने श्री राणीसा भटियाणीसा, श्री बायोसा, श्री सवाईसिंह, श्री लाल बन्ना सा, श्री खेतलाजी और श्री काला-गौरा भैरव के मंदिरों के दर्शन किए। इस दौरान उन्होंने देश, राज्य और अपने जीवन में सुख-समृद्धि की कामना की। मंत्री ने जसोलधाम परिसर का भ्रमण किया। शेखावत ने संस्थान अध्यक्ष रावल जसोल के नेतृत्व में हुए विकास कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि जसोलधाम राजस्थान, गुजरात और मध्य प्रदेश सहित पूरे भारत के लाखों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। यह पश्चिमी राजस्थान का एक महत्वपूर्ण तीर्थ स्थल है। मंत्री ने जसोलधाम को सामाजिक समरसता का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि यहां की भोजनशाला में मां जसोल के छत्तीसी कौम के सभी भक्त बिना किसी भेदभाव के एक साथ प्रसाद ग्रहण करते हैं।



# जैसलमेर : कांग्रेसियों ने जलाया ज्ञानदेव आहूजा का पुतला

▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जैसलमेर।** बीजेपी के पूर्व विधायक ज्ञानदेव आहूजा की ओर से टीकाराम जूली के राम मंदिर जाने के बाद दिए गए विवादित बयान पर जैसलमेर में भी प्रदर्शन हुआ। यहां मंगलवार को हनुमान सर्किल पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष उम्मेद सिंह तंवर के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेसी पहुंचे। सभी ने एक स्वर में ज्ञानदेव आहूजा के बयान का कड़ा विरोध किया। हनुमान सर्किल पर ज्ञानदेव आहूजा का पुतला जलाया गया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष उम्मेद सिंह तंवर ने बताया- इसके पीछे उनकी ओछी मानसिकता है। भारतीय जनता पार्टी और उनके नेताओं कि ये विकृत मानसिकता का परिचय है। सबको समानता का अधिकार है और बीजेपी को इस भेदभाव और ऊंच नीच की राजनीति को बंद करना चाहिए। गौरतलब है कि अपनाघर शालीमार में रामनवमी के दिन राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा की गई थी। इस कार्यक्रम में कांग्रेस नेता टीकाराम जूली सहित काफी लोग पहुंचे थे। इसके बाद पूर्व विधायक ज्ञानदेव आहूजा ने कहा था कि कांग्रेसियों के मंदिर आने से मंदिर अपवित्र हो गया। अगले दिन गंगाजल ले जाकर मंदिर में छिड़ककर शुद्धिकरण की बात कही थी। इसके बाद पूरे प्रदेश में बड़ा विरोध जारी है। आहूजा ने वीडियो जारी कर दी सफाई अलवर जिले में स्थित राम मंदिर में गंगाजल छिड़ककर शुद्धिकरण करने वाले भाजपा नेता ज्ञानदेव आहूजा ने विवाद के बाद यू-टर्न ले लिया है। उन्होंने अपना वीडियो जारी करते हुए कहा है, 'मैंने किसी भी दलित का अपमान नहीं किया। मैं तो दलितों का पक्का समर्थक हूं। मैंने जितना दलितों का सहयोग किया है, शायद ही किसी और नेता ने इतना किया होगा। मेरा बयान सिर्फ कांग्रेस की मानसिकता को लेकर था। टीकाराम जूली प्रतिपक्ष के नेता हैं, लेकिन वह अपने आप को दलित नेता के रूप तक ही सीमित रखना चाहते हैं। जबकि मेरा यहां किसी भी दलित को लेकर कोई बयान नहीं था। इस कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह को भी आना था।'



# दो साल से फरार इनामी आरोपी गिरफ्तार

▸▸ वांटेड ने मुंबई, अहमदाबाद में काटी फरारी

▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाड़मेर।** बाड़मेर पुलिस ने ऑपरेशन भौकाल के तहत कार्रवाई करते हुए दो साल से फरार इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी जिले के टॉप-10 आरोपियों में शामिल है। अहमदाबाद और मुंबई में छिपकर फरारी काट रहा था। ईद पर गांव आने पर पुलिस ने पीछा कर दबोच लिया। पुलिस के अनुसार सदर थाने में साल 2023 में मर्डर का मामला दर्ज हुआ था। जिसमें मर्डर आरोपी वारदात के बाद से फरार चल रहा था। इसको लेकर पुलिस लगातार तलाश कर रही थी। लेकिन टीम पकड़ पाने सफल नहीं हुई। इस पर एसपी बाड़मेर की ओर से 15 हजार रुपए का इनामी घोषित किया था। जिले के टॉप-10 आरोपियों में शामिल किया। एसपी नरेंद्र सिंह मीना ने बताया- टीम लगातार आरोपी सदीक पुत्र रमजान खान निवासी मेहलू, गुड़ामालानी के संभावित ठिकानों पर निगरानी रखे हुई थी। आरोपी गिरफ्तारी की डर से मुंबई और अहमदाबाद में फरारी काट रहा था। ईद के मौके पर उसके गांव आने की सूचना मिली थी। इस पर पुलिस टीम ने उसके गांव दबिश दी। आरोपी रेतीलें धोरों में भागने लगा। टीम ने पांच किलोमीटर तक पीछा कर उसे दबोच लिया। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। गिरफ्तारी में कांस्टेबल बाड़मेर डीएसटी टीम के रमेश व जोधपुर स्ट्रॉग टीम के गोपाल जाणी की अहम् भूमिका रही है। साथ में डीसीआरबी एएसआई महिपालसिंह, कांस्टेबल शिवरतन कमांडो दिनेश, कांस्टेबल मालाराम शामिल रहे।



# रोजगार की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन धरना

▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जैसलमेर।** जैसलमेर के सावंता और भोपा गांव के ग्रामीणों ने एक निजी सोलर कम्पनी के गेट के बाहर धरना लगाया। ग्रामीणों का कहना है कि कम्पनी हमारी जमीन पर प्लांट लगाकर बैठी है और हमको रोजगार देने का वादा भी किया था। मगर एक महीने पहले कम्पनी अपने वादों से मुकर गई है। इसलिए ग्रामीण रोजगार की मांग को लेकर पहले कम्पनी के प्रतिनिधियों से बात की मगर कोई हल ना निकलते देख हमने कम्पनी के गेट के बाहर अनिश्चितकालीन धरना दिया है। ग्रामीणों ने बताया कि जब तक हमारी मांगे नहीं मानी जाएगी तब तक हमारा धरना जारी रहेगा।



### वादा खिलाफी कर छीना रोजगार

ग्रामीण चन्दनसिंह ने बताया- चार साल पहले रिन्यू पावर कम्पनी ने यहां 320 मेगावाट का सोलर प्रोजेक्ट प्लांट का निर्माण किया। सावंता और भोपा गांव के ग्रामीणों की जमीन भी इस प्लांट में शामिल है। ऐसे में कम्पनी द्वारा ग्रामीणों को रोजगार देने का वादा था। मगर बताया जा रहा है कि रिन्यू पावर कंपनी ने इस प्रोजेक्ट को शकूरा नामक कम्पनी को दे दिया। अब एक महीने से शकूरा कम्पनी अपनी मनमानी कर रही है और हमारा रोजगार चीन कर बाहर के लोगों को दे रही है। हमारे द्वारा बातचीत करने के बावजूद भी कम्पनी के प्रतिनिधि अपनी मनमानी कर रहे हैं और वादा खिलाफी कर रहे हैं। इसको लेकर सावंता और भोपा गांव के ग्रामीण कम्पनी के गेट के बाहर इकट्ठे हुए हैं और अनिश्चितकालीन धरना लगाया है। जब तक हमारी मांगे नहीं मानी जाएगी तब तक हमारा धरना जारी रहेगा। ग्रामीणों ने प्रशासन से भी हस्तक्षेप कर उनको न्याय दिलवाने की मांग की है।

# बालोतरा : तेज रफ्तार कैम्पर पलटी

▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बालोतरा।** बालोतरा के मेगा हाईवे पर सांकरणा वेरा गांव के समीप एक कैम्पर के पलटने से दो युवक घायल हो गए। तेज रफ्तार में जा रही कैम्पर एक मोड़ पर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। बालोतरा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायलों को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। दोनों घायलों की हालत अब स्थिर है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि वाहन की रफ्तार बहुत तेज थी। मोड़ पर चालक का वाहन से नियंत्रण खो जाने के कारण यह हादसा हुआ। प्रशासन ने लोगों से वाहन चलाते समय सावधानी बरतने और गति सीमा का पालन करने की अपील की है।



# जैसलमेर में पहली बार अप्रैल में पारा 45 डिग्री पार

**जैसलमेर।** जैसलमेर में अप्रैल के पहले सप्ताह में ही मई-जून जैसी गर्मी पड़ रही है। हीट वेव चलने से पारा 45 डिग्री पार पहुंच गया है। दोपहर में शहर की सड़कों पर सन्नाटा पसर गया। तन को झुलसाने वाली गर्मी से हर कोई परेशान नजर आया। मौसम विभाग द्वारा चार दिन का अलर्ट जारी किया गया है। इसके साथ ही आगामी 10 व 11 को वेस्टर्न डिस्टरबेंस की संभावना है। जिसके चलते तापमान में दो-तीन डिग्री की गिरावट दर्ज की जा सकती है। इसके बाद गर्मी के असर में फिर से तेजी देखी जाएगी। दोपहर में हालत बुरे दोपहर में भीषण गर्मी ने पसीने छुड़ा दिए। शाम छह बजे तक गर्म हवाएं चली। इसके चलते लोग जरूरी काम होने पर ही घरों से बाहर निकले। सोमवार को अधिकतम तापमान 45.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जैसलमेर में पहली बार अप्रैल के पहले सप्ताह में ही तापमान 45 के पार पहुंच गया। गौरतलब है कि अब तक 2024 को सबसे गर्म साल माना जाता है। लेकिन इस साल अप्रैल में ही शुरू हुआ गर्मी का असर पिछले साल के रिकॉर्ड को तोड़ सकता है। प्रदेश में रविवार को जैसलमेर का तापमान 45 डिग्री सेल्सियस दर्ज किय गया। जो बाड़मेर के बाद सबसे ज्यादा है। मौसम विभाग ने भी आगामी चार दिन का अलर्ट जारी कर दिया है। जिसमें पश्चिमी राजस्थान में हीट वेव चलने की संभावना जताई गई है। 10-11 को विक्षोभ से गिरेगा तापमान मौसम विभाग ने चार दिन का अलर्ट जारी किया है। इसके साथ ही आगामी 10 व 11 को वेस्टर्न डिस्टरबेंस की संभावना है। जिसके चलते तापमान में दो-तीन डिग्री की गिरावट दर्ज की जा सकती है। इसके बाद गर्मी के असर में फिर से तेजी देखी जाएगी।



# जोधपुर-जैसलमेर हाईवे पर खाली ट्रक पलटा

**बालेसर।** जोधपुर-जैसलमेर नेशनल हाईवे 125 पर खाली ट्रक पलट गया। ट्रक बालेसर से पत्थर भरने जा रहा था। इस दौरान वीरमदेवगढ़ गांव के पास अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में ट्रक में सवार सूर्योदय नगर के आठ मजदूर घायल हो गए। घटना मंगलवार सुबह करीब नौ बजे सेखाला पुलिस चौकी के पास हुई। ट्रक का अचानक संतुलन बिगड़ने से ये हादसा हुआ। आसपास के लोगों ने तुरंत घायल मजदूरों को ट्रक से बाहर निकाला। सभी घायलों को निजी वाहनों से बालेसर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद सभी घायलों को दो एंबुलेंस से जोधपुर रेफर किया गया है। घायलों में से दो-तीन मजदूरों की हालत गंभीर बताई जा रही है। घायल मजदूरों में सलीम खान, सद्दाम खान, मजीद खान, सलीम खान, पप्पू खान, मुने खा और इस्लाम खान शामिल हैं।

# रामदेवरा ब्रीडिंग सेंटर से आई फिर खुशखबरी

**जैसलमेर।** जैसलमेर के गोडावण ब्रीडिंग सेंटर से लगातार खुशखबरी मिल रही है। रामदेवरा स्थित गोडावण ब्रीडिंग सेंटर में पहली बार एक गोडावण ने जन्म लिया है। पूरी दुनिया में विलुप्ति की कगार पर पहुंचे गोडावण का अब कुनबा लगातार बढ़ने लगा है। रामदेवरा व सम स्थित ब्रीडिंग सेंटर में गोडावण की संख्या बढ़कर 51 हो चुकी है। प्रोजेक्ट जीआईबी के तहत रामदेवरा स्थित ब्रिडिंग सेंटर में छह अप्रैल को इस साल का पहला गोडावण का चूजा जन्मा है, जिससे वन्य जीव प्रेमियों में खुशी की लहार है। गौरतलब है कि इस साल जन्म लेने वाला ये सातवां चूजा है। डेजर्ट नेशनल पार्क के डीएफओ गुप्ता ने बताया- विलुप्त होने की कगार पर खड़े राजस्थान के राज्य पक्षी 'द ग्रेट इंडियन बस्टर्ड' यानी गोडावण को बचाने के प्रयासों में एक बड़ी सफलता मिली है। प्रोजेक्ट जीआईबी के तहत रामदेवरा स्थित ब्रिडिंग सेंटर में छह अप्रैल को पहला गोडावण का चूजा जन्मा है। इससे पहले इसी साल सम के गोडावण ब्रिडिंग सेंटर में छह चूजे जन्म ले चुके हैं। रामदेवरा ब्रिडिंग सेंटर में 11 मार्च को नर गोडावण सलखा और मादा गोडावण जेरी की मेटिंग के बाद 15 मार्च को मादा जेरी ने अंडा दिया और छह अप्रैल को चूजे ने जन्म लिया। यह 2022 में स्थापित रामदेवरा ब्रिडिंग सेंटर में जन्मा पहला चूजा है।



## व्यापार जगत

# शेयर, म्यूचुअल फंड पर लोन देगी अंबानी की कंपनी



▸▸ ऐलान के बाद शेयर खरीदने की लूट, 224 पर आया भाव

**मुंबई।** जियो फाइनेंस लिमिटेड के शेयर में मंगलवार को गजब की तेजी देखी गई। कंपनी के शेयर 5% से अधिक चढ़कर 224.80 रुपए पर बंद हुए हैं। शेयरों में इस तेजी के पीछे कंपनी के कारोबार को लेकर एक बड़ा अपडेट है। दरअसल, कंपनी ने लोन अगेंस्ट सिक्योरिटीज के सेक्टर में कदम रखा है। डीमैट एकाउंट में रखी सिक्योरिटीज जैसे की शेयर और म्यूचुअल फंड को गिरवी रखकर ग्राहक लोन ले सकेंगे और वह भी बिना उन्हें बेचे। कंपनी का दावा है कि यह प्रक्रिया पूरी तरह से डिजिटल, सुरक्षित और ओटीपी-आधारित है।

### क्या है डिटेल

जियो फाइनेंस ऐप के जरिए सिर्फ 10 मिनट में एक करोड़ रुपए तक का लोन लिया जा सकेगा। बता दें, कि जियो फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड की NBFC (नॉन बैंकिग फाइनेंशियल कंपनी) ब्रांच है जियो फाइनेंस लिमिटेड। कंपनी इसे डिजिटल-फर्स्ट फाइनेंशियल सर्विस के लिए वन-स्टॉप डेस्टिनेशन बता रही है। इसे ग्राहकों की वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है। इसमें लोन अगेंस्ट शेयर्स और लोन अगेंस्ट म्यूचुअल फंड्स जैसी सेवाएं शामिल हैं। लोन के लिए ब्याज दरें ग्राहक के पर्सनल रिस्क प्रोफाइल के अनुरूप होंगी। कंपनी ने इन्हें काफी कम रखने की कोशिश की है, ब्याज दरें 9.99% से शुरू होंगी। ये लोन अधिकतम तीन साल तक की अवधि के लिए होंगे और इनमें कोई फोरक्लोजर शुल्क नहीं लगेगा।

### कंपनी ने क्या कहा?

जियो फाइनेंस लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और सीईओ कुसल रॉय ने कहा, "लोन अगेंस्ट सिक्योरिटीज का लॉन्च हमारी व्यापक डिजिटल स्ट्रैटेजिक का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य ग्राहकों के वित्तीय सेवाओं तक पहुंचने के तरीके को बदलना है। यह लॉन्च वित्तीय सेवाओं को अधिक सुलभ, तेज और ग्राहक-केंद्रित बनाने के हमारे मिशन में एक महत्वपूर्ण कदम है।"

# पाकिस्तान की कुल जीडीपी से ज्यादा नेटवर्थ गंवा चुके दुनिया के टॉप 10 रईस

**नई दिल्ली।** दुनियाभर के शेयर बाजारों में हाल में काफी गिरावट आई है। इससे दुनिया के टॉप 10 रईसों की नेटवर्थ में इस साल करीब 400 अरब डॉलर की गिरावट आई है। यह पाकिस्तान की कुल जीडीपी (करीब 375 अरब डॉलर) से अधिक है। सबसे अधिक झटका दुनिया के सबसे बड़े रईस एलन मस्क को लगा है। ब्लूमबर्ग बिलिनेयwwर इंडेक्स के मुताबिक उनकी नेटवर्थ में इस साल 135 अरब डॉलर की गिरावट आई है। उनकी नेटवर्थ अब 298 अरब डॉलर रह गई है। सोमवार को उनकी कंपनी टेस्ला के शेयरों में गिरावट रही और इससे मस्क की नेटवर्थ में 4.39 अरब डॉलर की गिरावट आई। मस्क टेस्ला के साथ-साथ एक्स और स्पेसएक्स जैसी कई कंपनियां चलाते हैं। एक्स को पहले ट्विटर के नाम से जाना जाता था। ऐमजॉन के फाउंडर जेफ बेजोस, लैरी एलिसन और माइकल डेल की नेटवर्थ में इस साल $35-45 अरब डॉलर की गिरावट आई है। इसी तरह फेसबुक की पेरेंट कंपनी मेटा के मार्क जकरबर्ग, माइक्रोसॉफ्ट के स्टीव बालमर, लैरी पेज और सर्गेई ब्रिन की कुल नेटवर्थ में $110 अरब डॉलर से अधिक गिरी है। यहां तक की बिल गेट्स की नेटवर्थ में भी $9 अरब से अधिक गिरावट आई है। एनवीडिया के फाउंडर जेंसन हुआंग ने 28.5 अरब डॉलर गंवाए हैं। टॉप 10 में इस साल कमाई करने वाले एकमात्र अरबपति वॉरेन बफे हैं जिनकी नेटवर्थ में 11.5 अरब डॉलर की तेजी आई है। इस बीच भारत और एशिया के सबसे बड़े रईस मुकेश अंबानी और अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी की नेटवर्थ में भी गिरावट आई है। सोमवार को अंबानी की नेटवर्थ में 3.48 अरब डॉलर की गिरावट आई और यह 83.4 अरब डॉलर रह गई है। रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन की नेटवर्थ में इस साल 7.24 अरब डॉलर की गिरावट आई है। वह दुनिया के अमीरों की लिस्ट में एक स्थान खिसककर 17वें नंबर पर पहुंच गए हैं। अडानी 70.0 अरब डॉलर के साथ इस लिस्ट में 21वें पर खिसक गए हैं। इस साल उन्होंने 8.71 अरब डॉलर गंवाए हैं।



# हल्दीराम की दिल्ली-नागपुर यूनिट का मर्जर पूरा

**नई दिल्ली।** दिल्ली बेस्ड हल्दीराम स्नैक्स प्राइवेट लिमिटेड और नागपुर बेस्ड हल्दीराम फूड्स इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड का मर्जर हो गया है। कंपनी के सीईओ कृष्ण कुमार चुटानी ने सोमवार सात अप्रैल को इसकी जानकारी दी। चुटानी ने कहा- हल्दीराम की कहानी में एक नया अध्याय शुरू हुआ है, और यह एक महत्वपूर्ण अध्याय है। हमें यह बताते हुए खुशी हो रही है कि हल्दीराम के दिल्ली और नागपुर के FMCG बिजनेस एक साथ मिलकर हल्दीराम स्नैक्स फूड प्राइवेट लिमिटेड बन गए हैं। हल्दीराम के सीईओ ने कहा कि इस विलय से विकास, सहयोग और नेतृत्व के नए रास्ते खुलेंगे। कंपनी के पार्टनर्स और वेंडर्स के लिए इस विलय का मतलब है गहरे रिश्ते और व्यापक अवसर। उन्होंने कहा कि मर्जर का उद्देश्य हल्दीराम को भारतीय रसोई से ग्लोबल मार्केट तक पहुंचाना है। यह विलय हल्दीराम द्वारा अमेरिकी कंपनी अल्फा वेव ग्लोबल और यूएई स्थित इंटरनेशनल होल्डिंग कंपनी से निवेश की घोषणा के कुछ दिनों बाद प्रभावी हुआ है। इसके अलावा, सिंगापुर स्थित टेमासेक ने पिछले महीने इंडियन पैकेज्ड फूड मैन्युफैक्चरर में माइनोरिटी स्टेक खरीदी थी। भारत में हल्दीराम ब्रांड का संचालन दिल्ली, नागपुर और कोलकाता में स्थित तीन अलग-अलग फैमिली एनटीटी द्वारा किया जाता है। हालांकि, दिल्ली और नागपुर फैमिली ने अपने FMCG बिजनेस हल्दीराम स्नैक्स और हल्दीराम फूड्स इंटरनेशनल को एक सिंगल एनटीटी, हल्दीराम स्नैक्स फूड्स प्राइवेट लिमिटेड में मर्ज कर दिया है। पैकेज्ड स्नैक्स के अलावा, हल्दीराम रेस्टोरेंट की एक चेन भी ऑपरेट करता है। कंपनी 500 प्रकार के स्नैक्स, नमकीन, मिठाइयां, रेडी टू ईट और प्री-मिक्स्ड फूड आइटम्स बेचती है। हल्दीराम ने वित्त वर्ष 24 में 12,800 करोड़ रुपए का रेवेन्यू हासिल किया था। यूरोमॉनिटर इंटरनेशनल के अनुसार, भारत के 6.2 अरब डॉलर के स्नैक मार्केट में हल्दीराम की लगभग 13% हिस्सेदारी है। इसके स्नैक्स सिंगापुर और अमेरिका जैसे विदेशी बाजारों में भी बेचे जाते हैं। कंपनी के पास लगभग 150 रेस्तरां हैं। इसकी शुरुआत 1937 में एक दुकान से हुई थी।




# अडानी समूह की इस कंपनी ने दी कारोबार को लेकर बड़ी जानकारी

**मुंबई।** अडानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकनॉमिक जोन लिमिटेड (एपीएसईजेड) के शेयर मंगलवार को कारोबार के दौरान फोकस में हैं। कंपनी के शेयर शुरुआती कारोबार में ही 4% तक चढ़कर 1155.55 रुपए के इंट्रा डे हाई पर पहुंच गए थे। शेयरों में इस तेजी के पीछे एक बड़ा ऐलान है। दरअसल, अरबपति उद्योगपति गौतम अडानी की कंपनी अडानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकनॉमिक जोन लिमिटेड ने सोमवार को कहा कि उसने श्रीलंका में कोलंबो वेस्ट इंटरनेशनल टर्मिनल पर अपना परिचालन शुरू कर दिया है।



### संघ करेगा संचालन

▪ अडानी पोर्ट ने बयान में कहा कि सार्वजनिक-निजी भागीदारी के तहत विकसित सीडब्ल्यूआईटी का संचालन एक संघ द्वारा किया जाता है - जिसमें 35 साल के निर्माण, संचालन और हस्तांतरण (बीओटी) समझौते के तहत भारत का सबसे बड़ी बंदरगाह संचालक एपीएसईजेड, प्रमुख श्रीलंकाई समूह जॉन कील्स होल्डिंग्स पीएलसी और श्रीलंकाई बंदरगाह प्राधिकरण शामिल हैं।

### क्या है अन्य डिटेल

अडानी समूह के चेयरमैन गौतम अडानी ने कहा कि सीडब्ल्यूआईटी में परिचालन की शुरुआत भारत और श्रीलंका के बीच क्षेत्रीय सहयोग में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। उन्होंने कहा, "यह टर्मिनल न केवल हिंद महासागर में व्यापार के भविष्य का प्रतिनिधित्व करता है, बल्कि इसकी शुरुआत श्रीलंका के लिए भी एक गौरवपूर्ण क्षण है, जो इसे वैश्विक समुद्री मानचित्र पर मजबूती से स्थापित करता है।" उन्होंने कहा कि सीडब्ल्यूआईटी परियोजना स्थानीय स्तर पर हजारों प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष नौकरियों का सृजन करेगी तथा द्वीपीय राष्ट्र के लिए अपार आर्थिक मूल्य खोलेगी।

## आप का राशिफल 9 अप्रैल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है।धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग। शुभांक-4-6-8

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। यात्रा का योग है। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-5-7-9

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच मांगलिक कार्य सम्पन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। शुभांक-7-8-8

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। शुभांक-4-6-7

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़े अपने काम पर ध्यान दीजिए। शुभांक-4-5-6

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। खान-पान में सावधानी रखें। स्वास्थ्य लाभ में व्यय होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। शुभांक-7-8-9

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। सुविधा और समन्वय बने रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। शुभांक-3-5-7

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। शुभांक-3-6-7

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती हैं। अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शुभांक-3-6-7

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। स्वविवेक से कार्य करें। कार्यक्षेत्र में तनाव पैदा होगा। माता पक्ष से विशेष लाभ होगा। पूजा-पाठ आदि धार्मिक कार्य संपन्न होंगे। शुभांक-2-5-7

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): किसी से कहा सुनी न हो यह ध्यान रखें। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म में रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-4-7-8

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। शुभांक-5-7-8

# परिंडे और चुग्गा पात्र लगाए, अभियान जारी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** जिला प्रशासन के आग्रह पर जिलेभर में परिंडे लगाने का अभियान जोरों पर है। जगह-जगह परिंडे व चुग्गा पात्र लगा ग्रीष्मकाल में पक्षियों के लिए उत्साह से कार्य किया जा रहा है। लोग जगह-जगह पशुओं के लिए भी जल सुलभ करवाने सीमेंटेड की जल कुंडिया रखवाने में जुटे है।

राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड जिला मुख्यालय के जिला प्रशिक्षण केंद्र में पक्षियों के लिए परिंडा अभियान का आगाज मंगलवार को प्रशिक्षण केंद्र पर परिंडा व चुग्गा पात्र लगाकर किया गया। कार्यकम जिला स्काउट गाइड संगठन के अध्यक्ष और पूर्व सभापति महेंद्र बोहरा के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। इस अवसर पर सहायक स्टेट कमिश्नर गाइड नूतन बाला कपिला, जिला संगठन के उपप्रधान ताराचंद जैन, रमेशचंद्र वैष्णव, आजीवन सदस्य ओमप्रकाश परिहार, गाइडर लीला जैन, पूर्व पार्षद अशोक बाफना, विकास बुबकिया एवं पुखराज सुथार आदि ने स्काउट ग्राउंड में पक्षियों के लिए परिंडा लगाकर अभियान का आगाज किया। सीओ स्काउट गोविन्द मीना ने बताया कि कार्य'म में भारतीय बाल निकेतन उच्च माध्यमिक विद्यालय राजनगर पाली के स्काउट और गाइड ने स्काउट गाइड प्रशिक्षण केंद्र पर श्रमदान कर पॉलीथिन उन्मूलन अभियान चलाया। इसके पश्चात स्काउट यूनिट लीडर जयपाल एवं दीपक जावा के निर्देशन में अतिथियों द्वारा पौधरोपण कर आम और जामुन के पौधे लगाए गए। जिला कलेक्टर एवं जिला प्रशासन की पहल पर मंगलवार को जिले भर में स्काउट गाइड द्वारा अपने-अपने विद्यालयों में मूक पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए परिंडे और चुग्गा पात्र लगाए गए। सीओ गाइड डिंपल दवे ने बताया कि इसी कड़ी में जिला प्रशिक्षण केंद्र बजरंगबाड़ी पाली में भी 21 परिंडे लगाकर अभियान का शुभारंभ किया गया। साथ ही लगाए गए परिंडों में नियमित पानी एवं चुग्गा पात्र मे चुग्गा डालने की जिम्मेदारी ली गई। इस अवसर पर जिला एमओपी कोऑर्डिनेटर और राष्ट्रपति अवार्ड रोवर विशाल, अर्जुन, कृष्णा, रेंजर काव्या मौजूद रहे।





**नारलाई।** निकटवर्ती वीर बालाजी आश्रम के भक्तराज अशोक भारद्वाज के अनुसार मंदिर एवं मंदिर के आस-पास खेत खलिहानों एवं पहाड़ी क्षेत्र में पक्षियों व पशुओं के लिए पेयजल की व्यवस्था की गई। पक्षियों के लिए जगह जगह परिंडे लगाए गए। अनाज और पानी के साथ परिंडो की व्यवस्था की गई। इस पहल को आगे बढ़ाने के लिए मंदिर मे आने वाले लोगों से अपील कर पक्षियों के लिए अनाज और परिंडो कि व्यवस्था कराई गई। महाराज ने कहा कि मंदिर के आस-पास क्षेत्र में परिंडे लगाए जाएंगे ताकि कोई पक्षी प्यासा न रहे। भारद्वाज ने बताया कि इस मुहिम को जारी रखने के लिए सभी का भरपुर सहयोग मिल रहा है। इस मौके पर अशोकगिरी, भोपाराम, दीपसिंह, गजेंद्रसिंह जोधा, देवाराम मीणा, पताराम मेघवाल, पूनाराम मेघवाल, धीरूभाई भावरी, शिवा भारद्वाज आदि मौजूद रहे।



सुमेरपुर। पक्षियों के लिए नगरपालिका द्वारा परिंडा लगाओ अभियान का आगाज किया गया। पालिका टाउन हॉल के पीछे स्थित मीराबाई गार्डन में मंगलवार को अधिशाषी अधिकारी नरपतसिंह राजपुरोहित, स्वास्थ्य निरीक्षक यशवंत परिहार, जेटीए जसवंतसिंह राठौड़ सहित पालिका कर्मियों द्वारा परिंडे लगाकर उसमें पानी भरा गया। अभियान के दौरान शहर में स्थित सभी सरकारी कार्यालयों, विभिन्न सार्वजनिक स्थानों, उद्यानों में परिंडा लगाने का कार्य किया जाएगा। अधिशाषी अधिकारी ने बताया कि परिंडे लगाने का अभियान आगामी दिनों में भी जारी रहेगा।



**नाडोल।** करणसिंह चाली में जिलाध्यक्ष डा रामलाल मोहबारशा की अध्यक्षता में आयोजित वरिष्ठ नागरिक समिति की साप्ताहिक बैठक वरिष्ठजनों के हितार्थ चर्चा की गई। महामंत्री नरपतसिंह कुंपावत ने बताया कि नूतन पहला महिला संगठन द्वारा 50 परिंडे बनवाकर वरिष्ठ नागरिक समिति को भेंट किए गए। जिन्हें हाथों-हाथ सभी वरिष्ठ जनों ने अपने-अपने घरों के पास स्थित पेड़ पौधों पर लगाने, उन में हमेशा पानी देने, सफाई करने एवं सुरक्षा करने का वचन दिया। बढ़ती हुई गर्मी के कारण पक्षियों को पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध करवाना अपना धर्म समझते हुए नूतन बाला कपिला संस्था की अध्यक्षा एवं उपाध्यक्ष पुष्पा परिहार ने परिंडो की अनिवार्यता बताई। इसी 'म में पब्लिक हेल्थ मिशन की निर्देशक अनुपमा पुरोहित ने अपने जीवन की कुछ घटनाओं का जि' किया और वरिष्ठ जनों को इस संस्था से जुड़कर नियमित रूप से प्रातः कालीन व्यायाम करने के संबंध में विस्तार से बताया। बैठक में सेवा और संकल्प के प्रदेशाध्यक्ष तथा पाली की तस्वीर बदलनी चाहिए अभियान के प्रभारी जबरसिंह राजपुरोहित ने सभी वरिष्ठ जनों को आह्वान किया कि पाली शहर के हर गली मोहल्ले में वरिष्ठ जन आवाज उठाकर अति'मण रुकवाएं ताकि आने वाले बरसात के मौसम में पाली की कोलोनियां पुनःजलमग्न नहीं हो। गत वर्ष पाली शहर की सीवरेज लाइनों के कार्य ब्लॉक होने तथा शहर वासियों द्वारा कई दिनों तक नारकीय जीवन जीने की छवि प्रस्तुत की और प्रेरणा प्रद संबोधन दिया। महामंत्री ने बताया कि सभा के प्रारंभ में जिलाध्यक्ष ने गत मंगलवार को झीतडा गांव के मंदिरों व दूदिया गांव का भ्रमण तथा बागड़िया गांव के तपेश्वर महादेव मंदिर के दर्शन हेतु साथ ही समिति की 33वीं शाखा झीतड़ा महंत द्वारा खोले जाने की घोषणा का खचाखच भरे हाल में उपस्थित सभी लोगों ने करतल ध्वनि से स्वागत किया। बैठक में वरिष्ठ उपाध्यक्ष नवर| गुप्ता, केएम शर्मा, गौतमचंद यति, सचिव दिनेश दवे, सुवालाल पेड़ीवाल, ओटाराम सोलंकी, गोपालदास मुंदड़ा, गणपतसिंह दहिया, शिवप्रसाद परिहार, विष्णुकुमार गोयल, सज्जनसिंह बोराणा, सुरेशकुमार जालोरा, हिम्मताराम फुलवारी, रामस्वरूप माली, थनसिंह बडगुजर, श्रवणकुमार तवर, जगदीश दुबे, चैनसिंह खींची, अर्जुनसिंह भाटी, घीसालाल, सुनीलकुमार टाक, लक्ष्मणसिंह गहलोत, प्रमोदकुमार माथुर, कांतिलाल मुथा, मुन्नालाल आदि उपस्थित रहे। महामंत्री ने आभार व्यक्त किया।



## न्यायाधीश भाटी ने किया जिला कारागृह का निरीक्षण

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार वि'मसिंह भाटी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (अपर जिला न्यायाधीश) पाली द्वारा जिला कारागृह का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान 91 बंदी निरूद्ध मिले। निरीक्षण के दौरान सचिव भाटी द्वारा प्रत्येक बैरक में जाकर बंदीगण से वार्तालाप कर कारागृह में भोजन, चिकित्सीय सुविधा, पेयजल, सफाई व्यवस्था इत्यादि के संबंध में जानकारी ली गई। इसके अतिरिक्त कोई भी बन्दी निजी अधिवक्ता करने में असमर्थ हो अथवा विधिक सहायता के अभाव में बिना अधिवक्ता के कारागृह में निरूद्ध ना रहे तथा ऐसे बंदी जिनकी जमानत होने के उपरांत भी कारागृह में निरूद्ध हो, इस संबंध में भी जानकारी ली गई। यह भी सुनिश्चित किया गया कि कोई भी नाबालिग बंदी जिला कारागृह में निरूद्ध ना रहे। भाटी द्वारा ओपन जेल के निरीक्षण के दौरान वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। ओपन जेल में 7 बंदी निरूद्ध है। सचिव भाटी द्वारा ओपन जेल में निरूद्ध बंदियों को उनकी सजा विरूद्ध उच्च न्यायालय एवं सर्वोच्च न्यायालय में अपील किए जाने के संबंध में जानकारी ली गई। जिन बंदियों द्वारा उच्च न्यायालय द्वारा सजा को बरकरार रखे जाने के आदेश दिए गए, उनके विरूद्ध सर्वोच्च न्यायालय में अपील किए जाने के लिए विधिक सहायता उपलब्ध करवाए जाने की जानकारी दी गई। किसी भी सजायाफ्ता बंदी द्वारा अपील के लिए विधिक सहायता हेतु मांग नहीं की गई। निरीक्षण के दौरान जोराराम कारापाल जिला कारागृह, सुश्री वैशाली व्यास एवं अलताफ हुसैन जेल विजिटिंग लॉयर्स आदि उपस्थित रहे।

## सतर्कता समिति की बैठक 17 को

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** जिला जन अभाव अभियोग एवं सतर्कता समिति की मासिक बैठक 17 अप्रैल गुरूवार को प्रातः 11 बजे भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की जाएगी। यह जानकारी जिला जन अभाव अभियोग एवं सतर्कता समिति सचिव एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर डॉ बजरंगसिंह ने दी।

## चार्टर अध्यक्ष के जन्मदिवस पर होंगे सेवा कार्य

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** नवभारत सेवा चेरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक व अध्यक्ष, रेड'ॉस सोसायटी शाखा-सुमेरपुर के चार्टर अध्यक्ष, तारा संस्थान उदयपुर के पाली व सिरोही जिलाध्यक्ष, मानवाधिकार सुरक्षा संगठन-भारत, राष्ट्रीय कलचुरी एकता महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष एवं बौर्ड ऑफ डिसेबल्ड ि'केट एसोसिएशन इंडिया के चैयरमेन पंकजराज मेवाड़ा के 15 अप्रैल को जन्मदिवस पूर्व सात दिवसीय अलग-अलग निस्वार्थ सेवाभाव के कई कार्य'म आयोजित किए जाएंगे। प्रोजेक्ट चैयरमेन एवं ट्रस्ट सरंक्षक नेनमल सोनी व पूर्व पार्षद गोविंद राठौड़ ने बताया कि मेवाड़ा के जन्मदिवस के उपलक्ष में निश्चार्थ सेवा के सात दिन तक अलग-अलग कई कार्य'म सदस्यों द्वारा मिलकर किए जाएंगे। जिसमे प्रतिदिन अलग-अलग सेवा कार्य जैसे टूरिस्ट प्लेस जवाई बांध क्षेत्र में स्वच्छता अभियान के साथ पौधा रोपण, बंदरों व मछलियों को भोजन, पंछियों को दाना व परिंडे लगाए जाएंगे। गोवंश को सड़क हादसों से बचाने उनके गले में रेडियम के बेल्ट बांधे जाएंगे। साथ ही हरा चारा व गुड़ खिलाया जाएगा। पशुओं के लिए पानी की सीमेंट टंकियां, राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर मरीजों को फ्रूट वितरण के साथ जरूरत मंद के लिए ब्लड डोनेशन, कस्तूरबा छात्रावास की बालिकाओं व मानसिक विमंदित आवासीय विद्यालय में बच्चों को भोजन करवाकर उनके साथ सादगी से जन्मदिवस मनाया जाएगा। मेवाड़ा ने सभी सेवा साथियों से भी अपने माता-पिता एवं अपने परिवार के सदस्यों के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में कुछ ना कुछ निश्चार्थ सेवा कार्य जरूर करने का आग्रह किया। तैयारियों को लेकर सरंक्षक गोविंद राठौड़, झूमरलाल गर्ग, नेनमल सोनी, हरीराम सोनी, सचिव डॉ. कमलेश कुमार, मदन प्रजापत, उपाध्यक्ष डॉ. अयोध्या प्रसाद, डॉ. मेहराम चौधरी, प्रियंका मेवाड़ा, कोषाध्यक्ष अंजली अग्रवाल, सह कोषाध्यक्ष पूनम भारद्वाज, नवीन गहलोत, कमलेश कुमावत, युवराज रावल, एडवोकेट भाग्यश्री शर्मा, सुरजीत राठौड़, जानम राजपुरोहित, नंदिनी शर्मा, भूमिका राजपुरोहित, राकेश भाटी, जयश्री रावल, तनीषा राठौड़, टीना भाटी, तमन्ना राठौड़ आदि जुटे हुए है।



## विद्यालय परिवार ने किया ट्रस्ट कमेटी का अभिनंदन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**देसूरी।** केरली वास स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में वॉटर कूलर भेंट करने पर जूनीधाम खेतलाजी ट्रस्ट कमेटी के पदाधिकारियों व सदस्यों का विद्यालय परिवार की ओर से स्वागत सम्मान किया गया। संस्था प्रधान रितु गोदारा के अनुसार भक्तराज दिवंगत ओकारमल नानचंद भंडारी की प्रेरणा से प्रमोदकुमार थानमल पालरेशा परिवार खारड़ा हाल पुणे की ओर से ट्रस्ट के सहयोग से विद्यालय में बच्चों के ठंडे पेयजल के लिए वॉटर कूलर भेंट किया था। जिस पर आयोजित सादे समारोह में जूनिधाम खेतलाजी ट्रस्ट कमेटी अध्यक्ष प्रकाश वनगोस्वामी, अशोकसिंह राजपुरोहित कोषाध्यक्ष, खरताराम चौधरी सदस्य, एडवोकेट भूपेंद्रसिंह राजपुरोहित, एडवोकेट बाबूलाल कुमावत, अशोक कुमावत समाजसेवी का माला व साफा पहनाकर स्वागत सम्मान किया गया। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मोहनलाल बलाई ने विद्यालय विकास में सहयोग करने पर ट्रस्ट कमेटी का आभार जताया। इस दौरान मिनाक्षी पुरोहित, संजूलता गोस्वामी, रेखा छीपा, मंजूलता मीणा, वीभा चौहान, रेखाकुमारी, जीतु भाटी, मदनलाल माली, मोहनलाल मेघवाल एवं विद्यार्थी मौजूद थे।



## आदर्श विद्या मंदिर का वार्षिकोत्सव आज

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाली।** सेवाड़ी विवेकानंद आदर्श विद्या मंदिर का वार्षिकोत्सव बुधवार शाम 6.30 बजे भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व राज्यसभा सदस्य मदन राठौड़ एवं विधायक पुष्पेंद्रसिंह राणावत के आतिथ्य में आयोजित किया जाएगा। प्रधानाचार्य हालूराम देवासी के अनुसार रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुतियां दी जाएगी। कार्य'म की तैयारी जोरों पर है। इस मौके पर उत्तम पी जैन, रणजीत सुराणा, अनिल जैन, तुलसाराम चौधरी, सरपंच पिंकी देवी, ओटाराम सहित प्रबंध समिति सदस्य, शिक्षकगण मौजूद रहेंगे।

## उपखण्ड स्तरीय अटल जन सेवा शिविर आज

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** उपखण्ड स्तरीय अटल जन सेवा शिविर माह अप्रैल 2025 में द्वितीय गुरूवार को राजकीय अवकाश होने के फलस्वरूप अटल जन सेवा शिविर बुधवार 9 अप्रैल को प्रातः 10 बजे से जनसुनवाई पंचायत समिति पाली में आयोजित की जाएगी। यह जानकारी उपखण्ड अधिकारी विमलेन्द्र राणावत ने दी।

## ब्रह्मलीन महाराज के षोडशी भंडारे में शरीक हुए साधु संत

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नारलाई।** निकटवर्ती कोठार गांव के कोठार माजी मंदिर पौड़सी के महंत विष्णुपुरी महाराज के षोडशी भंडारे में कई साधु संत व श्रद्धालु शरीक हुए। सोमवार रात को भजन कार्यक्रम हुआ। मंगलवार को भंडारे में प्रदेश के विभिन्न स्थानों से भारी तादाद में पहुंचे साधु-संतों व अन्य लोगों ने प्रसादी ग्रहण की। श्रद्धालुओं ने ब्रह्मलीन महाराज की समाधि पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मेहन्दानंदगिरी महाराज गुडा मांगलियांन, नरेशनाथ महाराज दातिवाड़ा, तीर्थगिरी महाराज का सानिध्य रहा। संतों को दक्षिणा के साथ उपहार भेंट किए गए। समाधि स्थल पर वैदिक परंपरा के अनुसार हवन पूजन हुआ। नरेशनाथ महाराज ने बताया कि महंत विष्णुपुरी महाराज करीब 30 वर्ष से इस क्षेत्र में निवासरत थे। उनकी कमी को कभी भी पूरा नहीं किया जा सकेगा।



## नंदीशाला की बैठक में कार्यकारिणी का विस्तार

*पालिका से सहयोग लेने पर की चर्चा*

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** कामधेनु पुत्र 36 कौम नंदी शाला जाखा नगर की कार्यकारिणी की बैठक सोमवार को नंदी शाला परिसर में आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। कामधेनु नंदी शाला समिति के सचिव राजेश जोशी ने बताया कि नंदी शाला समिति की बैठक अध्यक्ष किशोर भाटी की मौजूदगी में की गई। जिसमें नंदी शाला कार्यकारिणी के विस्तार पर चर्चा हुई एवं वर्तमान कोषाध्यक्ष का स्वास्थ्य सही नहीं होने के कारण कार्यवाहक कोषाध्यक्ष मनोनीत करने पर मंथन किया गया। तत्पश्चात बेसहारा गोवंशो के लिए भामाशाह के सहयोग से सूखा चारा उचित मूल्य पर खरीदने एवं भंडारण करने तथा नगर पालिका से कांजी हाउस फंड से सूखे चारा में सहयोग करवाने के साथ शहर में घूम रहे बेसहारा गोवंशो के बारे में विस्तार से चर्चा की। जिसमें तय हुआ कि अगर नगर पालिका प्रशासन कांजी हाउस में बेसहारा गोवंशों के लिए सूखे चारे के लिए आर्थिक सहयोग करें तो शहर में भ्रमण करने वाले सभी बेसहारा गोवंशो को नंदी शाला में शिफ्ट किया जा सकता है। जिससे शहर की यातायात व्यवस्था में बाधक पशुधन से राहत मिल सकेगी। वहीं कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए अध्यक्ष किशोर भाटी, उपाध्यक्ष लालचंद अग्रवाल, रुपाराम माली, कार्यवाहक कोषाध्यक्ष प्रकाश अग्रवाल, सह कोषाध्यक्ष सुरेश सिंहल, सह सचिव नैनमल सोनी एवं सदस्य शांतिलाल देवड़ा, पोपट लाल जैन, शिवलाल माली, ओमप्रकाश कुमावत, अशोक पालीवाल, भीखाराम माली, मांगीलाल परमार, जसाराम मेघवाल, पुखराज चौधरी, नटवर रामीणा, विकास अग्रवाल, अशोक माली, शांतिलाल परमार, रवि अग्रवाल आदि का मनोनयन किया गया।



## मोरखा पंचायत को भंग नहीं करने की मांग



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**देसूरी।** पंचायत समिति क्षेत्र की मोरखा ग्राम पंचायत को भंग नहीं करने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने उपखंड अधिकारी सिद्धार्थ सांदू को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि पंचायतराज व्यवस्था की स्थापना के समय से ही ग्राम पंचायत मोरखा अस्तित्व में है और अब तक यथावत चल रही है। वर्तमान में राज्य सरकार द्वारा पंचायतों के पुनर्गठन की प्र'या के तहत मोरखा ग्राम पंचायत को भंग कर उसे सिंदरली पंचायत में मर्ज करने का प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। इस प्रस्ताव का ग्रामीण विरोध करते है। मोरखा पंचायत को भंग किया जाता है तो पंचायत संबंधी कार्यों के लिए ग्रामीणों को तीन चार किलोमीटर दूर सिन्दरली जाना पड़ेगा। ज्ञापन ने ग्राम पंचायत मोरखा को पूर्ववत बनाए रखने की मांग की। इस दौरान मोडाराम चौधरी, श्रवणसिंह राजपुरोहित, बाबूलाल सुथार, विजयसिंह, मांगीलाल, रमेश चौधरी, धन्नाराम चौधरी, अचलाराम चौधरी, सोनाराम, महावीरसिंह, बाबूलाल, पप्पू पुरोहित, देवाराम, जोधाराम, दरगाराम, लकराम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# आमजन के कार्य समय पर पूर्ण करने के निर्देश

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाली।** पंचायत समिति बाली सभागार में मंगलवार को बाली विकास अधिकारी भोपालसिंह जोधा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में ग्राम विकास अधिकारी, कनिष्ठ सहायक की ओर से संपादित किए जाने वाले कार्यों की समीक्षा की गई। जोधा ने कार्मिकों को निर्देशित किया कि आमजन के कार्य समय पर करना सुनिश्चित करें। स्वीकृत प्रधानमंत्री आवास जल्द पूर्ण करावें और आवास विहीन परिवारों का आवास प्लस में सर्वे करवाना सुनिश्चित करें। गर्मी के चलते परिंदों के लिए परिंडा लगाने के अभियान में सहयोग करने का आह्वान किया।



पेंशन सत्यापन समय पर करवाने, प्रॉपर्टी कार्ड में प्रगति लाने, पिंक टॉयलेट जल्द पूर्ण करवाने को निर्देशित किया। बैठक में अतिरिक्त विकास अधिकारी असफाक अली, जयंतीलाल दीवाकर, सुरेश जानी, सहायक विकास अधिकारी दिनेश गहलोत, ग्राम विकास अधिकारी हीराराम परमार, नंदकिशोर वैष्णव, रवि मोबारसा, रामचंद्र यादव, मोहनलाल, भरत ओझा, शिवरतन सोलंकी, जितेंद्र गहलोत, मालमसिंह, जयराजसिंह, श्रवणसिंह, परवेज, सुमितकुमार, मिश्रीलाल, कपूर देवासी, अनिल जोशी, यतिन पुरोहित, दिलीपसिंह, प्रवीणपुरी, विकास दवे, तरुण भाटी, कैलाश सुथार, यशोदा गहलोत, सुरेश देवासी, अशोक मैक्स, विष्णुकुमार, विकास व्यास, रेखा मेंशन, राजेश्वरीकंवर, सीमाकुमारी, नेकाराम, उम्मेदमल, रजतसिंह, जीवाराम, लक्ष्मणराम, नारायण मीणा, भीमाराम, सुरेशकुमार, ओडाराम, उम्मेदमल, प्रभुराम, विनोदकुमार, मुगलाराम सहित समस्त ग्राम विकास अधिकारी, कनिष्ठ सहायक और कार्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

## धोणेरी वीर मामाजी मंदिर का वार्षिकोत्सव आज से

*आज होगी भजन संध्या व कल होगी महाप्रसादी*

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नारलाई।** केसूली मार्ग स्थित धोणेरी वीर मामाजी मंदिर का दो दिवसीय वार्षिकोत्सव बुधवार को भजन संध्या के साथ आरंभ होगा। गुरुवार को महाप्रसादी होगी। समारोह को लेकर भोपाजी मोतीलाल देवासी के सानिध्य में तैयारियां पूरी कर ली गई है। भजन संध्या में भीकाराम देवासी, भावेश देवासी एंड पार्टी द्वारा एक से बढ़कर एक भजनों क प्रस्तुति दी जाएगी। मंच संचालन महेन्द्र देवासी वेनपुरा द्वारा किया जाएगा। समारोह में सिरोही विधायक ओटाराम देवासी, बाली विधायक पुष्पेंद्रसिंह राणावत, नारलाई प्रशासक शेखर मीणा, लालजी देवासी अध्यक्ष राष्ट्रीय पशु पालक संघ, आनंदसिंह मंडला, समाजसेवी सुमेरसिंह डोडीया बतौर अतिथि शिरकत करेंगे। समारोह को लेकर युवा मंडल को दायित्व सौंपे गए है।



## सरकारी अस्पताल में भेंट किया वाटर कूलर



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नाडोल।** मातृश्री देवीबाई रंगराज सोनीगरा राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉ मांगीलाल सीरवी की प्रेरणा से भामाशाह पूनाराम रतोबा काग सीरवी (नवाआट और वागवाला परिवार) परिवार की ओर से दिवंगत जमनीबाई की स्मृति में वाटर कूलर भेंट किया गया। बढ़ती गर्मी को देखते हुए भामाशाह परिवार की ओर से वाटर कूलर सुलभ होने से मरीजों व अन्य लोगों को ठंडा जल मिल सकेगा। चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. गोपालसिंह चारण एवं स्टाफ द्वारा भामाशाह परिवार का साफा एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस मौके पर भामाशाह पूनाराम सीरवी, पूनाराम सोलंकी, सूजाराम सीरवी, आईजी लैब स्टाफ नरेशकुमार आदि मौजूद रहे।

गुजरात बनाम राजस्थान

# बल्लेबाज या गेंदबाज कौन मचाएगा धमाल

नई दिल्ली। आईपीएल 2025 का 23वां मैच गुजरात टाइंटस और राजस्थान रॉयल्स के बीच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम खेला जाएगा। जीटी और आरआर दोनों को ही पिछले मैच में जीत दर्ज करके आ रही हैं। ऐसे में दोनों टीमें जीत के लय को जारी रखना चाहेगी। गुजरात टाइटंस ने अबतक आईपीएल 2025 के सीजन में कुल चार मैच खेले हैं। जिसमें गुजरात को तीन मैच में जीत मिली है। वही सिर्फ एक मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा है। जीटी अंकतालिका में दूसरे स्थान पर मौजूद है। वहीं राजस्थान रॉयल्स भी चार मैच खेल चुकी है। जिसमें चार मैचों में दो मुकाबले में जीत दर्ज की है। जबकि दो मैच में आरआर को हार झेलनी पड़ी है। ऐसे में फैंस के मन में सवाल होगा कि आखिर अहमदाबाद की पिच किसको ज्यादा मदद करेगी। आइए हम आपको बताते हैं कि नरेंद्र मोदी स्टेडियम की पिच पर कौन कमाल करेगा।



## नरेंद्र मोदी स्टेडियम की पिच रिपोर्ट

अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम की पिच बल्लेबाजी की मददगार मानी जाती है। हालांकि यहां पर शुरू में तेज गेंदबाद के लिए फायदा रहता है। लेकिन बाद में गेंद बल्ले पर अच्छे तरीके से आती है। जिससे बैट्समैन को चौके-छक्के मारने में आसान हो जाती है। नरेंद्र मोदी स्टेडियम हाई स्कोरिंग मैच के लिए जाना जाता है। आईपीएल 2025 के पहले मैच में पंजाब किंग्स ने गुजरात टाइटस को 244 रन का टारगेट दिया था। इसके जवाब में गुजरात ने भी 232 रन बना दिए थे। गुजरात और मुंबई का मैच भी हाई स्कोरिंग रहा। जिसमें जीटी ने 196 रन बनाए थे। ऐसे में गुजरात और राजस्थान के मैच में भी रनों की बारिश हो सकती है।

## जीटी बनाम आरआर हेड टू हेड


गुजरात टाइटंस और राजस्थान रॉयल्स के बीच कुल छह आईपीएल मैच खेले गए हैं। जिसमें जीटी को पांच मैच में जीत मिली है। वही आरआर सिर्फ एक मुकाबला अपने नाम कर सकी है। राजस्थान की टीम इस रिकॉर्ड को बेहतर करना चाहेगी। वहीं गुजरात अपने दबदबा कायम रखने अहमदाबाद में एक बार फिर आरआर से भिड़ेगी।

## जीटी-आरआर का फुल स्क्वाड

**गुजरात टाइटंस टीम** : शुभमन गिल (कप्तान), जोस बटलर (विकेटकीपर), साई सुदर्शन, शेरफेन रदरफोर्ड, शाहरुख खान, राहुल तेवतिया, अरशद खान, राशिद खान, रविश्रीनिवासन साई किशोर, मोहम्मद सिराज, प्रिसिध कृष्णा, इशांत शर्मा, ग्लेन फिलिप्स, अनुज रावत, महिपाल लोमरोर, वाशिंगटन सुंदर, जयंत यादव, करीम जनत, कुलवंत खेजरोलिया, गेराल्ड कोएत्जी, मानव सुथार, कुमार कुशाग्र, गुरनूर बराड़, निशांत सिंधु

**राजस्थान रॉयल्स टीम** : यशस्वी जयसवाल, शिमरोन हेटमायर, शुभम दुबे, वैभव सूर्यवंशी, संजू सैमसन, ध्रुव जुरेल, कुणाल सिंह राठौड़, रियान पराग, युद्धवीर सिंह चरक, नितीश राणा, संदीप शर्मा, तुषार देशपांडे, आकाश मधवाल, कुमार कार्तिकेय, क्वेना मफाका, वानिंदु हसरंगा, महेश थीक्षाना, फजलहक फारूकी, अशोक शर्मा, जोफ्रा आर्चर

# विराट कोहली ने 13000 रन बनाकर रचा इतिहास



नई दिल्ली। पहले ही ओवर में फिल साल्ट का विकेट गिरने के बाद विराट कोहली ने देवदत्त पाडिक्कल के साथ मिलकर 91 रनों की साझेदारी की, इसके बाद उन्होंने कप्तान रजत पाटीदार के साथ 48 रन जोड़े। विराट कोहली ने 42 गेंदों में दो छक्के और आठ चौकों की मदद से 67 रन बनाए। विराट कोहली ने इस बीच अपने टी20 करियर में 13000 रन भी पूरे किए, वह ऐसा करने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं। विराट कोहली के अब 13050 रन हो गए हैं। मैच से पहले उन्होंने 13 हजार रन पूरे करने के लिए 17 रन चाहिए थे।

### सालों तक कोई नहीं तोड़ पाएगा कोहली का रिकॉर्ड

विराट कोहली टी20 में 13000 रन बनाने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी हैं। जबकि दूसरे नंबर पर मौजूद रोहित शर्मा अभी काफी पीछे हैं, वह भी इस फॉर्मेट से अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सन्यास ले चुके हैं। शर्मा के अभी 11851 रन हैं, वह अभी 12 हजार रन भी पूरे नहीं कर पाए हैं।

### सबसे ज्यादा रन बनाने वाले दुनिया के पांचवें बल्लेबाज विराट कोहली

कोहली दुनिया के पांचवें बल्लेबाज हैं, जिन्होंने टी20 में 13 हजार रन पूरे किए। लिस्ट में पहले नंबर पर क्रिस गेल हैं, जिनके नाम 14562 रन हैं। दूसरे नंबर पर एलेक्स हेल्स (13610), तीसरे नंबर पर शोएब मलिक (13557) और चौथे नंबर पर किरॉन पोलार्ड (13537) हैं।

एकदिवसीय त्रिकोणीय सीरीज

# भारतीय महिला टीम का ऐलान, तीन नए खिलाड़ी शामिल



मुंबई। मुंबई श्रीलंका में होने वाले एकदिवसीय त्रिकोणीय सीरीज के लिए भारतीय महिला टीम में काशवी गौतम, एन श्री चरनी और शुचि उपाध्याय को पहली बार शामिल किया गया है। चयनकर्ताओं ने जनवरी में आयरलैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में बाहर बैठने के बाद हरमनप्रीत कौर को बतौर कप्तान के रूप में टीम में जगह दी है। इसके अलावा स्नेह राणा, यास्तिका भाटिया, अरुंधति रेड्डी और अमनजोत कौर को भी टीम में शामिल किया गया हैं। चयनकर्ताओं ने चोटिल रेणुका सिंह, पूजा वस्त्रकार और तेज गेंदबाज तीतास साधु के नाम पर विचार नहीं किया गया। 21 वर्षीय का काशवी गौतम इस साल वूमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में सबसे बेहतरीन प्रदर्शन करने वालों में से एक रहीं। उन्होंने अपने नौ मैचों में 11 विकेट लिये। वहीं बीस वर्षीय बाएं हाथ की स्पिनर चरनी ने डब्ल्यूपीएल में दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के लिए सिर्फ दो मैच खेले और चार विकेट चटकाए। इस बीच, बाएं हाथ की स्पिनर उपाध्याय पिछले साल दिसंबर में आयोजित सीनियर महिला एकदिवसीय ट्रॉफी में तीसरी सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज थीं। उन्होंने तब नौ पारियों में 3.48 की इकॉनमी रेट और 15.44 की औसत से 18 विकेट चटकाए थे। उन्हें प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया। उनकी टीम मध्य प्रदेश ने ट्रॉफी जीती। इस वर्ष भारत में सितंबर-अक्टूबर में होने वाले एकदिवसीय विश्वकप को ध्यान में रखते हुए यह श्रृंखला तीनों टीमों के लिए महत्वपूर्ण है। त्रिकोणीय सीरीज की तीसरी टीम दक्षिण अफ्रीका है। सीरीज के सभी मैच कोलंबो के प्रेमदासा स्टेडियम में खेले जाएंगे। पहला मुकबाला 27 अप्रैल को भारत और श्रीलंका के बीच होगा। 19 अप्रैल को भारतीय टीम दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेगी। दो मई को श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका, चार मई को श्रीलंका भारत, सात मई को भारत दक्षिण अफ्रीका और नौ मई को श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका के बीच मैच खेला जायेगा। सीरीज का फाइनल 11 मई का होगा।

## भारतीय महिला टीम

हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), प्रतिका रावल, हरलीन देयोल, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष (विकेटकीपर), यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), दीप्ति शर्मा, अमनजोत कौर, काशवी गौतम, स्नेह राणा, अरुंधति रेड्डी, तेजल हसबनिस, श्री चरणी और शुचि उपाध्याय।

# रजत पाटीदार पर लगा जुर्माना

मुंबई। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान रजत पाटीदार पर मुंबई इंडियंस के खिलाफ धीमे ओवर रेट के लिए 12 लाख रूपए जुर्माना लगा हैं। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान रजत पाटीदार पर सोमवार रात मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस पर जीत के दौरान धीमे ओवर रेट के लिए यह जुर्माना लगाया गया है। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल)2025 में आरसीबी पर पहली बार धीमे ओवर रेट अपराध के लिए जुर्माना लगा हैं। इससे पहले हार्दिक पंड्या, रियान पराग और ऋषभ पंत पर भी धीमे ओवर रेट के लिए जुर्माना लगा चुका हैं।



# विल पुकोवस्की ने क्रिकेट से लिया संन्यास

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व टेस्ट सलामी बल्लेबाज विल पुकोवस्की ने चोट के कारण तत्काल प्रभाव से क्रिकेट के सभी स्तरों से संन्यास ले लिया है। विशेषज्ञों के एक पैनल की सिफारिश के बाद पुकोवस्की को पेशेवर क्रिकेट से संन्यास लेने के लिए मजबूर होना पड़ा है। 27 वर्षीय बल्लेबाज ने अपने करियर के दौरान कई ऐसी घटनाओं का सामना किया, जिसमें उनके सिर पर चोट लगी। चोट की सबसे हालिया घटना मार्च 2024 में हुई थी। शेफील्ड शील्ड मैच के दौरान हेलमेट पर गेंद लगने के कारण पुकोवस्की को चोटिल होकर रिटायर होना पड़ा था। आईसीसी की रिपोर्ट के अनुसार इस घटना के कारण वह ऑस्ट्रेलियाई गर्मियों के बाकी मैचों से बाहर हो गए और उन्हें 2024 की इंग्लिश गर्मियों के लिए लीसेस्टरशायर के साथ अपना अनुबंध वापस लेना पड़ा। 27 वर्षीय खिलाड़ी ने मंगलवार सुबह संन्यास की पुष्टि की।



# मनोरंजन

# 'रेड 2' का ट्रेलर रिलीज




अजय देवगन और रितेश देशमुख की अपकमिंग फिल्म 'रेड 2' का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। दो मिनट 34 सेकंड के इस ट्रेलर को देखकर आपको वो पांच कारण मिल जाएंगे कि आप ये फिल्म देखने पर मजबूर हो जाएंगे। इस फिल्म के ट्रेलर में एक ऐसा चक्रव्यूह देखने को मिला जिसे तोड़ पाना आसान नहीं होगा। फिल्म में वाणी कपूर, रजत कपूर, सौरभ शुक्ल, सुप्रिया पाठक और अमित स्याल जैसे कलाकार मौजूद हैं। चलिए जानते हैं इस ट्रेलर में क्या खास पांच बातें हैं? ट्रेलर में अजय देवगन का जो एटीट्यूड है, वो उनकी और इस ट्रेलर की USP है। जिस तरह से वो रेड मारने आए हैं, वो देखकर फैंस भी एक्साइटेड हो जाएंगे। वो अपने दुश्मनों की बैंड बजाने आ रहे हैं। उनके रोल में बेहद इंटेंसिटी देखने को मिल रही है। इस गंभीर रोल को देखकर आपको 'दृश्यम' की याद आ सकती है। 'रेड 2' के डायलॉग्स भी जबरदस्त हैं। रितेश के डायलॉग हैं, 'चार चीजें आपकी नजर में आईं, पांचवी और सबसे बड़ी चीज आपकी आंख के सामने है, पर आप उसे ढूंढ नहीं पाएंगे।' 'अच्छा नेता हाथ काले नहीं करता।' अजय का डायलॉग- 'आज से आपकी बर्बादी की उल्टी गिनती शुरू।' 'आज के बाद सब कुछ आपकी नजरों के सामने होगा, पकड़ सको तो पकड़ लो..।' पूरे ट्रेलर में सबसे जबरदस्त रितेश देशमुख लग रहे हैं। विलेन बनकर जिस तरह उन्होंने 'एक विलन' में अपनी एक्टिंग की छाप छोड़ी थी, एक बार फिर वो उसी तरह लोगों को इम्प्रेस करने आ रहे हैं। उनकी एक्टिंग और डायलॉग डिलीवरी देखकर फैंस थिएटर में ताली और सीटी मारने पर मजबूर हो जाएंगे। फिल्म में सब कुछ काफी सीरियस चल रहा है, लेकिन इस बीच वाणी कपूर और अजय देवगन का रोमांस फिल्म में एक अलग फ्लेवर जोड़ता है। इन दोनों की केमिस्ट्री कैसी होगी? ये तो आपको फिल्म रिलीज होने के बाद ही पता चलेगा।

# 'छावा' बनी दूसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हिंदी फिल्म



विक्की कौशल की ऐतिहासिक ड्रामा फिल्म ''छावा'' ने बॉक्स ऑफिस पर धूम मचाते हुए श्रद्धा कपूर की हॉरर-कॉमेडी 'स्त्री 2' को पीछे छोड़ दिया है। 14 फरवरी को रिलीज हुई ये फिल्म अब साल की दूसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हिंदी फिल्म बन चुकी है। शाहरुख खान की 'जवान' अब भी इस लिस्ट में शीर्ष पर बनी हुई है, लेकिन 'छावा' की रफ्तार ने सबको चौंका दिया है। 53 दिनों के अंदर 'छावा' ने 598.80 करोड़ रुपए की कमाई कर सभी का ध्यान खींचा है। अब ये फिल्म मात्र दो करोड़ रुपए दूर है 600 करोड़ के ऐतिहासिक आंकड़े से। जबकि 'स्त्री 2' ने अपनी रिलीज के बाद कुल 597.99 करोड़ की कमाई की थी। इस मुकाबले में विक्की कौशल की फिल्म ने आखिरी दौर में बाजी मार ली। अगर आप 'छावा' को सिनेमाघरों में नहीं देख पाए, तो खुश हो जाइए। रिपोर्ट्स की मानें तो ये फिल्म 11 अप्रैल से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम की जा सकती है। हालांकि, इस बारे में आधिकारिक घोषणा अभी बाकी है। लक्ष्मन उतेकर द्वारा निर्देशित 'छावा' एक भव्य पीरियड ड्रामा है, जो मराठा शासक छत्रपति संभाजी महाराज के जीवन पर बेस्ड है। शिवाजी सामंत के उपन्यास ''छावा'' पर आधारित इस फिल्म में विक्की कौशल ने संभाजी महाराज की भूमिका में जान फूंक दी है। वहीं, रश्मिका मंदाना ने रानी यसूबाई और अक्षय खन्ना ने औरंगजेब की भूमिका निभाई है। फिल्म का बैकड्रॉप, डायलॉग और युद्ध दृश्य दर्शकों को भावुक कर देते हैं। 14 अगस्त 2024 को रिलीज हुई फिल्म 'स्त्री 2' एक हॉरर-कॉमेडी थी।

# 'पुष्पा' से बड़ी फिल्म ला रहे अल्लू अर्जुन



साउथ सिनेमा के सुपरस्टार अल्लू अर्जुन और ब्लॉकबस्टर डायरेक्टर एटली की अगली फिल्म को लेकर खूब सरगर्मियां हैं। ये अल्लू अर्जुन की 22वीं फिल्म है जबकि एटली की छठी फिल्म। आज पुष्पा एक्टर अल्लू अर्जुन का जन्मदिन है और इस मौके पर बड़े ऐलान का इंतजार किया जा रहा है। लेकिन इससे पहले सोशल मीडिया पर फिल्म को लेकर कई तरह की जानकारियां सामने आ रही हैं। यही नहीं, सोशल मीडिया पर तो अल्लू अर्जुन और एटली की इस फिल्म के लिए फीस और बजट तक की चर्चा की जा रही है। इस तरह पुष्पा 2 के बाद, एक बार फिर से अल्लू अर्जुन सिनेमा की दुनिया में तहलक मचा रहे हैं। एक्स पर साउथ फिल्मों और ट्रेड की जानकारी देने वाले एकाउंट के मुताबिक, 'इस फिल्म के लिए अल्लू अर्जुन और एटली की फीस कुल मिलाकर 300 करोड़ होगी। जिसमें अल्लू अर्जुन की 200 करोड़ और एटली की 100 करोड़। जबकि बाकी कलाकारों की फीस 50 करोड़ रुपए हो सकती है। ये एक बिग बजट फिल्म है, जिसकी मेकिंग जबरदस्त होने वाली है और वीएफएक्स भी कमाल का होगा। फिल्म का बजट लगभग 500-600 करोड़ रुपए रहने की संभावना है।' बताया जा रहा है कि हाल ही में पुष्पा 2: द रूल की सफलता से सुर्खियों में आए अल्लू अर्जुन इस फिल्म में पहली बार डबल रोल निभाते नजर आएंगे।

# तृप्ति की प्रेग्नेंट महिला से क्यों हुई तुलना?



बॉलीवुड एक्ट्रेस तृप्ति डिमरी अपने फैशन सेंस से हमेशा फैंस को सरप्राइज कर देती हैं। हालांकि इस बार उनका फैशन सेंस नेटिजन्स को कुछ खास पसंद नहीं आया है। सोशल मीडिया पर कुछ यूजर्स ने तृप्ति की तुलना प्रेग्नेंट लेडी से करनी शुरू कर दी है। दरअसल, एक्ट्रेस बीती रात मुंबई में हुए स्टार-स्टडेड मैडॉक सक्सेस बैश में शामिल हुई थीं। इस दौरान उन्होंने ब्लैक गाउन को परफेक्ट आउटफिट के रूप में चुना। हालांकि तृप्ति डिमरी को उनके इस आउटफिट के लिए सोशल मीडिया पर काफी ट्रोल किया जा रहा है। मुंबई में बीती रात हुए मैडॉक सक्सेस बैश में बॉलीवुड की कई हस्तियां शामिल हुई थीं। इस दौरान तृप्ति डिमरी ने रफल्स और फोल्ड्स वाली स्ट्रैपलेस ब्लैक गाउन पहनी। इस ड्रेस को पहन कर जब तृप्ति ने रेड कार्पेट पर शिरकत की तो पैपराजी ने उन्हें कैमरे में कैप्चर करने का एक मौका नहीं छोड़ा। हालांकि एक्ट्रेस को अपने आउटफिट के लिए ट्रोल किया जा रहा है क्योंकि उनकी ड्रेस ने कर्व्स दिखाने की बजाए शरीर के निचले हिस्से को भारी दिखाया है। उधर, जैसे ही तृप्ति डिमरी का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया तो सोशल मीडिया यूजर्स ने उनके आउटफिट को लेकर उन्हें ट्रोल करना शुरू कर दिया। कुछ ने उनकी तुलना प्रेग्नेंट महिला से कर डाली। एक यूजर ने लिखा, 'ये प्रेग्नेंट है क्या?' दूसरे यूजर ने लिखा, 'प्रेग्नेंट लेडी का ड्रेस किराए पर लिया है क्या?' तीसरे यूजर ने लिखा, 'इस ड्रेस में तो प्रेग्नेंट लग रही हैं।'

# सनी देओल जब उठाएंगे गदा और बनेंगे हनुमान



सनी देओल इन दिनों फिल्म जाट को लेकर सुर्खियों में हैं। इस फिल्म में वह फिर से एक्शन करते दिखाई देंगे। जाट के अलावा सनी देओल और भी कई फिल्मों में नजर आने वाले हैं। लेकिन जिस फिल्म की सबसे ज्यादा चर्चा है उसका नाम 'रामायण' है। रामायण काफी वक्त से सुर्खियों में बनी हुई है। इस फिल्म में रणबीर कपूर, साई पल्लवी और यश मुख्य भूमिका में दिखाई देने वाले हैं। वहीं ऐसी चर्चा है कि फिल्म में सनी देओल हनुमान का रोल करने वाले हैं। जिसको लेकर अब खुद दिग्गज एक्टर ने प्रतिक्रिया दी है। सनी देओल ने हाल ही में अपने आने वाली फिल्मों को लेकर प्रतिक्रिया दी। साथ ही सनी देओल ने यह भी कंफर्म किया कि वह फिल्म 'रामायण' में नजर आने वाले हैं। उन्होंने बताया है कि वह फिल्म 'रामायण' में हनुमान का रोल करने वाले हैं। बात करें उनकी फिल्म जाट की तो इस फिल्म में सनी देओल के साथ रणदीप हुड्डा और विनीत कुमार सिंह नजर आने वाले हैं।

# लापरवाह फर्मों के खिलाफ कार्रवाई हो: सांसद चौधरी

## समस्याओं का प्राथमिकता से हो निस्तारण : मुख्य सचेतक

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** जालोर-सिरोही सांसद लुंबाराम चौधरी ने कहा कि विभागीय अधिकारी केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुँचाएं तथा जालोर क्षेत्र के विकास के लिए कार्य करें। सांसद लुम्बाराम चौधरी मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में दिशा समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए संबोधित कर रहे थे। सांसद लुम्बाराम चौधरी ने जिले में ट्रांसफार्मर जलने की समस्या पर विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता को निर्देश देते हुए कहा कि वे वोल्टेज की समस्या का समाधान करने के साथ ही निर्धारित समय सीमा में कृषकों को विद्युत ट्रांसफार्मर की उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने जलदाय विभाग के अधिकारियों को नर्मदा परियोजना के विभिन्न प्रोजक्ट्स सहित जल जीवन मिशन के तहत चल रहे कार्यों में लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही करने की बात कही। उन्होंने जेजेएम के तहत प्रगतिरत जीएलआर निर्माण व पाईपलाईन लगवाने आदि अपूर्ण कार्यों की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश देते हुए निर्धारित समयसीमा में शेष रहे कनेक्शन कार्य पूर्ण करने की बात कही। उन्होंने भीनमाल रोड पर बन रहे आर.ओ.बी निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण करवाने के निर्देश दिए ताकि लोगों को समस्या से शीघ्र निजात मिल सकें। उन्होंने ग्रीष्म ऋतु के मध्यनजर आग लगने की संभावित घटनाओं से निपटने के लिए अग्निशमन वाहनों की सुचारू व्यवस्था बनाने रखने की बात कही। उन्होंने सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों को स्कूलों-कॉलेजों व अस्पतालों के सामने से गुजरने वाली सड़क पर स्पीड ब्रेकर बनाने के लिए निर्देशित किया।



### गर्ग ने अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

बैठक में राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने जिले में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत प्रगतिरत कार्यों की जानकारी लेते हुए सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे योजना के तहत स्वीकृत सड़क निर्माण कार्यों की प्रभावी मॉनिटरिंग कर गुणवत्ता के साथ तय समय सीमा में उन्हें पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने जननी सुरक्षा योजना व लाडो प्रोत्साहन योजना के तहत लाभार्थियों को किए जा रहे भुगतान की प्रगति के साथ ही जिले में एम्बुलेंस वाहनों की वर्तमान स्थिति के बारे में जानकारी प्राप्त की। गर्ग ने कहा कि पूर्ण संवेदनशीलता के साथ आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता से निस्तारण किया जाए। उन्होंने ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए जिले में पेयजल व विद्युत व्यवस्था की सुचारू आपूर्ति की व्यवस्थाओं को लेकर अधिकारियों से चर्चा करते हुए उन्हें आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में जिला प्रमुख राजेश कुमार, जालोर प्रधान नारायण सिंह राजपुरोहित ने विभिन्न समस्याओं के बारे में अवगत करवाते हुए उनके निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने जिले में विकास कार्यों की प्रगति व बजट घोषणाओं की ि यान्विति के बारे में विस्तृत जानकारी दी तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पुलिस अधीक्षक ज्ञानचन्द्र यादव, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नंदकिशोर राजौरा, रमेश राणा, चिरंजीलाल दवे, डॉ. मंजू मेघवाल, खेमराज देसाई, हुकुमसिंह सहित जनप्रतिनिधि एवं विभगीय अधिकारी उपस्थित थे।

## भाजपा नेता की टिप्पणी पर कांग्रेस ने किया विरोध प्रदर्शन



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी जालोर की ओर से मंगलवार दोपहर दो बजे भारतीय जनता पार्टी के नेता की ओर से दलित विरोधी मानसिकता के तहत नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के विरुद्ध की गई निम्न स्तरीय टिप्पणी के विरोध में प्रदेश की भाजपा पर्ची सरकार के खिलाफ में विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम जिलाध्यक्ष भवरलाल मेघवाल के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट जालोर के सामने किया गया। जिला प्रवक्ता योगेंद्र सिंह कुम्पावत ने बताया कि भाजपा के पूर्व विधायक ज्ञानदेव आहूजा द्वारा राजस्थान विधानसभा नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जुली को लेकर की गई अलोकतांत्रिक टिप्पणी से नाराज कांग्रेसजन कलेक्ट्रेट जालोर के सामने एकत्रित हुए तथा भाजपा एवं ज्ञानदेव आहूजा के विरोध में जमकर नारेबाजी कर आहूजा का पुतला जलाकर अपना विरोध प्रकट किया। साथ ही सभी कांग्रेसजन ने ज्ञानदेव आहूजा को सार्वजनिक तौर से माफी मांगने एवम राज्य सरकार द्वारा कानूनी कार्यवाही करने की मांग की।

कार्यक्रम में कांग्रेस जिलाध्यक्ष भंवरलाल मेघवाल, रमिला मेघवाल, सरोज चौधरी, वरिष्ठ कांग्रेसी सवाराम पटेल, जिला प्रवक्ता योगेंद्र सिंह कुम्पावत, संगठन महासचिव वीरेंद्र जोशी,जालोर ब्लॉक अध्यक्ष भोमाराम मेघवाल, सायला ब्लॉक अध्यक्ष सवाई सिंह चम्पावत, नगराध्यक्ष मुमताज अली, रमेश सोलंकी, सेवादल जिलाध्यक्ष भेरूपाल सिंह, बसंत सुथार, मदनलाल दहिया, खसराम मेघवाल, सीएल गहलोत, देवाराम सांखला, जीवाराम परमार, शीला चौधरी, गीता श्री, सोनाराम मेघवाल, तरूण सोलंकी, अनिल पंडत, बस्तीमल चौहान, सुरेश मेघवाल, लक्ष्मीकांत दवे, महेंद्र सोनगरा, उम्मेद सिंह चारण, कृष्ण कुमार वनिका, सुरेश थांवला,कपूराराम परिहार, रूपाराम मेघवाल, ओमप्रकाश चौधरी, करनाराम तिरखी सहित तमाम कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## ब्लॉक स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन आज

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सायला।** राज्य सरकार की ओर से पारदर्शी एवं संवेदनशील सुशासन के लिए आमजन की परिवेदनाओं व समस्याओं के त्वरित गति से समाधान के लिए 9 अप्रेल को पंचायत समिति सायला के अटल जन सेवा केन्द्र में ब्लॉक स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया जाएगा। बता दें कि प्रत्येक माह की भांति अप्रेल माह के द्वितीय गुरूवार, 10 अप्रेल को ब्लॉक स्तर पर अटल जन सेवा शिविर की जनसुनवाई की जानी थीं। किन्तु 10 से 14 अप्रेल तक राजकीय अवकाश होने के कारण अटल जन सेवा शिविर की जनसुनवाई एक दिन पूर्व 9 अप्रेल को आयोजित की जाएगी। जिसमें आमजन की परिवेदनाओं व समसयाओं का समयबद्ध तरीके से समाधान किया जाएगा।

## जिला बहाली की मांग, धरना 101वें दिन जारी

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांचौर।** सांचौर जिले के रूप में खत्म करने के विरोध में सांचौर संघर्ष समिति का धरना 101 वें दिन भी जारी रहा। ग्रामीणो का लगातार समर्थन मिल रहा है, वहीं प्रत्येक दिन अलग-अलग ग्राम ग्राम पंचायत के ग्रामीणों द्वारा धरने को समर्थन दिया जा रहा है। होथी गांव के ग्रामीणों द्वारा समर्थन दिया गया। इस अवसर भीमाराम चौधरी, परवगताराम कोली, प्रखाराम कोली, हरिराम कोली, मानाराम, प्रतापा राम, भोमाराम, गोवदाराम, गिरधारीलाल, पारसाराम, मसराराम हंसाराम, छगनाराम, प्रेमाराम, कलाराम रावताराम, नानजीराम, रावता राम, अर्जुनराम, जसवंतसिंह, मसराराम होथिगाँव, नगसिंह राजपूत किलवा, प्रतापदान चारण, जयसिंह चारण सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## जनसुनवाई आज

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** राज्य सरकार की ओर से पारदर्शी एवं संवेदनशील सुशासन के लिए आमजन की परिवेदनाओं व समस्याओं के त्वरित गति से समाधान के लिए 9 अप्रेल, बुधवार को प्रातः 10 बजे से सायंकाल 4.30 बजे तक ब्लॉक स्तर पर अटल जन सेवा केन्द्र में अटल जन सेवा शिविर की जनसुनवाई का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने जानकारी दी।

## जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक 15 को

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** जल जीवन मिशन के तहत जिला जल एवं स्चच्छता मिशन की 34 वीं मासिक बैठक जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में 15 अप्रेल को प्रातः 11 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की जाएगी। जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता संजय शर्मा ने बताया कि बैठक के दौरान गत बैठक में लिए गए निर्णयों एवं दिशा-निर्देशों, जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल की वस्तुस्थिति, नर्मदा परियोजना के तहत स्वीकृत योजनाओं, जेजेएम में पूर्ण योजनाओं एवं एसबीएम-जी2 कार्यों की समीक्षा तथा जेजेएम के कार्य पूर्ण होने के उपरांत गांवों में समस्त पेयजल योजनाओं के संचालन एवं संधारण के संभावित व्यय की समीक्षा सहित विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा की जाएगी।

## निशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भीनमाल।** नाहर अस्पताल ने सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत अर्पण दिव्यांग स्कूल में विशेष बालकों के लिए निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने दिव्यांग बालकों की स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया। शिविर में बाल रोग विशेषज्ञ डॉ.अक्षय राजपुरोहित, आर्थोपेडिक सर्जन डॉ.मुख्तार अली व ईएनटी सर्जन डॉ.अविनाश शाह ने सेवाएं दी। सुखराज बी. नाहर चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से स्कूल को एक वाटर कूलर और दो व्हील चेयर भेंट की गईं। जिससे विद्यालय की आधारभूत सुविधाओं में वृद्धि हुई। विद्यालय प्रबंधन ने नाहर अस्पताल के प्रति आभार व्यक्त करते हुए पूजा नाहर और अजय नाहर के नेतृत्व में नाहर परिवार के सामाजिक योगदान की सराहना की।

## भाजपा का स्थापना सप्ताह, जिला बैठक आयोजित

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भीनमाल।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना सप्ताह पर जिला बैठक का आयोजन मुख्यवक्ता दशरथसिंह शेखावत संभाग प्रभारी भाजपा स्थापना दिवस व जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित एवं रानीवाड़ा के पूर्व विधायक व पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष नारायण सिंह देवल की मौजूदगी में हुआ। सर्व प्रथम मां भारती, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय के छवि के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर वंदेमातरम गायन किया व संभाग प्रभारी का साफा व दुपट्टे से भाजपा जालोर जिलाध्यक्ष ने स्वागत किया। जिलाध्यक्ष जसराज



राजपुरोहित का साफा व दुपट्टे से नगर अध्यक्ष महेन्द्र सोलंकी ने स्वागत किया व पूर्व विधायक रानीवाड़ा नारायण सिंह देवल का साफा व दुप्पटे से विधानसभा संयोजक पिराराम गोरसिया ने स्वागत किया। जिला सहसंयोजक गणपतसिंह बगेड़िया का साफा व दुपट्टे से स्वागत नेता प्रतिपक्ष नगरपालिका भीनमाल प्रवीण एम दवे द्वारा किया गया। इस बैठक में जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता जनहित व सेवा की भावना से कार्य करता है एवं भाजपा के वट वृक्ष की जड़ें डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं उस वट वृक्ष का तना पं दिनदयाल उपाध्याय जिन्होंने अंत्योदय को अपना लक्ष्य बनाकर कार्य किया। भाजपा स्थापना दिवस सप्ताह के संभाग प्रभारी दशरथ सिंह शेखावत ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं कि पार्टी है। यहां प्रत्येक सक्रिय कार्यकर्ता को दिन मे आठ घंटे पार्टी के लिए समर्पित करते है। यह सप्ताह स्वच्छता अभियान, सक्रिय कार्यकर्ताओं कि बैठक इत्यादि बहुत से पार्टी द्वारा कार्यक्रमों को करना है। पूर्व विधायक व पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष नारायण सिंह देवल ने बताया कि 2014 के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने धारा 370 हटाई व ऐसे कई जनहित के मुद्दों को लेकर काम किया। मंच का संचालन पूर्व जिला महामंत्री मुकेश खण्डेलवाल ने किया। इस अवसर भाजपा जालोर जिले मंडल अध्यक्ष, संयोजक, सहसंयोजक वरिष्ठ कार्यकर्ता जनप्रतिनिधि व भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# परशुराम जयंती महोत्सव के सफल आयोजन की चर्चा

### » सात दिवसीय महोत्सव के तहत होंगे कार्यक्रम

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** परशुराम भवन में मंगलवार को ब्राह्मण समाज की बैठक समाज के अध्यक्ष अमित जोशी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें सात दिवसीय महोत्सव पर चर्चा की गई। सुमित जोशी के अनुसार विचार विमर्श से तय किया गया कि आगामी सात दिवसीय कार्यक्रमों के साथ परशुराम जयंती समारोह मनाया जाएगा। ज्योतिर्मय शर्मा, अरविंद शर्मा, रमेश वैष्णव, मनीष परसाई, अनिल जोशी, प्रवीण शर्मा, नवल शर्मा, प्रवक्ता गोपाल शर्मा, कल्पना छंगाणी, मोहित शर्मा ने कार्यक्रमों की रूपरेखा बताकर कमेटियां गठित कर एरिया वाइज



जिम्मेदारी देने पर चर्चा की गई। कार्यक्रमों व तैयारियां को अंतिम रूप देने के लिए शीघ्र ही बैठक का आयोजन करने का निर्णय किया गया। कमल मिश्रा, विप्र फाउंडेशन के जितेंद्र गौड़, गणेश आचार्य, कैलाश शर्मा, कल्पना छंगानी, एडवोकेट दुर्गेश शर्मा, कैलाश शर्मा, पंडित रामावतार शर्मा, सूर्यकांत दायमा, मुकेश मिश्रा, निखिल जोशी, आलोक गौड़, योगेश मिश्रा, मालती शर्मा, उषा मिश्रा, सतीश लहरी, सुरेश वशिष्ठ, संजय शर्मा, राजन वशिष्ठ, राजेंद्र तिवारी, राकेश पुरोहित, कृष्णकांत श्रीमाली, मोहित शर्मा, कुलदीप गौतम, ओमप्रकाश शर्मा समेत बड़ी संख्या में विप्र बंधु मौजूद थे।

**रेवदर।** अक्षय तृतीया पर भगवान परशुराम के जन्मोत्सव को निकाली जाने वाली शोभायात्रा समेत अन्य कार्यक्रमों के सफल आयोजन को लेकर मंगलवार को राम कुटिया रेवदर में विप्र फाउंडेशन ब्लॉक रेवदर की बैठक आयोजित की गई। जिसमें 30 अप्रैल को कार्य म आयोजित करने को लेकर विचार विमर्श कर तैयारियों में जुटने को कहा गया। विप्र फाउंडेशन के प्रदेश महामंत्री अरविन्द पुरोहित, तहसील अध्यक्ष हरिओम शर्मा, जिला उपाध्यक्ष पुखराज पालीवाल, रणछोड़ पुरोहित, देवाराम पुरोहित, जीतेन्द्र जोशी, रणजीतसिंह राजपुरोहित, राजपुरोहित सेवा संघ के अध्यक्ष सुरेश पुरोहित, कैलाश पुरोहित, आनंद वैष्णव, रमेश नागर, हीरालाल जोशी, रवि दवे, ललित जोशी आदि मौजूद थे।



## विश्व बंजारा दिवस पर किया रक्तदान



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**तलहटी।** विश्व बंजारा दिवस पर युवाओं ने ग्लोबल अस्पताल के ब्लड बैंक में रक्तदान किया। ब्लड बैंक प्रभारी धर्मेन्द्रसिंह ने बताया कि बंजारा विश्व दिवस पर युवाओं ने 35 यूनिट रक्तदान किया गया। गिरवर मण्डल अध्यक्ष गणेश बंजारा ने बताया कि युवाओं में रक्तदान के प्रति जागरुकता के उद्देश्य से विश्व बंजारा दिवस पर चतुर्थ रक्तदान के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भाखर मण्डल अध्यक्ष दशरथसिंह राव ने भी रक्तदान किया। कमलेश बंजारा, भरत बंजारा, किशन बंजारा, अक्षय बंजारा, संजय बंजारा, प्रवीण बंजारा, कैलाश बंजारा, रमेश चौहान, खेता राठौड, मोती बंजारा, रवि बंजारा, सतीश बंजारा, श्रवण बंजारा गणका, दिनेश बंजारा, राजू भाई बंजारा, आमथला उपसरंपच मनोहरसिंह राव, भाखर मण्डल अध्यक्ष दशरथसिंह राव, राजपूत समाज अध्यक्ष राजेन्द्रसिंह, पुखराज सिरवी, राहुल प्रजापति, धीरेन्द्र गरासीया, समाजसेवी भगाराम गरासीया, सुरेन्द्रसिंह, रधुवीरसिंह सहित बंजारा समाजबंधु मौजूद रहें।

## सन टू ह्यूमन का नए दृष्टिकोण वाला शिविर 11 से

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भीनमाल।** जीवन में सकारात्मक बदलाव के साथ ही भरपूर खाकर तमाम प्रकार की बीमारियों को दूर करने, बढ़े हुए वजन को संतुलित करने और शरीर, मन तथा चेतना की गहराइयों के प्रति समझ बढ़ाने की टेक्निक वाले सन टू ह्यूमन फाउंडेशन के तत्वावधान में भीनमाल में 11 अप्रेल से नए दृष्टिकोण वाला शिविर आयोजित किया जा रहा है। स्थानीय कोठारी कीर्ति स्तंभ परिसर में सुबह - सुबह ढाई घंटे के होने जा रहे इस शिविर में भाग लेने वालों को विभिन्न प्रयोगों के माध्यम से साधकों को प्रशिक्षित भी किया जाएगा। शिविर संयोजक कन्हैयालाल खंडेलवाल ने बताया कि यह रिजल्ट ओरिएंटेड शिविर निशुल्क है, लेकिन भाग लेने के लिए एंट्री कार्ड लेना जरूरी होता है। इस बार सीमित साधकों के लिए ही यह आयोजन रखा गया है। ज्ञात रहे कि पिछले तीन वर्षों से प्रतिवर्ष यहां शिविर आयोजित हो रहे है। जिसमें हजारों लोगों ने भाग लेकर अपनी समझ बढ़ाकर घर पर ऊर्जावान नाश्ते और सम्यक व्यायाम का प्रयोग कर जीवन में बीमारियों, शरीर, मन और चेतना के स्तर पर जबरदस्त बदलाव लाया है। यहां पिछले दो वर्षों से नेहरू पार्क में भी सुबह एक घंटे व्यायाम और साधना का नियमित प्रयोग संचालित हो रहा है। खंडेलवाल ने बताया कि शुक्रवार से शुरू होने जा रहे इस शिविर के आयोजन को लेकर सन टू ह्यूमन के कन्हैयालाल खंडेलवाल, ठेकेदार अशोक मेहता, नारायण जांगिड़, जोगाराम चौधरी, भरत शर्मा, डॉ हिम्मत शर्मा, रमेश अग्रवाल, बाबूलाल सोलंकी, सुमित बाहेती, पूर्व नपा उपाध्यक्ष जयरूपराम माली, भाजपा नेता किशोर सांखला, दिनेश भाटी, संदीप देसाई, रमेश परिहार, दौलत मेहता, सुरेश अग्रवाल, विवेकानंद बिस्सा, हरिराम विश्नोई, हनुमान शर्मा, नवरतन अग्रवाल, जीवाराम विश्नोई, गोपाल बालोत, सांवलाराम सेन, कैलाश माहेश्वरी, कमलेश माहेश्वरी व अशोक धारीवाल आदि डोर टू डोर संपर्क और अन्य सभी व्यवस्थाओं को अंजाम दे रहे है।

## पेंशनर समाज उप शाखा की बैठक आयोजित

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** राजस्थान पेंशनर समाज उप शाखा की साप्ताहिक बैठक जूनी खराड़ी स्थित पेंशन समाज भवन में मदनलाल गर्ग की अध्यक्षता में हुई। कार्यालय अध्यक्ष नरेंद्रसिंह भाटी के अनुसार बैठक में गत दिनों पेंशन समाज द्वारा आयोजित किए गए हडडी एवं जोड़ रोग, त्वचा रोग संबंधी निशुल्क जांच शिविर की समीक्षा की गई।आय व्यय का विवरण कोषाध्यक्ष मुकेश कुमार गुप्ता ने प्रस्तुत किया गया। पेंशनरों एवं फैमिली पेंशनरों की विभिन्न समस्याओं के निराकरण के प्रयास किए गए। सचिव बाबूलाल दाना व परामर्श दाता राजेंद्र कुमार जोशी के अनुसार केंद्र सरकार ने आठवें वेतन आयोग के लाभ संबंधी नीति में बदलाव किया। पुराने पेंशनर एवं आठवे वेतन आयोग के लागू होने की तिथि के बाद सेवानिवृत होने वाले पेंशनरों को मिलने वाले परिलाभों में विभेद कर दिया है। केंद्र सरकार का यह कदम पेंशनरों एवं फैमिली पेंशनरों के हितों पर एक कुठाराघात है। पेंशनर एवं फैमिली पेंशनरों को लेकर तहसीलदार, जिला कलक्टर के माध्यम से प्रधानमंत्री, वित्त मंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया जाएगा।

## पंद्रह लाख का डोडा पोस्त बरामद, आरोपी गिरफ्त में

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भीनमाल।** पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान एक कार से करीब 15 लाख मूल्य का डोडा पोस्त बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। दूसरे की तलाश जारी है। पुलिस अधीक्षक ज्ञानचंद्र यादव के निर्देशन में जिलेभर अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के रोकथाम के लिए संचालित अभियान के तहत सोमवार रात्रि को मुखबिर की सूचना पर एसपी ज्ञानचंद्र यादव के निर्देशानुसार जालौर व भीनमाल वृत में नाकाबंदी की गई। इस दौरान एक सफेद कलर की स्विफ्ट कार की तलाशी लेने पर रामसीन पुलिस द्वारा की गई नाकाबंदी तोड़कर भीनमाल की तरफ निकल गई। भीनमाल पुलिस उप अधीक्षक अन्नराजसिंह



राजपुरोहित के निर्देशन व थाना अधिकारी रामेश्वरलाल भाटी के नेतृत्व में नाकाबंदी के दौरान सरहद गजीपुरा में सफेद कलर की स्विफ्ट कार को रुकवाकर तलाशी लेने पर छह कट्टो व एक बोरे में भरा 99 किलो डोडा पोस्त पाया गया। जिसे बरामद कर कार को जब्त किया गया। वही आरोपी पुलिस थाना भीनमाल अंतर्गत लापला की ढाणी पुनासा निवासी धौलाराम उर्फ धीरेन्द्र पुत्र करनाराम तेतरवाल विश्नोई को गिरफ्तार किया गया। जबकि उसके सहयोगी पुनासा निवासी विकास पुत्र किशनाराम जांगू विश्नोई की तलाश जारी है। पुलिस के अनुसार बरामद डोडा पोस्त का बाजार मूल्य करीब 15 लाख रुपए आंका गया है।

# दिल्ली और राजस्थान में गर्मी का सितम, रेड अलर्ट जारी

## मौसम विज्ञानियों ने कहा जलवायु परिवर्तन एवं ग्लोबल वार्मिंग



**नई दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली समेत पूरे उत्तर भारत में भीषण गर्मी का प्रकोप देखने को मिल रहा है। उत्तर प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, पंजाब समेत कई राज्यों में लगातार तापमान में बढ़त देखने को मिल रही है। कुछ शहरों में तो पारा रिकॉर्ड तोड़ रहा है। इस बीच भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने कई राज्यों में हीट वेव को लेकर चेतावनी जारी की है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने अपने ताजा अपडेट में बताया कि अगले दो दिनों तक दिल्ली, पश्चिमी राजस्थान, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, गुजरात के कुछ हिस्सों में हीट वेव का प्रकोप रहेगा।

### पिछले 24 घंटे के मौसम का हाल

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग द्वारा दिए गए ताजा अपडेट के अनुसार, पिछले 24 घंटों में पश्चिमी राजस्थान के अधिकांश हिस्सों में लू की स्थिति रही। वहीं, राजधानी दिल्ली में भी तापमान 40 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया। दिल्ली में सोमवार को इस मौसम की पहली लू चली। मौसम विभाग ने बताया कि गत 24 घंटों में हिमाचल प्रदेश, पंजाब के कुछ स्थानों पर भीषण गर्मी की स्थिति रही। हरियाणा-चंडीगढ़ और पश्चिमी मध्य प्रदेश, गुजरात क्षेत्र के कुछ स्थानों पर भीषण गर्मी की स्थिति रही। वहीं, त्रिपुरा में कुछ स्थानों पर आंधी तूफान देखने को मिला।

### » अगले 24 घंटे के मौसम का पूर्वानुमान

मौसम विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमान में बताया गया कि 09 अप्रैल को पश्चिमी राजस्थान के कई स्थानों पर लू चलने की संभावना है, इसको देखते हुए रेड अलर्ट जारी किया गया है। सोमवार को राजस्थान का बाड़मेर सबसे गर्म रहा। जहां पर तापमान 45 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके अलावा बुधवार को सौराष्ट्र और कच्छ, पूर्वी राजस्थान, पंजाब, हरियाणा चंडीगढ़ और दिल्ली के कुछ स्थानों पर लू चलने की संभावना है। वहीं, 08 से 10 अप्रैल के दौरान पश्चिमी मध्य प्रदेश के कुछ स्थानों पर गर्म रात की स्थिति की संभावना है। इसके साथ राजस्थान, मराठवाड़ा, मध्य महाराष्ट्र और 08 अप्रैल को पंजाब, हरियाणा चंडीगढ़ और दिल्ली में भी भीषण गर्मी का सितम देखने मिल सकता है। मौसम विभाग का कहना है कि आने वाले 2 दिनों तक तापमान में कमी होनी की कोई संभावना नहीं है।

### » इन राज्यों में बारिश की संभावना

जहां एक ओर उत्तर भारत में गर्मी का सितम देखने मिल रहा है। वहीं, दक्षिण भारत के कई हिस्सों में बारिश देखने को मिल रही है। इस बीच मौसम विभाग ने बताया कि 08 और 09 अप्रैल को तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल, तटीय आंध्र प्रदेश और यनम, केरल और माहे, तटीय आंध्र प्रदेश और यनम तेलंगाना, कर्नाटक में गरज, बिजली और तेज हवाओं के साथ हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। इसके अलावा 08 -12 अप्रैल के दौरान पूर्वी और पूर्वोत्तर भारत में भी हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। 09 अप्रैल को बिहार के कुछ हिस्सों में ओलावृष्टि हो सकती है। 09 और 10 अप्रैल को असम और मेघालय में छिटपुट स्थानों पर भारी वर्षा की संभावना है।

### » इसलिए पड़ रही इतनी गर्मी

मौसम विज्ञानियों का कहना है कि अप्रैल में ही इस साल इतनी अधिक गर्मी पड़ने की वजह जलवायु परिवर्तन एवं ग्लोबल वार्मिंग का असर तो है ही, पश्चिमी विक्षोभों का अभाव भी है। मार्च में 90 प्रतिशत तक कम वर्षा दर्ज हुई तो अप्रैल में अभी तक एक बूंद भी नहीं बरसी है। इस पर भी हवा की दिशा अब दक्षिणी पूर्वी हो गई है। राजस्थान की ओर से आ रही गर्म हवा और ज्यादा गर्मी बढ़ा रही है। मौसम विभाग के मुताबिक जब अधिकतम तापमान 40 डिग्री से ऊपर और सामान्य से साढ़े चार से साढ़े छह डिग्री सेल्सियस ऊपर रहता है तो ऐसी स्थिति को लू की स्थिति मानी जाती है।

कांग्रेस के 84वें अधिवेशन का दूसरा दिन

# राहुल गांधी बोले- हम दलित, मुस्लिम-ब्राह्मण में उलझे रहे, ओबीसी हमारा साथ छोड़ गया





**अहमदाबाद।** कांग्रेस कार्य समिति की बैठक में मंगलवार को राहुल गांधी ने कहा कि हम दलित, मुस्लिम और ब्राह्मण में उलझे रहे और ओबीसी हमारा साथ छोड़ गया।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक राहुल ने यह भी कहा- हम मुस्लिमों की बात करते हैं, इसलिए हमें मुस्लिम परस्त कहा जाता है। हमें ऐसी बातों से डरना नहीं है। मुद्दे उठाते रहना है।

### खड़गे बोले- भाजपा-संघ के लोग गांधीजी का चश्मा-छड़ी चुरा सकते हैं, उनके आदर्श नहीं

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मंगलवार को कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल की विचारधारा आरएसएस के विचारों के विपरीत है। यह हास्यास्पद है कि आज वह संगठन, जिसका स्वतंत्रता संग्राम में कोई योगदान नहीं है, उनकी विरासत का दावा कर रहा है। खड़गे ने आरोप लगाया कि आज भाजपा और संघ परिवार के लोग गांधी से जुड़ी संस्थाओं पर कब्जा कर रहे हैं और उन्हें उनके वैचारिक विरोधियों को सौंप रहे हैं। उन्होंने वाराणसी में सर्व सेवा संघ पर भी कब्जा कर लिया है। आप सभी जानते हैं कि गुजरात विद्यापीठ में क्या हुआ।खड़गे ने आरोप लगाया कि गांधीवादी और सहकारी आंदोलन के लोगों को हाशिए पर रखा जा रहा है। ऐसी सोच रखने वाले लोग गांधीजी का चश्मा चुरा सकते हैं और छड़ी मार सकते हैं। लेकिन वे कभी भी उनके आदर्शों का पालन नहीं कर सकते। खड़गे अहमदाबाद में कांग्रेस के 84वें अधिवेशन में बोल रहे थे।

### » भाजपा जानबूझकर नेहरू-पटेल को एक-दूसरे का विरोधी बताती है

उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले कई वर्षों से कई राष्ट्रीय नायकों को लेकर एक सुनियोजित साजिश की जा रही है। कांग्रेस पार्टी के खिलाफ माहौल बनाया जा रहा है, जिसका पिछले 140 वर्षों से देश की सेवा और लड़ाई का गौरवशाली इतिहास है। उन्होंने भाजपा-आरएसएस पर हमला करते हुए कहा कि उनके पास स्वतंत्रता संग्राम में अपने योगदान के रूप में दिखाने के लिए कुछ भी नहीं है। उन्होंने यह दिखाने की साजिश की कि सरदार पटेल और पंडित नेहरू के बीच ऐसा रिश्ता था कि दोनों नायक एक-दूसरे के खिलाफ थे। सच्चाई यह है कि वे एक ही सिक्के के दो पहलू थे।

### » पटेल और नेहरू के किस्से सुनाए

खड़गे ने कहा- कई घटनाएं और दस्तावेज पटेल और नेहरू के सौहार्दपूर्ण संबंधों के गवाह हैं। खड़गे ने 1937 में गुजरात विद्यापीठ में सरदार पटेल के भाषण का हवाला देते हुए एक घटना सुनाई। उन्होंने बताया- उस दौरान नेहरू कांग्रेस के अध्यक्ष थे और गुजरात के युवा चाहते थे कि उन्हें प्रांतीय चुनावों में प्रचार के लिए बुलाया जाए। सरदार पटेल ने 7 मार्च 1937 को कहा था कि जिस दिन गुजरात इस चुनाव आंदोलन में विजयी होकर कांग्रेस के प्रति अपनी वफादारी साबित करेगा, हम कांग्रेस अध्यक्ष नेहरूजी का फूलों से स्वागत करेंगे। आप इस बात से समझ सकते हैं कि सरदार नेहरूजी से कितना प्यार करते थे।

# पुण्यश्लोका रानी अहिल्या बाई होल्कर की 300वीं जयंती पर जयपुर में होगा भव्य नाटक मंचन

## बिड़ला सभागार में 9 अप्रैल को होगा आयोजन, नागपुर से आएंगे 40 कलाकार

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** पुण्यश्लोका रानी अहिल्या बाई होल्कर की 300वीं जयंती के उपलक्ष्य में बुधवार, 9 अप्रैल को बिड़ला सभागार, जयपुर में एक भव्य नाटक का मंचन किया जा रहा है। यह आयोजन विश्वमांगल्य सभा एवं राजस्थान सरकार के सांस्कृतिक एवं पर्यटन मंत्रालय के संयुक्त तत्वावधान में होगा। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य भैया जी जोशी, राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी, दिल्ली से सांसद मनोज तिवारी, विश्वमांगल्य सभा के केंद्रीय परामर्शदाता प्रशांत हरतालकर, सामाजिक कार्यकर्ता नीता बूचरा तथा विश्वमांगल्य सभा की राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री पूजा देशमुख मौजूद रहेंगी।

उल्लेखनीय है कि मातृत्व को समर्पित संस्था विश्वमांगल्य सभा द्वारा देश के 101 जिलों में इस नाटक का मंचन किया जा रहा है, और जयपुर इसका 30वां पड़ाव होगा। नाटक की लेखिका स्वयं संस्था की राष्ट्रीय संगठन मंत्री डॉ. वृशाली जोशी है। इस प्रस्तुति में नागपुर, महाराष्ट्र से आए 40 कलाकार हिस्सा लेंगे।

कार्यक्रम का उद्देश्य रानी अहिल्या बाई होल्कर के जीवन, उनके शासनकाल, सामाजिक कार्यों और आध्यात्मिक दृष्टिकोण को समाज के समक्ष प्रस्तुत करना है। आयोजक मंडल ने जयपुरवासियों से इस ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है।

# राममंदिर में गंगाजल छिड़कने वाले ज्ञानदेव आहूजा भाजपा से निलंबित



**जयपुर।** भाजपा ने पूर्व विधायक ज्ञानदेव आहूजा को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निलंबित कर दिया है। उन्होंने अलवर में एक मंदिर का 'शुद्धिकरण' किया था। इस मंदिर में कांग्रेस नेता टीकाराम जूली भी गए थे। इससे पहले कांग्रेस ने भाजपा पर 'दलित विरोधी' होने का आरोप लगाया था। कांग्रेस ने भाजपा के शीर्ष नेतृत्व से माफी मांगने की मांग की थी। आहूजा ने राम मंदिर में गंगाजल छिड़का था। टीकाराम जूली दलित समुदाय से हैं। उन्होंने मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह में हिस्सा लिया था।

भाजपा के प्रदेश महासचिव दामोदर अग्रवाल ने मंगलवार को आहूजा को कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिन के भीतर जवाब मांगा था। आदेश में कहा गया है, 'भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के निर्देशानुसार आपको तत्काल प्रभाव से भारतीय जनता पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निलंबित किया जाता है।' पत्र में आगे कहा गया है कि यदि आहूजा इन आरोपों पर कोई स्पष्टीकरण देना चाहते हैं तो तीन दिन के भीतर दे सकते हैं। इसके बाद उनके खिलाफ आगे की अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। पत्र में कहा गया है, 'इस मामले में आहूजा के बयान और कृत्य से पार्टी की छवि धूमिल हुई है। उनका कृत्य घोर अनुशासनहीनता की श्रेणी में आता है।'

# एक मई से एक राज्य एक क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक

## वित्त मंत्रालय ने 15 आरआरबी के मर्जर को दी मंजूरी




**नई दिल्ली।** एक मई से देश के हर राज्य में सिर्फ एक क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (आरआरबी) होंगे। दरअसल, वित्त मंत्रालय ने बेहतर परिचालन दक्षता और लागत युक्तिकरण हासिल करने के लिए 11 राज्यों में 15 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के विलय (मर्जर) के लिए नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। इस मर्जर के बाद देश में क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी) की संख्या मौजूदा 43 से संख्या घटकर 28 हो जाएगी।

### » इन राज्यों में होगा बैंकों का विलय

गजट नोटिफिकेशन के मुताबिक, 11 राज्यों- आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, बिहार, गुजरात, जम्मू और कश्मीर, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा और राजस्थान में क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक को क्रमशः एक यूनिट में विलय किया जाना है, ताकि इनमें से हर 'एक राज्य-एक आरआरबी' के लक्ष्य को साकार कर सके। पांच अप्रैल, 2026 की राजपत्र अधिसूचना के मुताबिक, विलय की प्रभावी तिथि 1 मई तय की गई है।

### » एक यूनिट में विलय हो जाएंगे बैंक

नोटिफिकेशन के मुताबिक, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक अधिनियम, 1976 की धारा 23ए(1) के तहत दी गई शक्ति यों के मुताबिक, ये क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक सार्वजनिक हित में और इन संस्थाओं द्वारा सेवा प्रदान किए जाने वाले क्षेत्र के विकास के हित में तथा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के हित में भी एक यूनिट में विलय हो जाएंगे। जैसे यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, केनरा बैंक, इंडियन बैंक और भारतीय स्टेट बैंक द्वारा प्रायोजित चैतन्य गोदावरी ग्रामीण बैंक, आंध्र प्रगति ग्रामीण बैंक, सप्तगिरि ग्रामीण बैंक और आंध्र प्रदेश ग्रामीण विकास बैंक को मिलाकर एक एकल क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक बनाया गया, जिसे आंध्र प्रदेश ग्रामीण बैंक कहा जाता है।

# फर्जी डॉक्टर मामले में बिलासपुर अपोलो को नोटिस

**बिलासपुर।** मध्यप्रदेश के दमोह के मिशन अस्पताल में 7 हार्ट पेशेंट की मौत के आरोपी डॉक्टर नरेंद्र विक्रमादित्य यादव का बिलासपुर कनेक्शन सामने आया है। डॉ. नरेंद्र विक्रमादित्य उर्फ नरेंद्र जॉन केम बिलासपुर में भी कई लोगों की जान ले चुका है। इनमें सबसे बड़ा नाम छत्तीसगढ़ विधानसभा के पहले अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद शुक्ल का भी है।

राजेंद्र प्रसाद अविभाजित मध्यप्रदेश में भी विधानसभा अध्यक्ष रह चुके हैं। उनके बेटे प्रदीप शुक्ल ने ये आरोप लगाए हैं। डॉ नरेंद्र तब बिलासपुर के अपोलो अस्पताल में पदस्थ थे। दिवंगत शुक्ल के बेटे का बयान सामने आने के बाद सीएमएचओ डॉ. प्रमोद तिवारी ने एक्शन लिया। उन्होंने अपोलो अस्पताल प्रबंधन को नोटिस जारी किया है। जवाब मांगा गया है कि, किस आधार पर डॉक्टर की नियुक्ति की गई थी। उसकी शैक्षणिक योग्यता से संबंधित दस्तावेज पेश करने को कहा है। साथ ही पूर्व विधानसभा अध्यक्ष समेत कई लोगों की मौत के मामले में डॉक्टर के खिलाफ क्या कार्रवाई की गई थी। ये जानकारी मांगी गई है। वहीं कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल अपोलो हॉस्पिटल पहुंचकर डॉ नरेंद्र की नियुक्ति और दस्तावेजों से संबंधित जानकारी मांगी है।

# थप्पड़कांड से भड़की हिंसा के पीड़ितों को 30.95 लाख मिलेंगे

## बकरी मरने और टीवी टूटने का भी मुआवजा



**जयपुर।** राजस्थान सरकार ने देवली-उनियारा में विधानसभा उपचुनाव के समय समरावता में हुई हिंसा के पीड़ितों को मुआवजा देने का फैसला किया है। निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीणा के एसडीएम को थप्पड़ मारने की घटना के बाद भड़की हिंसा में हुए नुकसान के लिए सरकार 30.95 लाख रुपए का मुआवजा देगी। गृह विभाग ने इस घटना को सांप्रदायिक दंगों और सामाजिक उपद्रवों की श्रेणी में रखा है। हिंसा में घायलों को 1-1 लाख रुपए, जले-टूटे चौपहिया वाहनों के लिए 1-1 लाख रुपए, दुपहिया वाहनों के लिए 30-30 हजार रुपए, मकानों के लिए 50-50 हजार रुपए और घरेलू सामान के नुकसान के लिए 25 हजार रुपए तक का मुआवजा मंजूर किया है।

### » अब जानिए, किस-किस को मिलेगा मुआवजा...

तीन वाहन मालिकों के नाम-पते अज्ञातः गाड़ियों के नुकसान को लेकर सरकार ने 10 चौपहिया वाहनों के लिए 1-1 लाख रुपए और 39 दुपहिया वाहनों के लिए 30-30 हजार रुपए का मुआवजा तय किया है। 10 चौपहिया वाहनों में से 3 स्थानीय और 7 बाहरी लोगों के थे। वहीं 39 दुपहिया वाहनों में से 10 स्थानीय निवासियों के, 26 बाहर के लोगों के थे और 3 वाहन मालिकों के नाम-पते अज्ञात है। स्थानीय दुपहिया वाहन मालिकों में जीतराम मीणा, चरतलाल मीणा, विमल कुमार मीणा, राजेश मीणा, मुखराज मीना, जगदीश मीणा, रामबिशन मीणा, बीरबल मीणा, गोरु मीणा और बृजराज मीणा शामिल है।

### » सात घायलों को एक-एक लाख

हिंसा में घायल हुए सात लोगों को 1-1 लाख रुपए का मुआवजा दिया जाएगा। घायलों में संजय मीणा, राजंती, बलराम, फूलचंद, कजोड़, दिलबाग और मीठालाल शामिल है।

# बांग्लादेश अब आतंकी देश बनाः हसीना



**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने कहा, 'अल्लाह ने मुझे किसी मकसद से जिंदा रखा है। मैं वापस लौटूंगी। वो दिन जरूर आएगा जब अवामी लीग के नेताओं को निशाना बनाने वालों को इंसाफ के कटघरे में लाया जाएगा।' अवामी लीग की अध्यक्ष हसीना ने यह बात उस वक्त कही जब वो सोशल मीडिया पर अपने पार्टी नेताओं के परिवार वालों से बात कर रही थीं।

पिछले साल अगस्त में बांग्लादेश छोड़ने के बाद से वे भारत में शरण लेकर रह रही हैं। हसीना ने बांग्लादेश सरकार के अंतरिम सलाहकार मोहम्मद यूनुस को लेकर कहा कि वो ऐसा शख्स है जिसे लोगों से कभी मोहब्बत नहीं थी। यूनुस ने गरीबों को छोटे-छोटे कर्ज ऊंची ब्याज दरों पर दिए और इस पैसे से कई देशों में ऐशोआराम की जिंदगी जी। हसीना ने कहा कि उस वक्त हम यूनुस की चालाकी नहीं समझ पाए, इसलिए उसकी मदद करते रहे। लेकिन इससे लोगों को कोई फायदा नहीं हुआ, सिर्फ वह अमीर होता गया। बाद में उसमें सत्ता की भूख पैदा हो गई, जो आज बांग्लादेश को जला रही है।

# जयपुर में एनजीओ नाबालिग लड़कियों को बेच रहा था

## फेसबुक के जरिए शादी करने के लिए फंसाते, देह व्यापार के लिए कर देते सौदा



**जयपुर।** जयपुर के एनजीओ में नाबालिग लड़कियों को बेच रहा था। आरोपी फेसबुक के जरिए नाबालिग लड़कियों के परिवारों को शादी का झांसा देकर फंसाते थे। एजेंटों के माध्यम से बहला-फुसलाकर लाई गई लड़कियों को मोटी रकम लेकर देह व्यापार के लिए बेच दिया जाता था।

मुखबिर की सूचना पर बस्सी थाना पुलिस ने एनजीओ पर छापा मारा। पुलिस ने दबिश में एनजीओ संचालिका समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बस्सी थाना पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है, जिससे और भी खुलासे होने की उम्मीद है। डीसीपी (ईस्ट) तेजस्वनी गौतम ने बताया कि मामले में एनजीओ संचालिका गायत्री विश्वकर्मा (52), भगवानदास (27), महेंद्र (45) और हनुमान सिंह (32) को गिरफ्तार किया है। एक महिला को भी राउंडअप किया गया है। मुखबिर से मिली सूचना पर पुलिस ने बस्सी इलाके में चल रहे सर्वसमाज गायत्री फाउंडेशन पर कार्रवाई की। हृहृ की आड़ में नाबालिग लड़कियों की खरीद-फरोख्त की जा रही थी। पुलिस ने 6 अप्रैल को छापा मारकर आरोपियों को पकड़ा।

डीसीपी ने बताया कि एनजीओ फेसबुक पर प्रचार कर शादी का झांसा देता था। एजेंट (स्काउट) पश्चिम बंगाल, बिहार से गरीब लड़कियों को बहला-फुसलाकर लाते थे। विरोध करने पर गुंडों से पिटवाने की धमकी दी जाती और लड़कियों को डेरे से बाहर नहीं जाने दिया जाता था। गायत्री लड़कियों के फर्जी दस्तावेज बनवाकर मोटी रकम में अवैध शादिया करवाती थी।

# जयपुर पुलिस ने ड्रग्स तस्कर को पकड़ा

**जयपुर।** जयपुर पुलिस ने ड्रग्स तस्कर को मंगलवार दोपहर अरेस्ट किया है। वह स्मैक की तस्करी कर बेचने के लिए लाया था। ड्रग्स को खरीदने के लिए उसके कस्टमर भी पहले से तैयार थे। सांगानेर थाना पुलिस ने आरोपी तस्कर को अरेस्ट कर स्मैक बरामद कर ली है। डीसीपी (क्राइम) कुंदन कंवरिया ने बताया- ड्रग्स तस्करी में आरोपी फैजुल अंसारी (25) पुत्र मुन्ने अंसारी निवासी शेरगढ़ बरेली उत्तर प्रदेश हाल सांगानेर मालपुरा गेट को अरेस्ट किया है। सीएसटी जयपुर के कॉन्स्टेबल आवेश दुबे और ललित कुमार ने ड्रग तस्करी की सूचना पर कार्रवाई की। सीएसटी और सांगानेर थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई कर घेराबंदी कर फैजुल अंसारी को धर-दबोचा।

**तलाशी लेने पर उसके पास स्मैक मिली:-** पुलिस ने आरोपी फैजुल अंसारी को अरेस्ट किया, जिसके कब्जे से मिली 51.74 ग्राम स्मैक को जब्त किया गया। पूछताछ में उसने अपने साथी से स्मैक तस्करी कर लाना बताया। स्मैक की छोटे-छोटे पैकेट बचाकर अपने कस्टमर को बेचना स्वीकार किया।

# राजस्थान में 30 के बजाय 50 हजार को कराएंगे तीर्थयात्रा

## सीनियर सिटीजन के लिए अब एसी ट्रेन, बोगियों पर महापुरुषों के चित्र



**जयपुर।** वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना में इस साल से कई बदलाव होने जा रहे हैं। राज्य सरकार बुजुर्गों के लिए तीर्थ यात्रा आकर्षक और आरामदायक बनाने जा रही है। स्लीपर के बजाय इस बार एसी ट्रेन होगी। इसके अलावा 10 सालों में पहली बार यात्रियों की संख्या में भी इजाफा कर दिया गया है। अब 30 हजार के बजाय 50 हजार वरिष्ठ नागरिकों को यात्रा कराई जाएगी। यात्रा में राजस्थान की कला-संस्कृति,पर्यटन और आध्यात्म की भी झलक देखने को मिलेगी।

वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना की ट्रेन का स्वरूप इस बार बदला-बदला नजर आएगा। देवस्थान विभाग के मंत्री जोराराम कुमावत ने अधिकारियों को राजस्थानी शैली के अनुरूप कस्टमाइज डिजाइन तैयार करने के निर्देश दिए हैं। ट्रेन को इस प्रकार से डिजाइन किया जाएगा कि दूसरे राज्यों में भी ये आकर्षण का केंद्र बन सके। विशेष ट्रेन के बाहरी हिस्सों पर राजस्थानी कला-संस्कृति की झलक दिखने के साथ ही प्रमुख पर्यटन स्थलों-धरोहर,धार्मिक स्थल और महापुरुषों के चित्र उकेरे जाएंगे। हालांकि, इंटीरियर में बदलाव की गुंजाइश नहीं है, लेकिन ट्रेन की खिड़कियों और गेट की भी सजावट की जा सकती है।

### » सामान्य स्लीपर के बजाय एसी ट्रेन में यात्रा

साल 2013 से जारी योजना में अब तक सामान्य स्लीपर ट्रेन में यात्रा का प्रावधान किया हुआ था। इस बार ये यात्रा एसी ट्रेन में होगी। दरअसल,ये तीर्थ यात्रा गर्मियों के दिनों में होती है। ऐसे में नॉन एसी होने के कारण बुजुर्गों के लिए थोड़ी मुश्किल भरी होती है। देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत ने बताया कि एसी ट्रेन होने से बुजुर्गों के लिए यात्रा आरामदायक होगी।

### » पहली बार यात्रियों की संख्या व बजट बढा

अब तक वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना में ट्रेन से 30 हजार यात्रियों को यात्रा कराने का प्रावधान था। इस साल से अब 50 हजार यात्रियों को तीर्थ स्थलों की यात्रा कराई जाएगी। यात्रियों की संख्या में इजाफा करने के पीछे मुख्य कारण यह है कि पिछले साल प्रदेशभर से करीब डेढ़ लाख आवेदन आए थे। ऐसे में ज्यादा से ज्यादा वरिष्ठ नागरिकों को यात्रा कराने के उद्देश्य से संख्या में बढ़ोतरी की गई है। इसके अलावा इस बार बजट भी बढ़ाया गया है। पिछले साल करीब 8 6 करोड़ का बजट खर्च किया गया, लेकिन इस बार इसे बढ़ाकर 113 करोड़ कर दिया गया है। हालांकि हवाई जहाज से काठमांडू की तीर्थयात्रा के लिए 6 हजार यात्रियों की संख्या पूर्व की तरह ही रखी गई है।

स्वत्वाधिकारी - नारायण पब्लिकेशन प्रा. लि., प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक, हेमल पुरोहित के लिए अम्बर ऑफसेट प्रा. लि., डी.एल. टॉवर, 3-ए, विद्याश्रम संस्थानिक क्षेत्र, जे.एल.एन. मार्ग, जयपुर से मुद्रित एवं कोरल स्टूडियो-1, प्लॉट नं. बी-64/65 , फ्लैट नं. 106, सहकार मार्ग, इमली फाटक, जयपुर से प्रकाशित। रजि. नं. RAJHIN/2009/31386 सम्पादक- हेमल पुरोहित। सम्पर्क करें: 0141-6766677, 0141-2743001, e-mail : Jtjaipur@gmail.com